सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
25.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 132

12 फीफा वर्ल्ड कप : स्विट्जरलैंड ने कैमरून को 1-0 से हराया

# छात्र संसद में सड़क सुरक्षा विधेयक ध्वनिमत से पारित

## झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर बाल संसद

## 24 जिलों के 24 बच्चों ने चलाया सदन, ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** द्वितीय बाल संसद में गुरूवार को सड़क सुरक्षा विधेयक पारित किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की मौजूदगी में चयनित बच्चों ने सदन चलाने की प्रक्रिया को दोहराया। इस दौरान चयनित बच्चों ने बेबाकी से सवाल उठाया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यह सब कुछ झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर किया गया था। सदस्यों ने हिट एंड रन, बिजली संकट जैसी समस्याओं पर छात्र संसद में सवाल उठाये। बाल संसद में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी, दीपिका पांडे सिंह, अमित मंडल आदि उपस्थित थे। द्वितीय झारखंड छात्र संसद का आयोजन झारखंड विधान सभा एवं संसदीय शोध के संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के संयुक्त तत्वधान में किया गया। इस छात्र संसद में राज्य भर के 24 जिलों से 24 छात्रों ने भाग लिया। इन सब छात्रों का चयन कठिन प्रतियोगिता के बाद किया गया। (शेष पेज 11 पर)

### पीयूष, मुस्कान व साक्षी को पहला, दूसरा व तीसरा स्थान

सदन की कार्यवाही में छात्रों का प्रदर्शन आंकने के लिए अनुभवी एवं युवा विधायकों का एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। स्पीकर श्री महतो, प्रो स्टीफन मराण्डी, सीपी सिंह, अमित कुमार मंडल, दीपिका पाण्डेय सिंह ने निर्णायकों की भूमिका निभायी। एक कड़ी प्रतिस्पर्धा में पीयूष कुमार को प्रथम स्थान, मुस्कान कुमारी सिन्हा को द्वितीय एवं साक्षी प्रिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनें युवाः स्पीकर

कार्यक्रम के दौरान बोलते स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सहभागी बनना चाहिए। इन प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना चाहिए। यह सिर्फ जरूरी नहीं है कि वह बड़े होकर भविष्य में राजनीति में शामिल हो, बल्कि एक सजग नागरिक के रूप में इस व्यवस्था के बारे में अवश्य जानना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से यह छात्र जब अपने जिलों में लौटेंगे तो अन्य लोगों को जागरूक करायेंगे। सभी 24 छात्रों को सघन प्रशिक्षण विधान सभा के कर्मियों एवं पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया था।

## न्यूज डायरी

### राज्य वन सेवा के 8 अफसर बने आइएफएस

**रांची।** यूपीएससी की मुहर के बाद राज्य वन सेवा के 8 अधिकारियों को भारतीय भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति दे दी गयी है। दिल्ली में हुई यूपीएससी की बैठक में राज्य वन सेवा के सुनील कुमार, एसपी सिंह, ओमप्रकाश, शशि कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, शिव कुमार प्रसाद, अजय कुमार और तारकनाथ के नामों पर यूपीएससी ने मुहर लगायी और भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत करने की सिफारिश कर दी है। बैठक में यूपीएससी के दो सदस्यों सहित राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एल ख्यांगते व प्रधान वन्य संरक्षक संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### आसिम मुनीर बने पाक के नये सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को बृहस्पतिवार को देश का नया सेना प्रमुख चुना। वह निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा (61) की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। सूचना मंत्री ने ट्विटर पर लिखा कि मुनीर को देश की शक्तिशाली सेना का नया प्रमुख बनाया गया है। आसिम मुनीर को अक्टूबर 2018 में इंटेलीजेंस चीफ नियुक्त किया गया था।

### ग्रीन हाइड्रोजन हब बनेगा गुजरातः मोदी

**पालनपुर।** पीएम मोदी ने गुरूवार को कहा कि गुजरात आने वाले दिनों में ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने जा रहा है। पेट्रोल डीजल से चलने वाली कारें ग्रीन हाइड्रोजन से चलें हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने यहां चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं पांच मुद्दों पर बात करना चाहता हूं। प से पालनपुर है तो प से पर्यटन, पर्यावरण, पानी, पशुधन और पोषण। ये पांच मुद्दे एसे हैं जो शायद चुनाव की चर्चा में नहीं आये होंगे।

### नौसेना को मिला मोरमुगाओ युद्धपोत

**नयी दिल्ली।** अत्याधुनिक मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस मोरमुगाओ युद्धपोत आज नौसेना को मिल गया जिससे उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है।

### राहुल की पदयात्रा में प्रियंका भी शामिल

**खंडवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुरुवार सुबह मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के बोरगांव से प्रारंभ हुई। पदयात्रा में उनके साथ पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुई। यह पहला मौका है जब पदयात्रा में उनके साथ प्रियंका शामिल हुई हैं।

### टाटा की हो सकती है बिसलेरी इंटरनेशनल

**मुंबई।** सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड थम्स अप, गोल्ड स्पॉट और लिम्का को कोका-कोला को बेचने के लगभग तीन दशक बाद, रमेश चौहान बिसलेरी इंटरनेशनल को बेचने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) बिसलेरी को 6,000-7,000 करोड़ रुपए में खरीद रहा है। बिसलेरी के चेयरमैन रमेश चौहान ने कहा कि वह अपने पैकेज्ड पानी के कारोबार के लिए वह एक खरीदार की तलाश कर रहे हैं। टाटा कंज्यूमर सहित कई प्लेयर्स से बात कर रहे हैं। टाटा के साथ 7,000 करोड़ की डील अभी फाइनल नहीं हुई है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 49,600 रु./10 ग्राम
चांदी : 64,500 रु./प्रति किलो

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 24 घंटे में चुनाव आयुक्त गोयल की नियुक्ति कैसे

## फैसला सुरक्षित, चुनाव आयोग को यस मैन नहीं होना चाहिए

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से पूछा कि चौबीस घंटे के भीतर कैसे जांच पड़ताल कर दी गयी। संविधान पीठ ने इतनी तेजी से जांच पूरी कर चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति पर सवाल उठाये। कोर्ट ने इस पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस केएम जोसेफ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी याचिका की सुनवाई में केंद्र से पूछा कि अगर कोई चुनाव आयुक्त शिकायत के बावजूद पीएम के खिलाफ कार्रवाई न करे, तो क्या यह व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने की स्थिति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को सरकार की हां में हां मिलाने वाला नहीं होना चाहिए। कोर्ट के आदेश पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने संविधान पीठ को अरुण गोयल की निर्वाचन आयुक्त पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया से संबंधित फाइल सौंपी।

सरकार ने कहा कि नियुक्ति की ओरिजिनल फाइल की प्रतियां पांचों जजों को दी गयी गयी है। जस्टिस अजय रस्तोगी ने इतनी तेज रफ्तार से फाइल आगे बढ़ने और नियुक्ति करने पर सवाल उठाये। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वो सभी बातों का जवाब देंगे, लेकिन अदालत उन्हें मौका दे। इस दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि विधि और न्याय मंत्रालय ही संभावित उम्मीदवारों की सूची बनाता है, फिर उनमें से सबसे उपयुक्त का चुनाव होता है।

जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि 15 मई को पद खाली हुआ। क्या आप हमें बता सकते हैं कि सरकार ने इस पर नियुक्ति के लिए जल्दबाजी क्यों की। उसी दिन क्लीयरेंस, उसी दिन नोटिफिकेशन, उसी दिन एक्सेप्टेंस। फाइल 24 घंटे भी नहीं घूमी। यह तो प्रकाश गति से चली है। कोर्ट ने कहा कि यह पद 15 मई से खाली था, और अब इस पर बिजली की रफ्तार से काम किया गया। न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि अदालत एक 'यस मैन' (हां में हां मिलाने वाला व्यक्ति) की नियुक्ति को लेकर चिंतित है और पूछा कि कानून मंत्री द्वारा आयु मानदंड के आधार पर सैकड़ों लोगों के डेटा से चार नामों को शॉर्टलिस्ट करने का क्या आधार है।

## दिल्ली के ट्रेड फेयर में झारखंड दिवस समारोह में सीएम बोले

# आदिवासी व मूलवासी बना रहे अलग पहचान

## झारखंड की पारंपरिक कला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी आज अलग पहचान बना रहे हैं। श्री सोरेन गुरूवार को नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देशवासी झारखंड आकर प्रकृति का आनंद लें। झारखंड में आप सभी का स्वागत है। यहां आकर देखिये झारखंड कितना खूबसूरत है और यह आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस राज्य जब आप आयेंगे तब यहां की धरा आपका दिल मोह लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि आदिवासी और मूलवासी शैक्षणिकए सामाजिक और राजनीतिक तौर पर अपनी अलग पहचान बनाने में लगे हैं। आज झारखंडी हर जगह एक प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे हैं। हर किसी में अपनी क्षमता और हुनर है। इसके बल पर वह अपनी पहचान बनाता है।

**कलाकारों का हौसला बढ़ाया :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड ने पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल होकर एक अमिट छाप छोड़ा। झारखंड दिवस समारोह में पाईका, पंच-परगनिया, मुंडारी, मानभूम छऊ, नागपुरी नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने सबका मन मोहा। (शेष पेज 11 पर)

### कभी पढ़ाई के क्रम में प्रगति मैदान आया था, आज अतिथि हूं

**सीएम** ने कहा कि जिस प्रगति मैदान में वर्षों पहले पढ़ाई के दौरान आया था। आज वहां अतिथि के रूप में आया हूं। उन्होंने कहा झारखंड के जिस परिवार को दो वक्त का भोजन सही से नहीं मिल पाता था। उस परिवार के बच्चे खेल में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन सभी हुनरमंद बच्चों को वर्तमान सरकार तराशने में लगी है। उनकी सरकार आने वाली पीढ़ी को उनके लिए बेहतर मार्ग प्रशस्त करने को प्रतिबद्ध हैं।

## माओवादियों के पीएलजीए सप्ताह को ले पुलिस अलर्ट

**रांची।** माओवादियों ने दो से 8 दिसंबर के बीच पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) सप्ताह मनाने का सर्कुलर जारी किया है। माओवादी सेंट्रल कमेटी की ओर से इस संबंध में जारी सर्कुलर को देखते हुए झारखंड पुलिस अलर्ट हो गयी है। 2 से 8 दिसंबर तक माओवादी विशेष रणनीति के तहत काम करेंगे। आशंका है कि पीएलजीए सप्ताह के दौरान माओवादी आमलोगों को एसपीओ करार देकर हत्या, पुल पुलिया या रेलवे ट्रैक को उड़ाने, विकास योजनाओं को बाधित करने जैसे वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। आइजी अभियान अमोल वी होमकर ने सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिये हैं। माओवादियों की शीर्ष सेंट्रल कमेटी के सर्कुलर में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की 22 वीं वर्षगांठ पर देशभर में वर्ग संघर्ष और गुरिल्ला युद्ध को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आईजी होमकर ने बताया कि एसपी को निर्देश दिया है, ताकि खतरनाक सुरक्षा कैंपों को विशेष अलर्ट पर रखा जाये।

## उद्घाटन के साथ ही रांची में तीन दिवसीय एक्सपो मेला शुरू




# सीओ समेत तीन के खिलाफ एसीबी जांच की सीएम ने दी मंजूरी

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर सरकार अडिग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहे हैं। जामताड़ा के तत्कालीन सीओ समेत तीन लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जांच करेगा। इसे लेकर गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी स्वीकृति दे दी है। जामताड़ा के तत्कालीन अंचलाधिकारी हेमा प्रसाद समेत तीन अधिकारियों पर मिहिजाम थाना अंतर्गत बुटकेरिया मौजा में अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री करने आरोप लगा है। ये मामला सात साल पुराना है। शिकायतकर्ता ने तत्कालीन सीओ हेमा प्रसाद, तत्कालीन सीआइ इस्माईल टुडू और अन्य के खिलाफ पीइ दर्ज करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### फरार रहने पर कुर्की जब्ती का निर्देश

आवेदन के अनुसार, इस संबंध में जामताड़ा थाना में आइपीसी की धारा 420,406, 409,468, 471 एवं 120 बी के तहत कांड संख्या 47/16 दर्ज किया गया था। आवेदन से यह स्पष्ट होता है कि इस कांड में सभी नौ प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला सत्य पाते हुए उन्हें अविलंब गिरफ्तार करने और फरार रहने की स्थिति में कुर्की जब्ती करने का आदेश दिया गया था। वहीं फरार रहने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने एवं उचित माध्यम से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रतिवेदन समर्पित करने तथा पर्यवेक्षण में लंबित अन्य निदेर्शों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

# गुलाबी टंड के आगोश में सजी शब्दों की महफिल

## कुमार विश्वास की कविता, व्यंग्य की धारा में डूबते-उतराते रहे श्रोता

**उदय चौहान**



**रांची।** गुलाबी ठंड के आगोश में शब्दों की महफिल सजी। मौका था विधानसभा की 22 वीं वर्षगांठ के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का। कार्यक्रम में देश के चर्चित कवि कुमार विश्वास ने शब्दों की नयी परिभाषा सीखने का मंत्र बताया। उन्होंने राजनेताओं की बिवशता पर चुटकी ली। कहा कि कभी-कभी रांची बचाने के लिए दिल्ली उड़ना जरूरी होता है। भाजपा पर चुटकी ली कि उसके नेता राजनीतिक फिल्टर बन जाते हैं। राज्य के चर्चित विधायक सरयू राय का उदाहरण देकर कहा कि वे खुद अपने घर में राजनीतिक फिल्टर बन बैठे। इसी प्रकार मंत्री बादल पत्रलेख पर भी चुटकी ली

### शंभु शिखर ने जब सुनाया : 19 थी तुम, हमने चाहा 20 की तरह, मंडप में तुम पलट गयी नीतीश की तरह

और सांसद महुआ माझी को उनका विवाह कराने की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। रघुवर दास व सरयू राय के बीच तल्खी को पाटने के लिये भाजपा को नयी नसीहत दे डाली। कुमार विश्वास के कविता कलश में किस्म-किस्म की कविता थी। इन कविताओं में राष्ट्र प्रेम, देश निर्माण, राजनीतिक ब्यंग्य बाण व हंसी-ठिठोली भी थी। इस दौरान उन्होंने नेहरू और सावरकर की निंदा करने वाले पर जमकर खरी खोटी सुनायी। नेहरू ने जो लाइन खींची, उससे बड़ी लकीर खींच देने की बात कही। कार्यक्रम की शुरूआत में पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख ने नागपुर कर कोरा...नागपुरी से श्रोताओं को गौरव बोध कराया। वहीं, मुकुंद नायक ने नागपुरी डमकच से श्रोताओं को बांधे रखा। (शेष पेज 11 पर)

# जामा मस्जिद में लड़कियों की एंट्री बैन आदेश वापस

## इमाम बुखारी ने की घोषणा, एलजी व कई संगठनों ने की थी आपत्ति

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** चौतरफा विरोध के बाद दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद लड़कियों के प्रवेश पर लगाया गया प्रतिबंध वापस ले लिया गया। अब जामा मस्जिद में लड़कियां प्रवेश कर सकेंगी। दिल्ली के उपराज्यपाल ने भी इस पर हस्तक्षेप किया और शाही इमाम बुखारी से बात की। लड़कियों का प्रवेश प्रतिबंधित करने वाले आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया। शाही इमाम ने प्रतिबंध वापस लेने की घोषणा की। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले में जामा मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी किया था। साथ ही स्पष्टीकरण मांगने के साथ उनसे महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने को लेकर आगाह किया था। इससे पहले मस्जिद प्रशासन की ओर से लड़कियों के प्रवेश को लेकर बैन का आदेश जारी किया गया था।

**पवित्रता का सम्मान जरूरी : बुखारी :** उपराज्यपाल की अपील पर इमाम बुखारी ने सहमति जतायी और आदेश वापस लेने का फैसला किया। (शेष पेज 11 पर)

स्पीड न्यूज

## किसानों को दिया गया उन्नत किस्म के बीज

**चांडिल।** गुरुवार को कृषि तकनीकी एवं सूचना केंद्र चांडिल में 75 किसानों के बीच सरसों के बीज का वितरण किया गया। प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधन जयपाल गोप ने बताया राष्ट्रीय खाद्य मिशन के तहत किसानों को उन्नत किस्म के सरसों के बीज प्रखंड कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। मौके पर बीएओ स्वपन गोप, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमिताभ मांझी, सहायक तकनीकी प्रबंधक जयपाल गोप सहित कई उपस्थित थे।

## आमबेड़ा में उत्पाद विभाग का छापा, अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

**जमशेदपुर।** उत्पाद विभाग की कार्रवाई में एमजीएम थाना अंतर्गत आमबेड़ा में 01 अवैध महुआ शराब चुलाई भट्ठी को ध्वस्त किया गया। गोविंदपुर थाना अंतर्गत गडरूबासा एवं बिरसानगर थाना अंतर्गत लालटांड़ में अवैध शराब बिक्री स्थलों में छापामारी कर अवैध बरामद कर जब्त किया गया तथा 04 अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। 01 अवैध शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## बोलेरो ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी, एक घायल

**गम्हरिया।** कांड्रा टॉल प्लाजा के समीप गुरुवार की दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में कांड्रा थाना के वाहन चालक रविंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज हेतु टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालक रविंद्र कुमार बोलेरो वाहन लेकर गम्हरिया से कांड्रा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो के आगे चल रहे एक ट्रैक्टर को पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे थाना के अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर-2 की परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति को स्नातकोत्तर सेमेस्टर 2 की परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। छात्र नेता कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि स्नातकोत्तर सत्र 2021-23 सेमेस्टर 2 के विद्यार्थीयों का विगत अगस्त माह में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हुई है, जिसके बाद त्योहारों की छुट्टियां शुरू हो गई। सीबीसीएस के तहत जितनी कक्षाएं चलनी चाहिए थी और जितने सिलेबस कंप्लीट किया जाना चाहिए था उसका 20 प्रतिशत भी नहीं हुआ है और विगत 7 नवंबर को सेमेस्टर 2 परीक्षा फार्म तिथि घोषित की गई और आगामी 7 दिसंबर से परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है कक्षाएं नहीं चलने और पढ़ाई नहीं होने के कारण कॉलेज द्वारा इंटरनल एग्जाम भी नहीं लिया गया है ऐसे में पीजी सेमेस्टर 2 की एक्सटर्नल परीक्षा को लेकर हतोत्साहित है। अतः परीक्षा तिथि को बढ़ाया जाए अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत गांजिया बराज के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि बाइक सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। नवदीप मंडल गम्हरिया से अपनी बाइक पर पत्नी नमिता मंडल और बुआ चौपाला मंडल को लेकर किसी संबंधी के घर श्राद्धकर्म में शामिल होने राजनगर की ओर जा रहे थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-जी-आरएनसी-एलएडी-टीओआरआई-16-22, दिनांक 24.11.2022। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 15.12.2022 को अपराह्न 04.00 बजे या उसके पश्चात खोले जाने के लिए निर्धारित है। संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम: लोहारडागा : आवश्यक एफओबी, पीएफ शेल्टर एवं अन्य सुविधाओं के साथ नये आइलैंड प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए संबंधित विद्युतीय कार्य। कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 18,80,567.40। ईएमडी/बोली प्रतिभूति: ₹ 37,600/-। निविदा बंद करने की तारीख एवं समय: 15.12.2022 को अपराह्न 04.00 बजे। वेबसाइट का विवरण : https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। (PR-828)

# श्रीश्री बजरंग अखाड़ा विजय मंदिर में आज फेरे लेंगे पांच जोड़े

➲ सामूहिक विवाह की तैयारी पूरी, गुरुवार को दुल्हनों को लगी महंदी

खबर मन्त्र ब्यूरो





मेहंदी रस्म के पश्चात वधुओं को शादी का जोड़ा प्रदान करतीं रुपचंद्र, सपना सिंह व अन्य महिलाएं और विजय बजरंग मंदिर के बगल में तैयार हो रहा विवाह मंडप।

**जमशेदपुर।** श्री श्री बजरंग विजय मंदिर जम्मू अखाड़ा समिति, भालूबासा द्वारा शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन को आज अंतिम रूप दे दिया गया। गुरुवार को दुलहनों के लिए मेंहदी की रस्म हुई। इस अवसर पर दुलहनों को शादी का जोड़ा एवं आभूषण भी दिए गए। मेहंती रस्म पर श्रीमती सपना सिंह, रुपा चंद्र, काकुली मुखर्जी, रीतिका श्रीवास्तव, आरती मुखी, रंजीता रॉय आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

बता दें कि यह विवाह समारोह अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह समारोह मंदिर परिसर में शुक्रवार की सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा और जोड़ों का विवाह कराने के लिए पारंगत ब्राह्मण पुजारी उपस्थित रहेंगे। इसके लिए बजरंग बली मंदिर और शिवमंदिर के बीच में भव्य मंडप बनाया गया है। विवाह समारोह में आयोजकों के अलावा वर-बधु पक्ष से 20-20 लोग उपस्थित रहेंगे।

**कोलकाता से आ रहा शहनाई दल :** विवाह समारोह को उत्साह पूर्ण माहौल देने के लिए कोलकाता से शहनाई वादकों की टीम आ रही है और विवाह स्थल को सजाने के लिए कोलकाता से फूल भी मंगाए जा रहे हैं।

**विवाह के बाद दांपत्य जीवन शुरू करने को दिये जायेंगे आवश्यक उपहार :** विवाह के बाद पांचों जोड़ों को तमाम उपहार भी दिये जायेंगे। वर को शादी का जोड़ा, पगड़ी, जूता, पैंट, शर्ट, टी शर्ट, जींस पैंट, हाथ घड़ी, चाबी, चांदी का ब्रेसलेट, तौलिया, साज सज्जा की सामग्री दी जायेगी। जबकि वधू को शादी का जोड़ा के रूप में बनारसी साड़ी, चुनरी, चार पीस साड़ी, एक सूट पीस, एक नाइटी के साथ चप्पल का सेट दिया जायेगा। साथ ही वधू को चांदी का मंगलसूत्र पायल एवं बिछिया भी दी जाएगी। वधु को सोने की नाक फूली और 115 सेट का स्टील बर्तन, पलंग, गद्दा, तकिया, कंबल के अलावा अलमीरा भी बतौर उपहार दिया जायेगा।

### इन जोड़ों का आज होगा विवाह

- सीतारामडेरा निवासी आयुष्मान सजल कुमार चौधरी का विवाह आयुष्मति रांची चेरी टोला निवासी रोशनी कुमारी के साथ कराया जायेगा।
- सीतारामडेरा निवासी आयुष्मान मजनू नाग का विवाह बागुननगर निवासी आयुष्मति लक्ष्मी मुंडा से कराया जायेगा।
- सिदगोड़ा फौजा बगान निवासी आयुष्मान दीपक दास का शुभ विवाह ओरमांझी रांची निवासी आयुष्मति संगीता कुमारी के साथ कराया जाएगा।
- नंद नगर कानू भट्ठा निवासी आयुष्मान रोहन गोडसे का विवाह शनकोषाई मानगो निवासी आयुष्मति ममता गोडसेरा के साथ होगा।
- इसी तरह बिरसा नगर निवासी आयुष्मान राहुल देव का शुभ विवाह बिरसानगर रोड नंबर 4 निवासी आयुष्मति किरण तांती के साथ कराया जायेगा।

### कमल किशोर सिंह जंबू के परामर्श पर हो रहा सामूहिक विवाह समारोह



कमल किशोर जम्बू।

आयोजन समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में अपने पिता श्री कमल किशोर जम्बू के परामर्श पर आयोजित कर रहे हैं और हमें खुशी है कि इस विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए 100 स्वयंसेवकों की टीम दिन-रात काम कर रही है। समारोह में नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए पूर्वी सिंहभूम की डीसी श्रीमती विजय जाधव एसएसपी प्रभात कुमार एसडीओ यूज सिन्हा या तैयार डीएसपी समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारियों कोल्हान के विधायकों मंत्रियों और जिला परिषद के सदस्यों एवं राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

# कल से दो दिवसीय क्रिएटिविटी ओलंपियाड- 2022 : प्रबल घोष

■ देश भर से 21 स्कूलों के छात्र दिखायेंगे अपनी वैज्ञानिक सृजनशीलता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंस्टीट्यूशन आफ इंजिनियर्स इंडिया की जमशेदपुर शाखा के तत्वावधान में स्कूली छात्र-छात्राओं के भीतर वैज्ञानिक सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड का आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को इंजीनियर हॉल साकची में किया जाएगा। ओलंपियाड में जमशेदपुर के पांच और देश के अन्य हिस्सों से 16 स्कूलों समेत कुल 21 स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं।

उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में इंस्टीट्यूशन आफ इंजिनियर्स इंडिया जमशेदपुर शाखा के चेयरमैन एवं टाटा स्टील में शेयर्ड सर्विसेज डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट प्रवाल घोष ने दी। इस अवसर पर उनके साथ संगठन के सचिव अनुराग अग्निहोत्री और एसडी भट्टाचार्य जी भी उपस्थित थे।

श्री घोष ने बताया कि क्रिएटिविटी ओलंपियाड के डायरेक्ट डोमेन वाले फर्स्ट कैटेगरी में शहर के 5 स्कूलों की टीमों का चयन किया गया है। इन टीमों में लोयला स्कूल जमशेदपुर, चिन्मया विद्यालय टेल्को, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल और राजेंद्र विद्यालय की टीम में शामिल हैं। ओलपियाड में जमशेदपुर के अलावा कानपुर, पटना, अलीगढ़, भुवनेश्वर, तिरुपति, बोकारो, रांची, दुगार्पुर और चाईबासा आदि शहरों से स्कूलों की टीमों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।





संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्रबल घोष। साथ में एसडी भट्टाचार्यी और अनुराग अग्निहोत्री।

चेयरमैन प्रबल घोष ने बताया कि क्रिएटिविटी ओलंपियाड का उद्घाटन 26 नवंबर की सुबह 9:15 बजे मुख्य अतिथि एवं मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती आशा तिवारी करेंगी जबकि अगले दिन यानी 27 नवंबर की शाम 6:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह सह समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के एमडी आरएन मूर्ति मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। पूरा आयोजन इंजीनियर हॉल में किया जायेगा।

चेयरमैन प्रबल घोष ने बताया कि क्रिएटिविटी ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में सृजनात्मक वैज्ञानिक सोच को विकसित और प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार डायरेक्ट डोमेन के लिए थीम रखा गया है एक्सप्लोइटिंग फ्लुएड पावर ए ग्रीन अर्थ। प्रतिभागी टीमों को सभी आर्ट्स और क्राफ्ट मटेरियल इवेंट के दौरान उपलब्ध कराए जाएंगे और उन्हें एक निर्धारित अवधि में अपने मॉडल तैयार करने होंगे। शीर्ष तीन विजेता टीमों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यहां तक की स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे।

एक नजर में



एक छात्रा को प्रमाण पत्र सौंपते सांसद संजय सेठ। साथ में चेयरमैन प्रो जटाशंकर पांडेय व अन्य।

## नारायण आईटीआई के दीक्षांत समारोह में 65 छात्रों को सांसद ने सौंपा प्रमाण पत्र

**जमशेदपुर/चांडिल।** नारायण आईटीआई चांडिल लुपुंगडीह मे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नारायण आईटीआई संस्थान से उत्तीर्ण हुए लगभग 65 छात्रों के बीच उत्तीर्ण प्रमाण पत्र रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ के हाथों से दिया गया। संस्थान के संस्थापक प्रोफेसर जटाशंकर पांडे ने कहा कि पूरे सूबे में एकमात्र संस्थान नारायण आईटीआई में डिप्लोमा इन सेफ्टी मैनेजमेंट का कोर्स कराया जाता है। इस कोर्स से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का चयन झारखंड सरकार के सेफ्टी ऑफिसर के पद पर चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा संस्थान से उत्तीर्ण हुए इलेक्ट्रिशियन एवं फिटर ट्रेड के सभी छात्रों को केंपस सिलेक्शन के माध्यम से नौकरी दिया जाता है। सांसद संजय सेठ ने कहा बच्चों के कौशल विकास के लिए जरूरत पड़ी तो मंत्री के पास भी जाएंगे। उन्होंने कहा कोई काम छोटा नहीं होता, छात्रों के मन में सीखने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। किसी भी कंपनी में दुर्घटना से बचने के लिए सेफ्टी का ज्ञान अति आवश्यक है। सांसद ने सभी उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर नीमडीह थाना प्रभारी अमित गुप्ता, एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, जयंत बनर्जी, पवन महतो, विशाल चौधरी, आकाश महतो, विश्वनाथ मंडल व कई लोग उपस्थित थे।

## ... पहली पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक साधुचरण को नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चांडिल।** चांडिल के घोड़ानेगी स्थित डैम कॉलोनी मैदान में ईंचागढ भाजपा के पूर्व विधायक स्व साधुचरण महतो की पहली पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में रांची लोस के भाजपा सांसद संजय सेठ, पश्चिम बंगाल पुरुलिया सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, पूर्व आईएएस अधिकारी जेबी तुबिद, गणेश माहली, बोनु सिंह सरदार, स्व साधुचरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो शामिल हुई। लोगों ने स्व साधुचरण महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया नमन। पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित की गई जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। स्व साधुचरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो मंच पर बोलने के दौरान उनके आंखों से आंसू झलक पड़े। लोगों ने उनको ढाढ़स बंधाया।

**श्रद्धांजलि सभा में ये थे मौजूद :** जिला अध्यक्ष विजय महतो, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चौधरी महतो, पूर्वी सिंहभूम के सांसद विद्युतवरण महतो के पत्नी उषा रानी महतो, राकेश जायसवाल उर्फ दीपू, रामकृष्ण महतो, खोगेन महतो, मृत्यूंजय कुमार, आकाश महतो, स्नेहा महतो आदि उपस्थित थे।

# भाजपा का डीसी ऑफिस पर आक्रोश प्रदर्शन आज

■ पूर्व सीएम रघुवर, सांसद जयंत सिन्हा, विद्युतवरण महतो समेत कई वरिष्ठ नेता भी करेंगे शिरकत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था और खनिज संपदाओं की खुली लूट जैसे मुद्दे को लेकर भाजपा शुक्रवार को विशाल आक्रोश प्रदर्शन करेगी। आक्रोश प्रदर्शन की सफलता और तैयारियों के निमित्त गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्षों की बैठक ली। साकची स्थित जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के दौरान कई आवश्यक चर्चा कर प्रदर्शन को पूर्ण रूप से सफल बनाने की दिशा में विस्तृत वार्ता की गई। शुक्रवार को प्रस्तावित आक्रोश प्रदर्शन को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि हेमंत सरकार के खिलाफ कार्यकर्ताओं व आमजनों में आक्रोश व्याप्त है।



अंतिम तैयारी बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव।

## रिटायर डीएसपी की बेटी को दहेज में इनोवा न मिलने पर ससुराल से निकाला

**जमशेदपुर।** बिरसानगर के रहने वाले रिटायर डीएसपी एफकेएन कुजूर की बेटी को उसके ससुलवालों ने इस कारण से घर से निकाल दिया क्योंकि दहेज में डीएसपी ने दामाद को इनोवा कार नहीं दिया था। प्रियंका पायल कुजूर की शादी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जसवंत सिंह डेनियल के साथ चार साल पहले हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग दहेज में कार की मांग करने लगे।चार साल के भीतर कार नहीं लाकर देने पर ससुरालवालों ने अंततः अपनी बहू को ही घर से निकाल दिया। आपस में समझौता नहीं होने पर अंततः मामला साकची महिला थाने में दर्ज कराया गया है। प्रियंका की शादी 22 अक्टूबर 2018 में हुई थी। शादी के एक साल बाद 11 अक्टूबर 2019 को पुत्र का जन्म हुआ। शादी के बाद ससुरालवाले महिला को ठीक से रखे हुये थे। कुछ माह बीतने के बाद वे कार की मांग करने लगे थे। ससुरालवाले कहते थे कि तुम्हारे पिता डीएसपी एफकेएम कुजूर से रिटायर हुये हैं। कार लेकर आओ। आरोपियों मेंसास रंजना सिंह डेनियल, मामा ससुर केनट मार्शल और बबलु मार्शल भी शामिल हैं।

## नगर निकाय चुनाव पर रोक बड़ी जीत : ग्राम सभा संघर्ष समिति

**जमशेदपुर।** नगर निकाय चुनाव पर झारखंड सरकार द्वारा रोक लगाने पर संयुक्त ग्राम सभा संघर्ष समिति के डिमना माझी बाबा दीपक मुर्मू, उलीडीह हातु मुंडा कैलाश बिरुआ, झारखंड आन्दोलनकारी डेमका सोय और सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन सोरेन ने संयुक्त प्रेस बयान जारी की है।उन्होंने कहा कि मानगो सहित झारखंड के सभी नगर निकाय चुनाव को स्थगित होना संयुक्त ग्राम सभा संघर्ष समिति के लिए जीत की पहली कदम है। संघर्ष को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले 12 मौजा के ग्राम सभा सहित अन्य सभी लोगों के लिए उम्मीद जगी हैऔर जीत सुनिश्चित है। इस मामले पर कल जनजातीय परामर्श दात्री परिषद की बैठक प्रोजेक्ट भवन रांची में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में आदिवासी विधयकों ने आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों एवं हितों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया पर आपत्ति जताई इसके लिए संयुक्त ग्रामसभा संघर्ष समिति उन विधायकों को धन्यवाद देती है।वे सराहनीय के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में सामान्य कानून के द्वारा नगर निकाय का चुनाव कराना असंवैधानिक है। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार को ध्यान में रखते हुए एकमत होकर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि आंदोलन को पहली बार जनजाति परामर्श दात्री परिषद द्वारा समाधान के लिए सकारात्मक पहल की है। अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासियों का संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन पर शीध्र विराम लगना चाहिए। पेसा के अनुरूप मेसा बनने से अनुसूचित क्षेत्र के शहरी इलाकों के ग्राम सभा सशक्तिकरण होगी।

## कल मनेगा अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के तत्वावधान में 26 नवंबर 22 को समिति का 6 वां स्थापना दिवस और भारतीय संविधान दिवस समारोह जमशेदपुर के धालभूम क्लब में प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है। जिसका उदघाटन पूर्वी सिंहभूम के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश श्री अनिल कुमार मिश्र करेंगे। इस अवसर पर भारतीय संविधान और हमारा दायित्व नामक विषयक सेमिनार भी आयोजित किया गया है जिसमे कई शहर और विभिन्न राज्यों के प्रमुख अधिवक्ता विचार व्यक्त करेंगे। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार राज्य बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन श्री धर्मनाथ प्रसाद यादव, अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री और झारखंड राज्य बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन श्री राजेश कुमार शुक्ल सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जबकि झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य श्री अब्दुल कलाम रशीदी , बिहार स्टेट बार कौंसिल के सदस्य श्री रामचरित्र प्रसाद, जीतेन्द्र नारायण सिन्हा, बिहार के संयोजक श्री शिवकुमार और श्री रणविजय सिंह महिला विधि छात्र संयोजक श्वेता कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के प्रमुख अधिवक्ता भाग लेंगे। जमशेदपुर के भी प्रमुख अधिवक्ताओं को संविधान दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## भजन से मानव का मन सीधा ही प्रभु से जुड़ जाता है : श्रीहरि जी महाराज

➲ भुइयांडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्वारा भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएबी स्कूल के पास) में भागवत कथा के प्रथम दिन गुरूवार को वृंदावन से पधारे श्रीहरि जी महाराज ने व्यासपीठ से धुंधकारी व गौकर्ण की कथा सुनाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में श्रीमद् भागवत महात्म्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है। सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नहीं हो सकता और बिना सौभाग्य के सत्संग सुलभ नहीं हो सकता। श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप धुल जाते हैं, मनुष्य अपने जीवन में सातों दिवस को किसी ने किसी देवता की पूजा अर्चना करता है।



# विधायक था तो मानगो से पानी-बिजली की समस्या दूर की है, अब अच्छा मेयर और वार्ड नेता दूंगा : सरयू राय

■ 2000 से रहने वाले झारखंडी, उनके हित के लिए हमेशा लड़ूंगा

■ पत्नी को मेयर बनाना चाह रहे मंत्री, फ्लाई ओवर भी भ्रम है

■ जब 1932 का खतियान कैबिनेट में पास हो रहा था तो मंत्री बन्ना गुप्ता बजा रहे थे ताली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजमो मानगो नगर निगम समिती की वृहत बैठक सह चुनाव पर चर्चा का आयोजन मानगो डिमना रोड स्थित शैलेंद्र सिंह कंपलेक्स के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए. कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडीत दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। विधायक श्री राय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मानगो नगर निगम में जो भी लोग चुन कर आए वे किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं बल्कि अपनी टोले, मोहल्ले के विकास के लिए पुरी निष्ठा से कार्य करें। श्री राय ने कहा कि नगर पालिका चुनाव से सरकार ना तो बनती है ना बिगड़ती है। श्री राय ने कहा जब वह 18 वर्ष पूर्व जब प्रथम बार पश्चिम विस से विधायक बन कर आए थे तब मानगो में समस्याओं का अंबार था। उनहोंने 15 वर्षों में मानगो में कई परिवर्तन कराने का प्रयास किया। लंबी कतार बाल्टी, तसला लेकर पानी लेने के लिए लगती थी। इस संकट को देखते हुए घर घर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बहाल करायी। बिजली का ढांचा नही था इसके लिए अलग से बालिगुमा में पावर ग्रीड बनाया, एक दर्जन से अधिक छोटे-छोटे सब स्टेशन बनवाए। कहा कि उनकी इच्छा थी कि मानगो को इस तरह बनाए की यहां के निवासियों को अपनी जरूरतों के बिष्टुपुर साकची नहीं जाना पड़े और इसी क्षेत्र में एक बेहतर बाजार उन्हें उपलब्ध हो। मानगो में एक से दूसरे छोर जाने के लिए बीच से कोई रास्ता नहीं है इसके लिए योजना थी कि मानगो में कुछ घरों को उचित मुआवाजा देकर स्थानांतरित करें।





भाजमो की नगर निगम चुनाव की तैयारी बैठक को संबोधित करते जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय।

## विधायक ने किया दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चांडिल।** गुरुवार को नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के तिल्ला व आंडा में दो नए एक सौ केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। नीमडीह के तिल्ला व आंडा गांव में विगत दिनों ट्रांसफार्मर खराब होने से लोगो को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा था। लोगो ने इसकी जानकारी मिलने पर विधायक ने विभाग के अधिकारी के साथ बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, हरिदास महतो, हरे कृष्णा सिंह सरदार, पटल महतो, सचिन गोप, सचिन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पढ़ाई के साथ खेल जरूरी : ओमप्रकाश



सतबरवा पलामू। खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के मैदान में फुटबॉल तथा कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के उप सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने भाग लेकर खिलाड़ियों को हौसला को बढ़ाया। कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगी रहती है। मौके पर बीपीओ मनोज तिवारी, उपसचिव ओमप्रकाश तिवारी, शिक्षक सुशील टोपो, भीम यादव, अभिषेक तिवारी, सुधीर मिश्रा, श्वेता मिश्रा, अर्पण कुमार, अनुज ठाकुर, गोविंद प्रसाद, अर्जुन मेहता मौजूद थे।

### रामानुजगंज टीम ने बिहार के रोहतास को हराकर टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा



चैनपुर पलामू। प्रखंड के लोकेया में स्व अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग के साथ और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत लगी रहती है। एक पक्ष को जीत मिलती है और दूसरे पक्ष को हार। मुख्य अतिथि पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि स्व अनिल चौरसिया लोगों के दिलों में वास करते थे। आज उनकी याद में खेला जाने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट उनकी सोच को आगे बढ़ाता है। दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष सह मुखिया अशेष चौरसिया ने किया। फाइनल रोहतास तथा रामानुजगंज छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। इसमें रामानुजगंज की टीम दो गोल से जीती। कार्यक्रम में जिप सदस्य रामलव प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, पूर्व मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष भीष्म चौरसिया, मुखिया पति सुनील चौरसिया, व्यास चौरसिया, समाजसेवी लालबहादुर चौरसिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र चौरसिया, विनोद चौरसिया, धीरज जायसवाल थे।

### श्राद्ध में पौधरोपण से प्रकृति व पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल



छतरपुर पलामू। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के हुलसम पंचायत के तारू दाग बाघ मनवा निवासी विलास यादव की मौत चेन्नई में एक दुर्घटना में हो गया था उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता-पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध में स्व विलास यादव के पुत्र अंकेश यादव, राकेश यादव, अखिलेश यादव, मुखदेव यादव, विष्णु देव यादव, सुभाष गुप्ता, अरुण पाठक, जुबेर अंसारी, जयराम सिंह हरेंद्र सिंह थे।

### मनोज ने वार्ड तीन में किया जनसंपर्क



मेदिनीनगर। फिलहाल निकाय चुनाव टाले जाने के खबर के बीच गुरुवार को भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने वार्ड नंबर तीन में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह ने साफ किया कि वह जनता का समस्या जानने निकले है और उस समस्या का सामधान के लिए सामर्थय प्राप्त हो इसके लिए वह घर-घर जाकर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। यह यात्रा एक नेता का नहीं, बल्कि क्षेत्र के बेटा, भाई और भतीजा का है। यात्रा के दौरान जो प्यार मिल रहा है, यह अपने बेटे और सेवक के प्रति आमजनों के प्रेम का प्रकटीकरण है। इसलिए यह मिशन निरंतर जारी रहेगा। घर घर यात्रा अब जन समर्थन से जन आशीर्वाद यात्रा के रूप में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने नगर निगम वासियों को हर सुख दुःख में साथ खड़ा रहने को आश्वस्त किया। यात्रा में राहुल ठाकुर, आशीष श्रीवास्तव, इंद्रजीत सागर, राजन कुमार, निशांत तिवारी, राहुल पांडे, नितेश साव, संजय साव, जिम्मी पांडे, प्रिंस कुमार व आदर्श सिंह व कई वार्डवासी शामिल थे।

### चौरा उच्च विद्यालय के शिक्षक आपस में भिड़े, सहमे बच्चों की पढ़ाई बाधित



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय चौरा में गुरुवार को पढ़ाने की जगह शिक्षक कमलदीप पासवान ने अन्य शिक्षकों को अभद्र भाषा का प्रयोग एवं मारपीट करने का प्रयास किया। कुल मिलाकर विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा किए गए हंगामे से बच्चों में डर का माहौल बना रहा। मामले को शांत कराने के लिए स्थानीय थाना पुलिस विद्यालय पहुंची। मौके पर सूचना पाकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जितवाहन सिंह, बीआरपी विनोद राम, सीआरपी कामाख्या तिवारी भी विद्यालय पहुंचकर मामले का जायजा लिया। मामले पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कंचन कुमार शुक्ला ने सहायक शिक्षक कमलदीप कुमार पासवान पर सारे घटनाक्रम का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमलदीप कुमार पासवान विद्यालय में शिक्षकों के साथ गाली गलौज वह मारपीट करने का काम करते हैं। ऐसी स्थिति में उनका स्थाई स्थानांतरण दूसरे विद्यालय में करने की मांग विद्यालय के सभी शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक से किया है। आवेदन में शिक्षकों ने बताया है कि जब तक स्थानांतरण नहीं होता है तब तक सभी शिक्षक शिक्षण कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। शिक्षिका रेनू कुमारी ने बताया कि आज वे विद्यालय के प्रभार में थी।

# अबुआ राज में बबुआ ने अपने नाम से लिया खनिज पट्टा : अन्नपूर्णा

>> तीन वर्ष के कार्यकाल में 5500 से अधिक महिलाओं पर जुल्म : बीडी राम
>> माफियाओं के इशारे पर चल रही झारखंड सरकार : डॉ शशि भूषण
>> राज्य की जनता को लूटने के लिए बना महागठबंधन : आलोक चौरसिया
>> भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली और सरकार के विरोध में सभा भी की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। राज्य की महागठबंधन सरकार को पूरे तीन वर्ष काम करने की छूट भाजपा ने दे रखी थी। लेकिन यह सरकार केवल लूटने का काम किया है। इतना ही नहीं, जब सिर से पानी ऊपर जाने लगा और राज्य की जनता त्राहिमाम करने लगी तो भाजपा विपक्षी धर्म का पालन करते हुए सरकार के नीति एवं सिद्धांत के खिलाफ हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ जन आक्रोश रैली पूरे झारखंड में कर रही है। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पलामू जिला समाहरणालय परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। कहा कि यह महागठबंधन की सरकार राज्य के विनाश की ओर ले जाना चाहती है। जिसे भाजपा कतई नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि अबुआ राज में बबुआ अपने नाम से खनिज पटा कराने में लगे हुए हैं। जिससे कि राज्य की जनता का भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग यह कहते हैं कि लड़ कर लिया है झारखंड। यह कहने में उन्हें जरा भी शर्म नहीं आती है। यदि झारखंड लिए होते तो 1990 में ही झारखंड अलग हो जाता। लेकिन तत्कालीन पीएम नरसिम्हा राव के कार्यकाल में झारखंड को बेचने का काम गुरुजी ने किया है।

# संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सबका कर्तव्य : सांसद

>> प्रदर्शनी का आयोजन पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात : कुलपति
>> वर्ष 2023 तक होंगे अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम: भूपेंद्र कैंथोला
>> पूरे परिवार के साथ प्रदर्शनी देखें लोगः अखिल कुमार मिश्रा
>> क्विज, रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, नीलांबर-पीतांबर विवि के कुलपति डॉ राम लखन सिंह, पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने किया।

### पलामू की भूमिका को लेकर लगी चित्र प्रदर्शनी



>> आजादी के अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों ने संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका, पलामू के स्वतंत्रता सेनानी, आजादी का अमृत महोत्सव एवं आठ साल-सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठ भी किया गया। इसके पश्चात सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिए देश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जा रहा है। आज संविधान को याद करने का दिन है। हम सभी को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। सांसद ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि संसद भवन में आयोजित चित्र प्रदर्शनी से किसी मायने में यह प्रदर्शनी कम नहीं हैं। इस प्रदर्शनी में नीलांबर-पीतांबर से लेकर देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया गया जाना काफी हर्ष का विषय है। सांसद महोदय ने सभी लोगों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने एवं जानकारी हासिल करने की अपील की। एनपीयू के कुलपति डॉ रामलखन सिंह ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिए जन-जन तक स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा पहुंच रही है। इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन पलामू ही बल्कि पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात है।

# जिले में अवैध खनन करनेवालों पर करें त्वरित कार्रवाई: आयुक्त

■ अवैध खनन से जुड़े मामलों पर कार्रवाई कर तीन माह में करें निष्पादन
■ अवैध खनन के केस का स्पीडी ट्रायल के लिए गृह विभाग को भेजा जायेगा पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के नामित आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करायें और उनके विरुद्ध आरोप पत्र विस्तृत केस डायरी तैयार कर माननीय न्यायालय को समर्पित करना एवं अन्य साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत करें, ताकि आरोपी को सजा मिले। इस कार्य में आदतन रूप से संलिप्त व्यक्तियों पर और भी सख्ती से पेश आयें। अवैध खनन से संबंधित मामलों का तीन माह में निष्पादन कराने हेतु आवश्यक पहल करें। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के संदर्भ में दर्ज की गई प्राथमिकी एवं उनके विरुद्ध अभी तक की गई कार्रवाई के संबंध में समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डीआईजी राजकुमार लकड़ा भी उपस्थित थे।आयुक्त ने अवैध ईंट भट्ठा से सरकारी योजनाओं के लिए ईंट नहीं खरीदने की बातें कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा के वेंडर जो ईंट की आपूर्ति करते हैं, उसके लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जायेगी।

**खास बातें :** कमेटी सरकारी योजनाओं के लिए उपयोग में लाए जा रहे ईंट से संबंधित जांच करेगी। कमेटी में जिलों के खनन पदाधिकारी एवं डीआरडीए की एक व्यक्ति को भी रखा जाएगा। यह कमेटी ईंट भट्ठा प्रोडक्शन की क्षमता और उसकी बिक्री तथा वह पूरी रॉयल्टी जमा करते हैं या नहीं आदि बिंदुओं पर जांच करेगी। बैठक में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित दर्ज मामलों की स्पीडी ट्रायल कराने के लिए गृह विभाग को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। आयुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर सील किए जाने के बाद बिना अनुमति दोबारा चालू करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

# पता नहीं आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है... : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को एक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चौधराना बाजार के किराये के संबंध में कहा कि पता नहीं आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है जिस पत्र को दिखाकर वह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, डुगडुगी बजवा के बाजार में सबको बता रहे हैं कि किराया कम हो गया भाई, किराया कम हो गया, माला पहनाओ। जब व्यवसायियों को यह पता चलेगा कि उसी पत्र के अंतिम पारा में लिखा है किराया अभी नहीं अगले चुने हुए बोर्ड से यथोचित निर्णय लिया जायेगा तब व्यवसायियों को वे क्या जवाब देंगे। पता नहीं इनको आजकल क्या हो गया है।

### चौधराना दर को लेकर पूर्व मंत्री को आड़े हाथों लिया



महापौर ने कहा कि ऐसे ही एक बार पहले जब कैबिनेट मिनिस्टर थे तो खासमहाल का कैंप बिना पूरी जानकारी लिए वाहवाही लूटने के उद्देश्य से जल्दबाजी में कैंप लगवा बैठे थे और जब शहर वाले कैंप में नहीं पहुंचे तो उन्हें समझ आया कि कहीं कुछ गड़बड़ हो गया और धीरे से निकल पड़े। महापौर ने चौधराना किराये के संबंध में स्पष्ट किया कि जो सरकार ने किराया निगम चुनाव उपरांत निर्वाचित बोर्ड से 4 रुपये निर्धारित करने की बात पत्र में लिखी है उसे मैं आगामी बोर्ड में ही प्रस्ताव लाकर सरकार को पत्र दूंगी कि अभी से किराया कम करने की अनुमति नगर विकास मुझे दे; ताकि किराया अभी से लागू हो, बाद में क्यों? वहीं किराया कम करने के साथ हर 5 वर्ष पर मात्र 10% किराया वृद्धि का भी प्रस्ताव बोर्ड से पारित कराया जायेगा, ताकि बीच में कोई अनाप-शनाप किराया बढ़ाकर व्यवसायियों को तंग न कर सके। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया जो किराया 6 रुपये की दर से व्यवसायियों से लिया गया है। मैं प्रयास करूंगी उनका किराया 4 रुपये की दर से हिसाब कर शेष राशि आगे एडजस्ट करें, क्योंकि व्यवसायियों ने अंडर प्रोटेस्ट वह किराया दिया था। महापौर से त्रिपाठी जी के अचानक इतनी व्याकुलता पर सवाल पूछे जाने पर कहा- आजकल पता नहीं उन्हें क्या हो गया है? अजीब-अजीब बातें बोल रहे। कल एक इंटरव्यू में कह रहे थे महिलाएं घर में रहती, उनको बाहर का क्या पता। तो शायद वह भूल गये हैं उनके दल की नेतृत्वकर्ता भी एक महिला है। ऐसी स्थिति में मैं नेताजी की बातों को बुरा नहीं मानती औरों किसी को भी नहीं मानना चाहिए। अब देखिए न कभी सीधे नेताजी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ जा रहे हैं तो कभी सीधे राष्ट्रीय स्तर से एका एक लूडो के सांप सीढ़ी की तरह नीचे आकर निकाय चुनाव लड़ने लगते, पता नहीं उनको क्या हो गया। उन्होंने किराया कम कराने के लिए झारखंड चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री को बधाई दी है जिनके प्रयास से सरकार ने बिना नक्शा के बने 3 तल्ले तक का मकान वैध कराने हेतु नोटिफिकेशन किया और होल्डिंग टैक्स तथा खासमहाल को सरलीकरण कराने पर कार्य चल रहा है।

# सीएचसी भवन : पुरुष वार्ड की छत से गिरता है रेत और पानी, लोग नाराज

**राजेश प्रसाद**



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररुआ कला गांव के समीप बने नवनिर्मित सीएचसी भवन का विभाग विभाग द्वारा हैंड ओवर लेने के बाद 15 नवंबर को विधायक कमलेश कुमार सिंह के हाथों इसका उद्घाटन कर दिया गया है। परंतु उदघाटन के बाद से ही भवन निर्माण में कई खामियां देखने को मिल रही है। लगभग 10.50 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के द्वारा निर्मित 30 बेड की क्षमता वाले इस सीएचसी पर हरिहरगंज कथा पिपरा प्रखंड के करीब 150000 लोग इलाज के लिए निर्भर है। मालूम हो कि 29 जुलाई 2019 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी तथा क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के द्वारा इस भवन निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया था। आनन-फानन में इस भवन में लोगों का इलाज तो शुरू कर दिया गया है। परंतु यहां सुविधा का घोर अभाव है। अभी तक बिजली की व्यवस्था नहीं है। साथ ही सारा सिस्टम अव्यवस्थित नजर आता है।

# ... लूटने से समय बचे, तब न राज्य की जनता की चिंता करेगी सरकार

>> राज्य सरकार अपने कामों पर जायेगी : अन्नपूर्णा देवी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। भाजपा मजबूती से देश सेवा में लगी है। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। आजादी के बाद बड़े-बड़े काम हुए हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व आज भारत का लोहा मानने को मजबूर है। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने परिसदन भवन में पलामू दौरा के क्रम में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पीएम के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर है। भाजपा के नेता देश व राज्य को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार के सभी मंत्री अपने विभागों के दायित्व का निर्वाह बखूबी कर अपने विभाग की योजनाओं को देश स्तर पर लागू कर रहे हैं। लेकिन उनका अनुपालन राज्य सरकार नहीं कर पा रहा है। क्योंकि उन्हें राज्य को लूटने से समय ही नहीं बच रहा है। समय बचे तब तो वे राज्य की जनता का भला कर सकें। वह जनहित में केंद्रीय योजनाओं को संचालित करें।

### कर्नल कप फुटबॉल : खड़गड़ा और पतरिया का मैच ड्रा, कुकही के टीम ने जीता अपना पहला मैच



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को दो रोमांचक मैच देखने को मिला। पहला मैच खड़गड़ा बनाम पतरिया के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रहा तथा दूसरा मैच जमुआ बनाम कुकही के बीच खेला जा रहा है जिसमें कुकही की टीम 1 गोल से जीत दर्ज किया । के मैच के मुख्य अतिथि कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह के पिता और सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। बताया कि खेल को खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का कोशिश करें। कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा क्लब इस टूनार्मेंट के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंगित कर रहा है। खेल के माध्यम से मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। यही नहीं खेल शारीरिक, मानसिक विकास के साथ रोजगार के भी सशक्त माध्यम हैं। इसलिए इस दिशा में भी प्रयास करने के लिए भी सोचना चाहिए। मैच के दौरान क्लब के महासचिव मनोज शर्मा, निर्णायक नेहाल मिर्जा, सगीर अहमद एसएम अकरम, विनय सिंह, गोविंद कुमार, नीरज सिंह, विशाल सिंह व हजारों दर्शक गण मौजूद थे। शुक्रवार का मैच हैदरनगर बनाम रपुरा तथा देवरी कलां बनाम सरहु के बीच खेला जायेगा।

## 2023 में प्राण प्रतिष्ठा, समय अभी निर्धारित नहीं : अध्यक्ष

■ कंडा में सूर्य भगवान के अब 18 जनवरी को नहीं होगी प्राण प्रतिष्ठा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

नावा बाजार पलामू। नावा बाजार प्रखंड के कंडा में होने वाली 15 जनवरी से सात दिवसीय यज्ञ अब रद्द हो गई है। यह यज्ञ सुर्य मंदिर के प्रांगण मे सुर्य भगवान को प्राण प्रतिष्ठा एवं सात दिवसीय यज्ञ होने वाले था। जो अब दोनों ही समय निर्धारित रद कर दी गई है। मंदिर कमेटी एवं यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सह कंडा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर एवं यज्ञ कमेटी के साथ बैठक कर सहमति जताई गई कि जो सुर्य मंदिर प्रांगण मे सुर्य भगवान को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुर्व में समय जो निर्धारित किया गया था। उस समय निर्धारित में अब बदलाव करते हुए 2023 में यज्ञ के साथ भगवान सूर्य जी को प्राण प्रतिष्ठा कराई जायेगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए बाइक चला रहे मुकेश कुमार पासवान को रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना के मटपा निवासी मुकेश पासवान और उसका दोस्त मुकेश पाल हरिहरगंज से बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी।

## संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनी आदिम जनजाति की कई समस्याएं

**बीरेंद्र यादव**

■ राशन और पेंशन समस्या का निष्पादन का दिया निर्देश



रामगढ़ पलामू। प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के पंचायत भवन में एक कार्यक्रम में उपायुक्त अंजनैयुलू दोड्डे पहुंचे। उपायुक्त ने आदिम जनजाति से मिलकर लोगों का हाल जाना। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या हो तो बेझिझक होकर बताएं उसका निदान होगा। आदिम जनजाति के साथ संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त ने राशन एवं पेंशन की समस्याओं को त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। उन्होंने बिजली, बाल विकास, स्वास्थ्य रोजगार सभी प्रकार के पहलुओं को सुना गया। उन्होंने कहा कि सभी आदिम जनजाति युवा जो रोजगार करना चाहते हैं उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में चार आदिम जनजाति लाभुक को फूलों झानो योजना का लाभ दिया गया।

### निमियां में सोलर बाजार का हुआ भव्य उद्घाटन



मेदिनीनगर। निमियां में सोलर बाजार का उदघाटन मेयर अरूणा शंकर व पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने किया। मौके पर सिरमा पंचायत के मुखिया राकेश दूबे, पूर्वडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया अरूण दुबे, पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, बबलू दूबे, समाजसेवी लूलू कुमार, अमित कुमार, ज्ञान निकेतन स्कूल के निदेशक बलिराम शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि मेदिनीनगर में प्रतिष्ठानों का खुलना निगम क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। आज के युग में सोलर का काफी महत्व है। बिजली के अनियमित आपूर्ति से लोग परेशान हैं। सोलर आज हर घर के लिए जरूरी हो गया है। कहा कि सोलर से किसानी खेती कर लोग बिजली की बचत करें। पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि दैनिक जीवन में बिजली के बढ़ती महंगाई को देखते हुए सोलर हर लोगों के लिए आवश्यक हो गया है। पलामू जिला में सोलर बाजार का खुलना खुशी की बात है। प्रोपराईटर अशोक द्विवेदी ने कहा कि यहां सोलर उचित मूल्य पर लोगों के लिए उपलब्ध है।

# महादेवा कंस्ट्रक्शन करा रहा ग्रामीणों की बंदोबस्त भूमि पर अवैध पत्थर उत्खनन

■ छतरपुर के मुनकेरी में हो रहा उत्खनन का कार्य
■ एसडीओ के जांच प्रतिवेदन से हुआ खुलासा

**मित्तल सिंह**



छतरपुर/ पलामू। पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत मुनकेरी में महादेवा कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर अनिल सिंह द्वारा खाता 218 प्लॉट110 रकबा 6.75 क्षेत्र से बाहर पत्थर खनन करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि उक्त माइंस अनूप कुमार सिंह के नाम से आवंटित है जो मौजा मुनकेरी में मुनकेरी स्टोन डिपोजिट नाम से संचालित है, जिसके छतरपुर अंचल कार्यालय के पत्रांक 542 दिनांक 14. 10. 2022 के द्वारा प्रेषित छतरपुर एसडीओ को प्रेषित जांच प्रतिवेदन से इसका खुलासा हुआ है। जिसमें मुनकेरी के खाता संख्या 45 प्लॉट संख्या 24 /अ रकबा 100 एकड़ बंदोबस्त भूमि में 0.52 एकड़ भूमि पर ज्यादा पत्थर उत्खनन करने पर आवेदक मंगल राम पिता शिवनारायण राम ने जांचकर पत्थर उत्खनन से बरबाद हो रहे जमीन को बचाने की गुहार लगाई है। ग्राम तेनुडीह से संबंधित जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि ग्राम मुनकेरी के खाता संख्या 45 प्लॉट 24 /अ रकबा 100 एकड़ गैरमजरूआ खाते की भूमि है।

■ तेनुडीह से संबंधित जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि मुनकेरी के खाता संख्या 45 प्लॉट 24 /अ रकबा 100 एकड़ गैरमजरूआ खाते की भूमि है। ऑनलाइन मांग पंजी 2 के अनुसार मांगधारी रैयत मालती देवी पति श्री नारायण राम एवं जवाहिर राम पिता लखन राम के नाम से कायम है। जिसका लगान रसीद भी वर्ष 2022 तक निर्गत है। साथ ही आवेदक के कार्यालय एसडीओ द्वारा निर्गत आम/मालिक भूमि की बंदोबस्ती केस संख्या 438/ 2000-21 प्रस्तुत किया गया। परंतु अंचल कार्यालय में उक्त बंदोबस्ती केस संख्या से संबंधित कोई दस्तावेज गायब पाया गया है। आवेदक से प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में अंचल अमीन से सीमांकन भी कराया गया है। मापी के आलोक में प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मुनकेरी के खाता 45 प्लॉट 24 /अ रकबा 100 एकड़ भूमि में पाया गया कि उक्त भूमि में से 0.52 एकड़ भूमि माइंस के अंदर है। अग्रेतर कार्रवाई को लेकर प्रतिवेदन एसडीओ को सूचनार्थ प्रेषित की गई है। बता दें कि इसे लेकर पहले भी माइंस संचालक की मनमानी और दबंगई से परेशान प्रभावित ग्रामीणों ने माइंस को बंद करा दिया था। इस दौरान आधिकारियों द्वारा जांचोपरांत कार्रवाई का भरोसा भी मिला परंतु माइंस संचालक की मनमानी बेरोकटोक जारी है।

# अनगड़ा थाना क्षेत्र के उषा मार्टिन विवि में मनाया गया फार्मेसी साप्ताहिक कार्यक्रम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची/मेदिनीनगर। विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने फार्मेसी साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत कार्यक्रम के पहले दिन विभागाध्यक्ष डॉ शैलेश नारायण ने औषधीय पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन विवि द्वारा गोद लिया गया गांव सालहन में फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण जनता को नशा मुक्ति, पीसीवोडी बीमारी एवं फार्मेसी के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शैलेश नारायण, उन्नत भारत अभियान की को-ऑर्डिनेटर डॉ लोपा मुद्रा सतपति, एनएसएस के को-ऑर्डिनेटर डॉ अभिषेक पांडेय, विंग ऑफिसर डॉ जगेश रंजन, सालहन गांव की मुखिया सरीता तिर्की, उपमुखिया विमला चौधरी के साथ समस्त पंचायत वासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से फार्मेसी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सुबीर सामंता, विवि की कुलपति व्याख्यता मधुलिका कौशिक, अध्यक्ष व्याख्यता हिमांशु नारायण, विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शैलेश नारायण उपस्थित हुए। मुख्य व्याख्यता के रूप में सामंता अपने आशीर्वाद स्वरूप फार्मेसी के विद्यार्थियों को उनके भविष्य के अवसर की बात बताई एवं सभी को फार्मेसी साप्ताहिक कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कार्यक्रम की निर्देशिका रोजलीन सामंता, समस्त शिक्षक, शिक्षिका एवं विभाग के समस्त परिवार शामिल थे।

# सांसद जयंत सिन्हा की अनुशंसा पर चिकोर से सुथरपुर तक 22 किमी की बनेगी सड़क : महेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड के ग्राम चिकोर (गांधी चौक) से लेकर निम्मी-चिटो-अमझरिया भाया सुथरपुर तक 22 किमी पथ को टू-लेन पथ बनाने के लिए पथ निर्माण सचिव ने


भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र महतो की फाइल फोटो

डीपीआर बनाने को ले विभाग के मुख्य अभियंता प्रमुख को आदेश निर्गत किया है। उक्त जानकारी देते हुए बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वरीय भाजपा नेता महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पथ निर्माण सचिव ने अभियंता प्रमुख को जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर विभाग को सौंपने की बात कही है। मालूम हो कि भाजपा सांसद जयंत सिन्हा क्षेत्र दौरे के क्रम में ग्रामीणों की समस्याओं से रू-ब-रू हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों ने आवेदन देकर उक्त सड़क को बनवाने की मांग किए थे। उसी आलोक पर सांसद जयंत सिन्हा ने पथ निर्माण सचिव को अनुशंसा किये थे। उसी अनुशंसा के आलोक पर लगभग 90 करोड़ रूपये की लागत से इस पथ का निर्माण होगा। श्री महतो ने कहा कि इस पथ के बन जाने से लोग भुरकुंडा (मतकमा चौक) से सीधे मोराबादी रांची एवं बूटी मोड़ (शिवाजी चौक) रांची जा सकेंगे। साथ ही रांची की दूरी भी घट जायेगी और इससे कम खर्च के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।

# मृतिका के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जिप सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के निवासी मृतिका शैल देवी पति निवास गिरी के अंतिम संस्कार में मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह शामिल हुए और परिवार वालों को सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बताते चलें कि मृतिका शैल देवी काफी महीनों पूर्व से गंभीर बीमारी से ग्रसित थी। गरीबी की वजह से जैसे तैसे करके उनके परिवार वाले उनका इलाज करवा रहे थे।


मृतिका के पुत्र से वार्ता करते जिप सदस्य

बुधवार की रात्रि अचानक शैल देवी की मृत्यु हो गई। जिस वजह से उनके परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है। मृतिका के अंतिम संस्कार कार्यक्रम औरंगा नदी के घाट पर किया गया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि बहुत ही दुखनीय घटना है मैं हर संभव मृतिका के परिवार वालों को सरकारी प्रावधान के अनुसार लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने परिवार वालों को कहा कि जब भी मेरी जरूरत पड़े आप लोग मुझसे संपर्क करें मैं आप लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। मौके पर मृतिका के पति निवास गिरी, पुत्र धर्मेंद्र गिरी, जितेंद्र गिरी, प्रमोद भारती, पप्पू भारती, नीतीश भारती, बबलू गिरी, डब्ल्यू गिरी, शेषनाग गिरी,राजू गिरी, अखिलेश गिरी, सुनील कुमार रजक,शंभू पाठक, आनंद सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जुबिली कॉलेज का जयदेव बना भारतीय युवाओं का अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि


अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि जयदेव की फाईल फोटो

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा का छात्र जयदेव बेदिया भारतीय युवाओं का अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि चुना गया है। ग्लोबल ऑपरचुनिटी यूथ नेटवर्क के आमंत्रण पर जयदेव कोलंबिया के बोगोटा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय युवा मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की उपलब्धि हासिल की है। सेमेस्टर-4 भूगोल प्रतिष्ठा का छात्र जयदेव राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में पहले रामगढ़ जिला फिर झारखंड राज्य व अंत में राष्ट्रीय स्तर पर यह सफलता पाई है। इसमें भारत देश से मात्र दो युवाओं का चयन हुआ है। 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक कोलंबिया में विश्व भर के विभिन्न देशों के चयनित युवाओं के बीच भारतीय युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सम्मेलन में विश्व से चयनित युवा भविष्य में युवाओं की भूमिका पर अपने विचारों को रखेंगे। जयदेव की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने उसे बधाई देते हुए सम्मेलन में अपनी सशक्त उपस्थिति व सफलता के लिए शुभकामना दी है। वहीं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी पांडेय ने जयेदव की सफलता पर उसे बधाई देते हुए इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बताया है।

# ऐतिहासिक आक्रोश प्रदर्शन की सफलता पर भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त,भय, भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, झूठ, तुष्टिकरण की राजनीति के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला रामगढ़ द्वारा आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के बाद पार्टी नेताओं ने प्रसन्नता जाहिर की है। नेताओं ने कहा है कि जिला उपायुक्त कार्यालय छत्तर मांडू में आक्रोश प्रदर्शन में उम्मीद से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम की सफलता में अपनी भूमिका निभाने के लिए नगर


मौजूद भाजपा नेता व अन्य

परिषद, मंडल मे निवास करने सभी सम्मानित कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकगण,माताओं-बहनों को मण्डल के पालक रंजीत सिन्हा, प्रभारी राजेन्द्र कुशवाहा जिला के वरिष्ठ पार्टी उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि जी ने सबों के प्रति आभार प्रकट किया हैं साथ हीं सभी प्रबुद्ध जण गण से आगे भी पार्टी के बैनर तले राज्य सरकार से अपने अधिकार की लड़ाई में बढ़ चढ़कर कर सड़क से सदन तक में अपनी भागीदारी निभाने की उम्मीद जताई है। आभार व्यक्त करने वालों में नीरज झा उर्फ पप्पू झा, विजय गिरी, आनंद बेदिया, दिवाकर सिंह, दीपक कुमार, गौतम राम, मनोज सिन्हा, संजय लाला, सुनील प्रसाद साहू, रंजीत प्रसाद साहू, कैलाश गिरी, मुकेश गिरी, अरुण कुशवाहा, रामाशंकर महतो, शांति देवी, बीना देवी, कौशल्या देवी, उमेश प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, मुकेश ठाकुर, नरोत्तम सिंह, राजेश महतो, हरि कुशवाहा, गणेश साहू, बबलू कुशवाहा, तेज नारायण कुशवाहा, राजेश प्रजापति, ईश्वर राम, भुनेश्वर रविदास, सुरेंद्र रविदास, हरी लाल महतो प्रमुख हैं।

## एक नजर में

# जलमीनार की हुई मरम्मत, ग्रामीणों में हर्ष, जताया आभार


मुखिया विजय मुंडा के साथ दुर्गा सोरेन सेना के जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत में महीनों से खराब पड़े जलमीनार को गुरूवार को दुरूस्त करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्गा सोरेन सेना के रामगढ़ जिला सचिव नन्दकिशोर मुंडा, स्थानीय मुखिया विजय मुंडा व जनप्रतिनिधियों के पहल पर पीएचडी विभाग के कर्मियों द्वारा जलमीनार को दुरूस्त किया गया है। जलमीनार के दुरूस्त होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए नंदकिशोर मुंडा, विजय मुंडा सहित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है। जलमीनार को दुरूस्त करने में एचडी विभाग के मिस्त्री नरेश महतो, जेठु महतो, धर्मनाथ महतो का योगदान रहा। मौके पर अमर यादव, कुलदीप यादव, उमेश यादव, दीपक यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# इंडोनेशिया में आयोजित विश्व क्वालिटी कंट्रोल सम्मेलन में जेएसपी ने जीते पांच गोल्ड मेडल

## 14 देशों की 757 संस्थाओं ने हिस्सा लेकर सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कौशल का किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर ने इंडोनेशिया में आयोजित क्वालिटी कंट्रोल सर्किल 2022 (आईसीक्यूसीसी) में 5 गोल्ड मेडल जीता है। उक्त जानकारी देते हुए जेएसपी के अधिकारियों ने बताया कि 15 से 18 नवंबर तक जकार्ता में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 14 देशों की 757 संस्थाओं ने भाग लेकर अपने सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कौशल का प्रदर्शन किया। क्वालिटी कंट्रोल सर्किल का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीक्यूसीसी) गुणवत्ता अवधारणा और संबंधित विषयों पर मान्यता प्रदान करने वाला विश्व का सर्वोच्च मंच है। जिसमें जेएसपी की कायजन (बेहतर के लिए बदलाव) टीमों ने 5 गोल्ड मेडल जीतकर मील का पत्थर स्थापित किया है। इनमें से चार टीमें अंगुल स्टील प्लांट और एक टीम टेंसा आयरन ओर माइंस की है। इसमें पैंथर, शक्ति, कौशल, डायनामिक और स्पार्टा का नाम शामिल है। इन टीमों से जुड़े 14 इंजीनियरों ने जकार्ता में अपने-अपने क्षेत्र में शानदार कौशल का प्रदर्शन का इस



पुरस्कार लेती जेएसपी की टीम

सम्मेलन के सर्वश्रेष्ठ पांच पुरस्कार जीतने का गौरव पाया है। जेएसपी के इस उपलब्धि पर कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। जेएसपी के सभी प्लांटों में जापान की जानी-मानी विधि टोटल प्रोडक्टिव मेंटिनेंस (टीपीएम) कार्य व्यवहार का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसका अनुपालन सभी कर्मचारी निरंतर कर रहे हैं ताकि गुणवत्ता में निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी रहे।

## जेएसपी के भुवन प्रताप बने निर्णायक मंडल के सदस्य

जेएसपी को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। कंपनी में टीपीएम टीक्यूएम-ऊर्जा प्रबंधन के प्रमुख और एवीपी भुवन प्रताप ने क्वालिटी कंट्रोल सर्किल के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीक्यूसीसी) के निर्णायक मंडल में शामिल होने की मान्यता प्राप्त कर ली है। और इस सम्मेलन में उन्होंने जेएसपी समूह की कंपनियों को छोड़कर दुनिया भर के उद्योगों द्वारा प्रस्तुत केस स्टडी के मूल्यांकन में बतौर निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि जेएसपी दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डलर के निवेश वाली इस्पात, खनन और मूलभूत ढांचागत क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है। जेएसपी आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए सदैव तत्पर है, जो निरंतर अपनी क्षमता का विस्तार कर रही है।

# सिरका में भंडारण कर रखा गया 40 ट्रैक्टर बालू जब्त


पुलिस बल के साथ जिला खनन पदाधिकारी


जब्त किया गया बालू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** सिरका मस्जिद के समीप बालू के अवैध भंडारण की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार को मिली थी। जिसके बाद गुरूवार को वे पुलिस बल के साथ उक्त स्थल पहुंचे और अवैध भंडारण कर रखे गये बालू को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों के साथ उनकी नोकझोंक भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार बालू निजी कार्य के लिए रखा गया है। जबकि जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार ने कहा कि यहां पर 3000 सीएफटी (40 ट्रैक्टर) बालू का अवैध भंडारण किया गया है।

# कैथोलिक आश्रम में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पटेलननगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम में खेलो झारखंड- 2022 प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रतियोगिता के एथेलेटिक्स में 100, 200, 400, 600, 800, 1500 व 3000 मीटर दौड़, 400 व 1600 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, उंची कूद, जैवलिंग थ्रो, चक्का फेक, गोला फेक व कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके साथ कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबाल, कुश्ती व तिरंदाजी प्रतियोगिता भी हुए। प्रतियोगिता में छह से आठ और 9 से 12 आयु वर्ग के बालक-बालिका दोनो वर्ग में दर्जनों खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मो. कमरूद्दीन, चंद्रिका चौधरी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. अरफान कौसर, अरशद अली, निखिल कुमार सहित विद्यालय परिवार को विशेष योगदान रहा।

# बच्चे देश के भविष्य, इनका सर्वांगीण विकास जरूरी : विजय

## विभिन्न सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री का वितरण


खेल सामग्री का वितरण करते मुखिया विजय मुंडा व पीवीयूएनएल के अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल (एनटीपीसी) सामुदायिक विकास के तहत सरकारी स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेल के लिए भी प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग करने में जुटा है। इसी कड़ी में बलकुदरा पंचायत के उत्क्रमित हाई स्कूल बलकुदरा, प्राथमिक विद्यालय महुडर टोला, प्राथमिक विद्यालय मदनाटांड़ के विद्यार्थियों के बीच पीवीयूएनएल प्रबंधन ने खेल सामग्री का वितरण कर उनका हौसला आफजाई किया है। इस दौरान पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, कंपनी के उप सहायक नीरज कुमार राय, सीनियर मैनेजर संतोष सिंह व सीएसआर एस्क्यूटिव निशांत सैनी ने बच्चों के बीच क्रिकेट, फुटबॉल, कैरम बोर्ड, वॉलीबाल, रसी कुद आदि से संबंधित खेल सामग्री का वितरण किया। मौके पर पीवीयूएनएल के एचआर हेड ने मुखिया, प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि सरकारी स्कूल के डेवलपमेंट के लिए हर सार्थक कदम उठाउंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो या फिर खेल के लिए बच्चों व स्कूल प्रबंधन को हर संभव सहयोग करूंगा।

मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने पीवीयूएनएल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों के लिए प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। श्री मुंडा ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा।

# सौंदा डी से अगवा बच्ची को पुलिस ने पतरातू से किया बरामद, पति व पत्नी हुए गिरफ्तार

## 40 घंटा के अंदर पुलिस ने बच्ची को परिजन के किया हवाले, भुरकुंडा ओपी में हुई प्रेस कांफ्रेंस

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने सौंदा डी से अगवा 4 वर्षीय बच्ची आयत को 40 घंटा के अंदर बरामद कर लिया है। पुलिस ने गुरूवार की सुबह आयत को पतरातू रेलवे स्टेशन के समीप से बरामद किया है। साथ ही बच्ची को अगवा करने वाले भिखारन महिला मीना देवी व उसके पति विशाल गुलगुलिया को भी धर-दबोचा है। पूरे मामले का खुलासा गुरूवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी ने भुरकुंडा ओपी परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में किया। एसडीपीओ ने बताया कि सौन्दा डी निवासी सब्बीर अहमद उर्फ मंटू की पुत्री आयत को मंगलवार की सुबह 11 बजे उसके घर के समीप से ही अगवा कर लिया गया था। इस संबंध में सब्बीर अहमद ने भुरकुंडा ओपी को लिखित आवेदन भी दी थी। इसमें बताया था कि मेरी पत्नी आसमां खातून व बच्ची घर के समीप एक दुकान के पास थें। कुछ देर के लिए बच्ची की मां वहां से हटी। वापस आने पर देखा कि बच्ची गायब है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक भिखारन महिला को पास में देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरू करते हुए संभावित ठिकानों


प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते एसडीपीओ डॉ.बिरेंद्र चौधरी व अन्य

पर छापामारी की। इसी दौरान पतरातू रेलवे स्टेशन के समीप पाथलडीह थाना सुदामडीह जिला धनबाद निवासी विशाल गुलगुलिया व उसकी पत्नी मीना देवी को बच्ची के साथ धर-दबोचा। एसडीपीओ ने बताया कि मीना देवी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हुई थी। इसके बाद ओपी प्रभारी बलवंत दूबे ने बरकाकाना के झुग्गी झोपड़ी में प्लास्टिक डालकर रह रहे लोगो से आरोपी महिला का फोटो दिखाकर पुछताछ किया। जिसके बाद गुरूवार की सुबह पुलिस स्टीम कलोनी पतरातू में रह रहे गुलगुलिया लोगो की झोपड़ी पहुंची। जहां भिखारन महिला और बच्ची के बारे में पुछताछ किया। पुछताछ में लोगो ने बताया कि महिला कुछ देर पहले ट्रेन पकडने के लिए दो बच्चे और अपने पति के साथ निकली है। जिसके बाद पुलिस पतरातू रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां पुलिस ने आरोपी महिला मीना देवी और उसके पति विशाल गुलगुलिया के साथ अगवा बच्ची आयत को बरामद कर थाना ले आई। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है। छापामारी अभियान में एसआई मयंक कुमार, एसआई अक्षय कुमार दल-बल के साथ शामिल थे।

**आरोपियों को देखने की जिद पर अड़े थे ग्रामीण :** इधर, बच्ची के बरामद होने की सूचना गुरूवार की सुबह आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। सैंकड़ों लोग भुरकुंडा ओपी पहुंच गये। आक्रोशित लोग आरोपियों को देखने की जिद पर अड़े थें। इसके बाद एसडीपीओ के समझाने-बुझाने पर लोग शांत हुए। इधर बच्ची के सकुशल बरामद होते ही परिजनों के आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।

# नवनिर्वाचित मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभय सिंह को पतरातू बीडीओ ने दी बधाई


अभय सिंह को बुके देते बीडीओ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू बीडीओ हलधर सेठी ने प्रखंड के नवनिर्वाचित मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह को बधाई दी है। कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बीडीओ ने अभय सिंह को बुके देकर शुभकामना देते हुए उम्मीद जताई है कि इनके नेतृत्व में मुखिया संघ प्रखंड में बेहतर कार्यों में अपनी सहभागिता निभायेगी। मौके पर अवितेश सिंह, राकेश सिंह, चितरंजन पटेल, राजेश कुमार, अविनाश, गौतम आदि मौजूद थे।

# नीतियों में पारदर्शिता

कृषि जैसे मनुष्य के प्रारंभिक और पारंपरिक पेशे में ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। कृषि का पेशा पीढ़ियों में हस्तांतरित होते-होते रूढ़ होता जाता है। आप कितने भी लोकप्रिय हों यह सोचना गलत है कि आप एक आदेश से इसे बदल देंगे। हरित क्रांति के पहले भी कम से कम पांच वर्ष तक बुनियाद तैयार की गई। किसानों के साथ सीधा संवाद किया गया। लक्षित इलाकों में स्थानीय लोगों की मदद से किसानों को समझाने का प्रयास किया गया। सरकार तीन अध्यादेशों के माध्यम से रातोरात इस सिलसिले को बदलना चाहती थी। हरित क्रांति 53 वर्ष पहले घटित हुई थी। इसका काम पूरा हो चुका है और इसे पंजाब से बेहतर भला कहां महसूस किया जा सकता है। यदि कानूनों का सबसे अधिक विरोध उस राज्य से हो रहा है जहां सुधारों की सबसे अधिक आवश्यकता है तो इससे पता चलता है कि सुधारक यानी मोदी सरकार ने ठीक से तैयारी नहीं की। इतना ही नहीं लगातार दूसरी बार बहुमत में आने का गुरूर भी था। भाजपा पर सत्ता का नशा इतना हावी था और पार्टी के भीतर असहमति की गुंजाइश इतनी कम थी कि कोई यह स्वीकार ही नहीं कर रहा था कि उत्तर भारत का जो राज्य मोदी के जादू से सर्वाधिक अप्रभावित है वह है पंजाब। किसी भी लोकतांत्रिक देश में विकास और नीतियों को मानना जनता के उपर है यह सिर्फ चुनाव का विषय होता आया है। लेकिन देश के प्रधानमंत्रियों में जो भी लंबे समय तक रहे उनसे कुछ न कुछ निर्णय के स्तर पर नीतिगत भूल होता रहा है। पीएम मोदी से भी कृषि नीतियों को लेकर ही नहीं पेट्रोलियम नीतियों में भी एक बड़ी भूल हुई है जिसका खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा। देश में कोई भी नियम लाने के पूर्व एक आम सहमति का माहौल आवश्यक है।

# सीजे का दो टूक

देश के न्यायालयों में विभिन्न चुनौतियों के बीच जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ ने प्रधान न्यायाधीश का पद संभाला है, और उनके पास दो वर्षों का वक्त भी है, तो उनसे अब देश न्यायिक व्यवस्था में बड़े सुधार की अपेक्षा लगाए बैठा है। हाल ही में एक अंग्रेजी अखबार से चर्चा में जस्टिस चंद्रचूड़ ने दो टूक कहा कि लोकतंत्र में कोई भी संस्थान इस बात का दावा नहीं कर सकता कि वह त्रुटिहीन है, परिपूर्ण है और हम इसमें सुधार ला सकते हैं।जस्टिस चंद्रचूड़ के मुताबिक यह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। उनकी यह बात काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे यह मान रहे हैं कि जो संवैधानिक संस्थाएं इस वक्त हैं, उनमें सुधार की गुंजाइश बाकी है। अगर यह मान लिया जाए कि जो व्यवस्था है, वह सही है और ऐसी ही रहेगी तो फिर न सुधार होगा, न हालात बेहतर होंगे। अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिला अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में खाली पड़े पदों को भरने की है।अदालतों पर काम का बढ़ता बोझ और खाली पड़े पद, इन दो कारणों से देश में न्याय प्रक्रिया कछुए की चाल से चलती है। कई मामलों में फास्ट ट्रैक अदालतें लगाने की नौबत आती है। लेकिन न्याय प्रक्रिया में देरी का आलम ये है कि कोई व्यक्ति इंसाफ की गुहार लेकर अदालत पहुंचता है, और ऐसा भी होता है कि उसके मरने के सालों बाद फैसला आए या फिर फैसला आने में इतनी देर हो जाए कि इंसाफ अपने मायने ही खो दे। इस गंभीर स्थिति को अदालतों में खाली पड़े पदों को भरकर सुधारा जा सकता है। मगर इसके साथ नए मुख्य न्यायाधीश को न्याय व्यवस्था की अन्य विडंबनाओं पर भी ध्यान देना होगा। जैसे निचली अदालतों या कई बार उच्च न्यायालयों में भी जो लोग इंसाफ करने बैठे हैं, वे कई बार पूर्वाग्रहों से संचालित होते हैं।

# राज्य के असमान विकास को खत्म करना होगा



झारखंड में सभी क्षेत्रों में एक समान विकास नहीं हुआ है। राज्य के 22 साल पूरे होने का अर्थ है दो दशक का पूरा होना। अगर देश में परिवर्तन और विकास की बात करें तो दो दशक में परिवर्तन की गति अन्य राज्यों से बहुत कम नहीं है। लेकिन पहले से जो उपेक्षा हुई है उसे पूरा करने के लिये अभी की गति पर्याप्त नहीं है। जब तक एक भी झारखंडी रोजगार के लिये दूसरे राज्य में जाने के लिये मजबूर हो तब तक राज्य बनने के उदेश्य पूरा होता दिखाई नहीं देता है। विकास आकड़ों में हो यह आर्थिक विश्लेषकों के लिये, केन्द्र और राज्य सरकारों के लिये दुनिया के विभिन्न मंचों पर भाषण देने के लिये अच्छा होता है लेकिन जमीन पर हर गांव हर परिवार और हर व्यक्ति को सही पोषण, शिक्षा और सुरक्षा लोकतंत्र का सर्वाधिक उपरी मापदंड है। मैंने विगत तीन दशकों तक झारखंड के गुमला सहित सैकड़ों गांव में पैदल,क्योंकि सड़क थी ही नहीं यात्रा की है। मैं राज्य बनने के बाद देश में अनेको विशेषज्ञों से बात की उनमें एक व्यक्ति थे ओड़िसा के अजीत महापात्रा। राष्ट्रपति कलाम ने अपनी विजय डॉक्मेंट्री में इस व्यति के बारे विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने लगभग दो घंटे की विस्तृत बातचीत की और मुझे बताया कि कैसे पंजाब का कायापलट प्रताप सिंह कैरों ने किया। ओड़िसा कैसे बदल रहा है। झारखंड निमार्ण के बाद वे बहुत आशान्वित थे कि इस राज्य की समृद्धि इतनी अधिक है कि इसे विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। झारखंड की कृषि और पर्यटन पर फोकस किया जाए तो राज्य धन-धान्य से संपूर्ण हो विकसित राज्य में बदल जाएगा। वे आदिवासी जन समूह के बीच लंबे समय तक काम करने का अनुभव रखते थे। कोल इंडिया वरीय वित्त अधिकारी एडी बाधवा सहित कई पत्रकार मित्रों के साथ मैं भी झारखंड राज्य प्रोडक्टीविटी काउंसिल में था जिसका निमार्ण अजित महापात्रा ने किया है। यह गैर लाभकारी संस्था राज्य में सभी क्षेत्रों के उत्पादक को वैश्विक बनाने का काम करती है। जनजातिय समूह का जीवन वन उत्पाद पर ही निर्भर होता है खेती मॉनसून पर आधारित है। झारखंड के सामाजिक, आर्थिक एवं राजस्व सूचकांक 2017-18 की रिपोर्ट बताती है कि कृषि व इससे संबद्ध सरीखा प्राथमिक क्षेत्र खासा पिछड़ा हुआ है। अर्थव्यवस्था को जो गति मिली है वह सेवा क्षेत्र के बूते मिली है। कुछ योगदान विनिर्माण क्षेत्र का भी है। विकास दर में क्षेत्रवार विविधता भी पाई गई है। अच्छी बात यह है कि झारखंड में प्रति व्यक्तिआय में वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 में प्रति व्यक्तिआय नियत मूल्य पर 57242 होने का अनुमान है जबकि वर्तमान मूल्य पर यह 70955 रहेगी। चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.7 फीसद और प्रति व्यक्तिआय में 5.2 फीसद की वृद्धि का अनुमान है। हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी राष्ट्रीय औसत से करीब 30 फीसद कम है।



-शिवशंकर उरांव

> जब तक एक भी झारखंडी रोजगार के लिये दूसरे राज्य में जाने के लिये मजबूर हो तब तक राज्य बनने के उदेश्य पूरा होता दिखाई नहीं देता है। विकास आकड़ों में हो यह आर्थिक विश्लेषकों के लिये, केन्द्र और राज्य सरकारों के लिये दुनिया के विभिन्न मंचों पर भाषण देने के लिये अच्छा होता है लेकिन जमीन पर हर गांव हर परिवार और हर व्यक्ति को सही पोषण, शिक्षा और सुरक्षा लोकतंत्र का सर्वाधिक उपरी मापदंड है।

पिछले छह वर्षो का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पता चलता है कि वर्ष 2011-12 से 2016-17 में तृतीयक क्षेत्र (सेवा क्षेत्र) में तो 9.30 फीसद की चक्रवृद्धि विकास दर दर्ज की गई है। जबकि कृषि व इनसे संबद्ध प्राथमिक क्षेत्र में महज 4.6 फीसद की। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का फीसद 5.3 रहा है।

स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था के विकास में सेवा क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक रहा है। पिछले छह वर्षो में अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक विकास दर में इस क्षेत्र का योगदान 56 फीसद रहा। जबकि प्राथमिक क्षेत्र का महज 18 फीसद और विनिर्माण क्षेत्र का 26 फीसद । जीएसवीए (सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन) में भी कृषि प्रक्षेत्र खासा पिछड़ा हुआ साबित हुआ है। जीएसवीए में इस क्षेत्र का योगदान महज 15 फीसद रहा है। जबकि विनिर्माण जिसे दूसरा क्षेत्र भी कहा जाता है का 45 फीसद और सेवाओं का 40 फीसद।

आय व रोजगार में क्षेत्रवार असंतुलन बरकरार

राज्य में आय और रोजगार में क्षेत्रवार असंतुलन बरकरार है। खनन और विनिर्माण के क्षेत्र में लगे लोगों के पास जीएसवीए आय का 34 फीसद है, जबकि कृषि कार्य में लगे हुए लगभग 50 फीसद लोगों के पास जीएसवीए का महज 16 फीसद है।

रांची समेत सिर्फ छह जिले विकसित बाकी सभी पिछड़े

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है कि राज्य के सिर्फ छह जिले जिनमें रांची, बोकारो, रामगढ़, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां ही विकसित श्रेणी में आता है। अन्य जिले पिछड़े हुए हैं। लोहरदगा, साहिबगंज, जामताड़ा, लातेहार, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, चतरा, पलामू और गढ़वा सबसे पिछड़े जिले माने गए हैं।

काबू में रहा वित्तीय घाटा

झारखंड का वित्तीय घाटा पिछले कुछ वर्षो में काबू में रहा है। यह वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) के निर्धारित मानक 3.5 फीसद के भीतर रहा है। वर्ष 2015-16 और 2016-17 में उदय योजना के तहत उधार लेने की वजह से इसकी सीमा पार हुई थी। वर्ष 2017-18 के बजट अनुमानों में राजकोषीय घाटे में जीएसडीपी का 2.49 फीसद की गिरावट आई है।

एनपीए बढ़ा, सीडी रेशियो में कमी

झारखंड में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की बात करें तो एनपीए में बढ़ोतरी हुई है और सीडी रेशियो में मामूली गिरावट आई है। सितंबर 2016 में एनपीए 5.87 फीसद था जो कि सितंबर 2017 में बढ़कर 6.04 फीसद हो गया। बैंकों का सीडी रेशियो सितंबर 2016 में 46.11 फीसद था जो कि सितंबर 2017 में 43.56 फीसद हो गया। ग्रामीण बैंकों का सीडी रेशियो 38.83 फीसद से घटकर 35.90 फीसद हो गया।

सरकार शहरों के विकास पर तीव्र ध्यान दें क्योंकि इससे राज्य का वित्तीय आधार और निवेश प्रभावित होता है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 70 प्रतिशत आबादी को बड़ा बाजार और कृषि क्षेत्र के आधारभूत ढांचा को मजबूत करने में पूरा ध्यान दे। निश्चित तौर पर अब दो दशक बाद हम और अधिक समय दोषारोपण पर बर्बाद नहीं कर सकते।

(लेखक झारखंड भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष हैं।)

## खास बात
### नयी पेंशन प्रणाली

1998 में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वृद्धावस्था सामाजिक और आय सुरक्षा परियोजना के लिए एक रिपोर्ट कमीशन की। सेबी और यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एस ए दवे के तहत एक विशेषज्ञ समिति ने जनवरी 2000 में रिपोर्ट प्रस्तुत की। परियोजना सरकारी पेंशन प्रणाली में सुधार के लिए नहीं थी - इसका प्राथमिक उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के वृद्धावस्था आय सुरक्षा पर लक्षित था जिनके पास कोई नहीं था। 1991 की जनगणना के आंकड़ों को लेते हुए समिति ने पाया कि सिर्फ 3.4 करोड़ लोगों, या 31.4 करोड़ की अनुमानित कुल कामकाजी आबादी के 11 प्रतिशत से भी कम लोगों के पास सेवानिवृत्ति के बाद की कुछ आय सुरक्षा थी। शेष कार्यबल के पास सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा का कोई साधन नहीं था। व्यक्ति तीन प्रकार के फंडों में निवेश कर सकते हैं - सुरक्षित (इक्विटी में 10 प्रतिशत तक निवेश की अनुमति), संतुलित (इक्विटी में 30 प्रतिशत तक), और विकास (इक्विटी में 50 प्रतिशत तक) - छह फंड प्रबंधकों द्वारा जारी किया जाएगा। शेष राशि का निवेश कॉपोरेंट बॉन्ड या सरकारी प्रतिभूतियों में किया जाएगा। व्यक्तियों के पास अद्वितीय सेवानिवृत्ति खाते होंगे, और उन्हें कम से कम 500 रुपये प्रति वर्ष निवेश करने की आवश्यकता होगी।

नई पेंशन योजना की उत्पत्ति क्या थी?

प्रस्तावित नई पेंशन प्रणाली पेंशन सुधारों का आधार बनी और मूल रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जो कल्पना की गई थी, उसे सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए अपनाया था। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) को 22 दिसंबर, 2003 को अधिसूचित किया गया था। कुछ अन्य देशों के विपरीत, एनपीएस संभावित कर्मचारियों के लिए था - इसे 1 जनवरी, 2004 से सरकारी सेवा में शामिल होने वाले सभी नए भर्ती के लिए अनिवार्य कर दिया गया था। परिभाषित योगदान में कर्मचारी द्वारा मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत और सरकार द्वारा एक समान योगदान शामिल है। यह टीयर 1 था, जिसमें योगदान अनिवार्य था।

**शांति,** शोर से ज्यादा सुनायी देती है ! शोर वो ही करता है, जो कुछ नहीं कर रहा है । जो कर रहा है, उसे बोलने कि जरूरत नहीं ; क्यूँकि जिनके लिए कुछ किया गया है, वो जानते हैं कि उनके लिए किसने किया है।

**–अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

**शिवाजी** महाराज के साहस, बाबासाहेब के दिए संविधान, महात्मा फुले की शिक्षा, और सभी महाराष्ट्रवासियों के प्रेम को प्रेरणा बना कर आगे बढ़ रहे हैं। इस सत्कार और अभूतपूर्व अनुभव के लिए प्रदेश के लोगों को दिल से धन्यवाद।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**आग्रह** है दिसंबर में माननीय रेल मंत्री रांची बरकाकाना रेल लाइन का उद्घाटन रांची से करेंगे, जिसमें एक दिन झारखंड स्वर्ण जयंती भाया बरकाकाना हजारीबाग टाउन कोडरमा होकर दिल्ली के लिए चलेगी।

**– महेश पोद्दार**

# अगस्त्य मुनि से भेंट

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जब** श्री राम सुतीक्ष्ण मुनि के आश्रम पर पहुंचे तो सुतीक्ष्णजी ने कहा कि मेरे गुरु महाराज अगस्त्य जी आपका इंतजार कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि ज्योंही श्री राम आपके पास आयेंगे, आप सीधे लेकर मेरे यहां चले आइएगा। उनकी बात मानकर उनके साथ-साथ राम, लक्ष्मण और सीता मुनि अगस्त्य के आश्रम में पहुंचे। अगस्त्य जी ने यथायोग्य स्वागत किया और कहा-राम मैं इंतजार कर रहा हूं बहुत दिनों से। मैं सबसे दक्षिण में रहता हूं। मैंअपनी आंखों से रावण की करतूत देखता हूं। वह नराधम अक्सर आते रहता है इस दंडक वन में और जब आता है कुछ न कुछ कुकृत्य करता है। ऋषि मुनियों का वध करता है। उसके अत्याचार से धर्म खत्म हो रहा है। जप,तप, योग, ध्यान का वह विरोधी हो चुका है और मैं आपको बता देना चाहता हूं कि प्रकृति की ओर से आपका धरती पर अवतार हुआ है रावण का वध करने के लिये। श्रीराम ने कहा-प्रभु मैंने भी रास्ते में देखा है हड्डियों का ढेर। ऋषि-मुनियों ने मुझे बताया है कि यह रावण की सेना के द्वारा किया गया है। अतः मैंने संकल्प किया है कि मैं उसका वध करूंगा। अगस्त्यजी ने कहा निश्चय ही आपका अवतार रावण के वध के लिये हुआ है लेकिन वह कैसे मारा जाएगा इसकी विधि एवं तरकीब मैं बताता हूं। इसके लिये आपको पंचवटी में वास करना होगा। वह स्थान गोदावरी नदी के किनारे पांच पहाड़ों से धिरी हुइ जगह है। वहीं सुरक्षित देखकर रावण ने अपनी सेना का मुख्यालय बनाया है और उसका सेनापति खर और दूषण वहीं रहता है। उसकी बहन सूर्पनेखा भी वहीं रहती है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सोच विकसित करें

देश का पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। पराली जलाना इस समस्या का एकमात्र कारण नहीं है। जहरीली फैक्टरियों और ईंट-भट्ठों की चिमनियों तथा शहरों में जलते कूड़े के ढेरों से जहरीली गैस निकलती हैं। सड़कों पर बढ़ता वाहनों का दबाव स्पष्ट करता है कि वायु प्रदूषण में भंयकर इजाफा हो रहा है। पर्यावरण को लेकर व्यक्तिगत सोच भी विकसित करनी होगी। **– सुरेन्द्र सिंह, रांची**

### बेटी का मोल

बेटी ही सबसे अधिक विश्वसनीय और सेवाभावी होती है। विवाहित स्त्री दो परिवार के बीच एक सेतु बनकर जोड़ती ही है। गौरतलब है कि वर्तमान में महिलाएं कुछ क्षेत्रों में आगे हो चुकी हैं किंतु संख्या की दृष्टि में उनका अनुपात कम होना चिंतनीय विषय है। राष्ट्रीय कर्तव्य है कि बेटियों को लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनायें ।

**– बीएल शर्मा, हजारीबाग**

# राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत रानी लक्ष्मीबाई आज भी प्रेरणास्रोत

## सामयिक

**डॉ. वंदना सेन**

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की थी कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रूप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की।

ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं। सन्‌ 1850 में मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया। 27 फरवरी, 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी और झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। यह सूचना पाते ही रानी के मुख से यह वाक्य प्रस्फुटित हो गया, मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। यहीं से भारत की प्रथम स्वाधीनता क्रांति का बीज प्रस्फुटित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। बहुत दिन तक युद्ध का क्रम इस प्रकार चलना असंभव था। सरदारों का आग्रह मानकर रानी ने कालपी प्रस्थान किया। वहां जाकर वे शांत नहीं बैठीं। उन्होंने नाना साहब और उनके योग्य सेनापति तात्या टोपे से संपर्क स्थापित किया और विचार-विमर्श किया। रानी की वीरता और साहस का लोहा अंग्रेज मान गए, लेकिन उन्होंने रानी का पीछा किया। कालपी में महारानी और तात्या टोपे ने योजना बनाई और अंत में नाना साहब, शाहगढ़ के राजा, बानपुर के राजा मर्दन सिंह आदि सभी ने रानी का साथ दिया। रानी ने ग्वालियर पर आक्रमण किया और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। विजयोल्लास का उत्सव कई दिनों तक चलता रहा, लेकिन रानी इसके विरुद्ध थीं। यह समय विजय के उल्लास का नहीं था, अपनी शक्ति को संगठित कर अगला कदम बढ़ाने का था। इधर जनरल स्मिथ और मेजर रूल्स अपनी सेना के साथ संपूर्ण शक्ति से रानी का पीछा करते रहे और आखिरकार वह दिन भी आ गया जब उसने घमासान युद्ध करके ग्वालियर का किला अपने कब्जे में ले लिया। रानी लक्ष्मीबाई इस युद्ध में भी अपनी कुशलता का परिचय देती रहीं। 18 जून, 1858 को ग्वालियर का अंतिम युद्ध हुआ और रानी ने अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया।

# जनजातीय समुदाय का सम्मान और राष्ट्रीय एकता

## विचार

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनजातीय समुदाय के सम्मान का नया अध्याय लिखा है। देश में पहली बार जनजातीय समाज की महिला सर्वोच्च पद पर आसीन हुई है। पहली बार जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ हुआ है। आजादी के अमृत महोत्सव में अनेक उपेक्षित राष्ट्रनायकों को प्रतिष्ठित किया जा रहा है। अमृत महोत्सव के माध्यम से राष्ट्रीय प्रेरणा का नया दिन भी घोषित किया गया। अब देश प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस भी मनाएगा। इस दिवस का प्रथम आयोजन गत वर्ष हुआ था। तब प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में बिरसा मुंडा की मूर्ति का वर्चुअल लोकार्पण किया था। इसके अलावा भोपाल में विश्वस्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया गया।बिरसा मुंडा और रानी कमलापति के महान योगदान से देश की नई पीढ़ी परिचित हुई। जनजातीय समुदाय में भगवान बिरसा मुंडा का बड़ा सम्मान है। वह राष्ट्रनायक के रूप में पूरे देश के लिए सम्मान की विभूति हैं। रानी कमलापति का भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर, 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलीहातु गांव में हुआ था। उन्होंने जनजातीय समुदाय को लामबंद कर ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। मुंडा विद्रोह को उलगुलान नाम से भी जाना जाता है। बिरसा मुंडा को 1895 में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दो साल के कारावास की सजा दी गई। उन्हें लोग सम्मान से धरती आबा कहते थे। खूंटी थाने पर हमला कर अंग्रेजों को चुनौती दी गई। तांगा नदी के किनारे ब्रिटिश सेना पराजित भी हुई थी। डोम्बरी पहाड़ पर संघर्ष हुआ। उन्हें चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में ही उनका निधन हो गया। मध्य प्रदेश के रेलवे स्टेशन हबीबगंज भोपाल का अंतिम गोंड शासक रानी कमलापति के नाम पर नामकरण किया गया। वह 18वीं शताब्दी की गोंड रानी थीं। यह पहली बार है, जब जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अब तक ये सेनानी स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक रहे हैं। जनजातीय समुदाय ने प्राचीन काल से ही जम्मू-कश्मीर,मणिपुर, नागालैंड सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास किया है और देश की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है। आजादी से पहले भी जनजातीय नायकों ने भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभाई। रानी कमलापति का नाम रेलवे स्टेशन से जोड़ने से गोंड समाज सहित सम्पूर्ण जनजाति वर्ग का गौरव बढ़ा है। आजादी के बाद देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर जनजातीय कला, संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को गौरव एवं सम्मान प्रदान किया गया है। भगवान श्रीराम और जनजातीय समाज का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। जनजातीय समाज की परंपराओं, रीति-रिवाज और जीवनशैली से प्रेरणा मिलती है। सरकार निरंतर उनके कल्याण के कार्य कर रही है।

सरकार द्वारा बीस लाख जनजातीय व्यक्तियों को वनभूमि के पट्टे प्रदान किए गए हैं। जनजातीय युवाओं के शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए देशभर में साढ़े सात सौ एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय खोले जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा तीस लाख विद्यार्थियों को हर वर्ष छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकार द्वारा नब्बे वन उपजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## पुलिस, सीसीएल सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के बावजूद

# बेखौफ जारी है कोयला तस्करी

**अविनाश सिंह**

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र में पुलिस और सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा कोयला तस्करी पर कार्रवाई करने और अंकुश लगाने के बावजूद भी दोनों विभाग के आंखों में धूल झोंककर कोयला तस्कर बेखौफ तस्करी करने में लगे हैं।दोनों विभाग के लोग पकड़ने के प्रयास तो करते हैं। लेकिन कोयला चोर थाना और सीसीएल सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों को आंखों में धूल झोंककर जंगली रास्तों से टेंपू,बाइक,ट्रैक्टर,407,907 और साइकिल गुजर जाते हैं।कोयला तस्कर जानते हैं कि रात में पुलिस और सीसीएल सुरक्षा विभाग के लोग जंगल में छापेमारी करने नहीं जा सकती है। जिसका मौका का फायदा उठा रहे हैं कोयला तस्कर। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस पर रोक लगाने के लिए जान को जोखिम में डालने के बराबर है। सूत्र आगे बताते हैं कि पुलिस और सीसीएल सुरक्षा विभाग इस तस्करी को रोक पाना इनकी बस की बात नहीं है। कारण की जितने वाहन कोयला लेकर चलते हैं सभी जंगली रास्ते होकर जाते हैं। जिस कारण दोनों विभाग के लोग जान को जोखिम में डालना नहीं चाहते हैं।कोयला तस्कर जानते हैं कि दोनों विभाग के लोग दिन में ही कार्रवाई कर सकते हैं। रात में जंगलो में कार्रवाई से कतराते है।जिस कारण कोयला तस्कर बेखौफ इस कार्य को गति दे रहे हैं।दोनों विभाग के लिए मूकदर्शक बनकर देखना मजबूरी है।



कोयला ले जाते लोग

## प्रधानाध्यापक बच्चे के साथ कर रहे खिलवाड़

# सात शिक्षकों में तीन शिक्षकों को एक साथ दे दी छुट्टी

### बच्चो के पढ़ाई पर हो रहा प्रतिकूल असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ईचाक।** राजकीय मध्य विद्यालय अलोंजा खुर्द में कुल 7 शिक्षक नियुक्त हैं जिसमें एक प्रधानाध्यापक दो सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है एवं 4 सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। इस विद्यालय में कुल 8 वर्ग संचालित है एवं बच्चों की संख्या लगभग 300 है। पंचायत के मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता ने ग्रामीणों के शिकायत पर गुरूवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पाया कि विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद मेहता के अलावे तीन और शिक्षक विद्यालय में उपस्थित थे । जबकि गांव के ही 3 सहायक अध्यापकों को एक साथ छुट्टी दे दी गयी थी। इस तरह शिक्षकों की उनुपस्थिति के कारण वर्ग बाधित रहे और बच्चे पढ़ाई करने की जगह विद्यालय के बाहर खेलते नजर आये। मुखिया ने बताया कि प्रधानाध्यापक को पूछे जाने पर कहा कि दो अध्यापक विनोद पासवान एवं अनंत कुमार मेहता दसकर्मा श्रद्धा कर्म का आवेदन देकर स्कूल से गायब थे जबकि सहायक अध्यापिका किरण देवी घर के जरूरी काम से आवेदन देकर गायब थी। देखा गया कि किरण देवी के आवेदन पर प्रधानाध्यापक का स्वीकृति भी नहीं था।

# आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत जेएसपिएलएस द्वारा संचालित हरली कलस्टर में आजीविका महिला संकुल संगठन का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीपप्रवजल्लित कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्या गीता देवी विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातुन जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी,दारू पंचायत मुखिया सुनील कुमार बी पी एम सुनील राणा पत्रकार रौशन सिन्हा को फूल माल्यार्पण तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समूह की दीदियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुड़िया साहू ने किया। महिला संगठन की कोषाध्यक्ष रंभा देवी के द्वारा वार्षिक आय व्यय का लेखा जोखा वहां उपस्थित अतिथियों और समूह की दीदियों के बीच प्रस्तुत किया गया। प्रखंड में 14 वी ओ में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन वी ओ हरली वी ओ,जोहानिया वी ओ और पिपचो वी ओ के सदस्य दीदियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार रौशन सिन्हा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे भारत मे महिला सशक्तिकरण देखने को मिल रहा है जहाँ पहले महिलाएं घर से बाहर नही निकलती थी आज अपने घरों से बाहर निकल कर अपने परिवार के लिए आर्थिक सहयोग कर रही है। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से अध्यक्ष काजल देवी बिंदु देवी, गुड़िया साहू, ललिता वर्मा, बबलू कुमार, जिला देवी, बबिता देवी, पुष्पा कुशवाहा, ममता देवी सहित ईसी सदस्य तथा सैकड़ो की संख्या में समूह की दिदिया उपस्थित थी।



मौके पर शामिल लोग

## पदयात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने की बैठक

**बरही।** प्रखंड भवन स्थित विधायक कक्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण विधान सभा स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा के तहत बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में 26 नवंबर को बरही विधानसभा स्तरीय पदयात्रा चौपारण प्रखंड में पार्टी के द्वारा तय की गई है।बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी एवं जिला महासचिव विनोद यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक रहेगा। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जिस उद्देश्य से पदयात्रा पर निकलें है, वह निश्चित तौर पर सफल नजर आ रहा है। वहीं जिला महासचिव बिनोद यादव ने कहा कि कहा कि यह यात्रा इतिहास लिखेगी। यह पदयात्रा एकता की ताकत दिखाने, कदम से कदम मिलाने और सपनों का भारत बनाने के लिए है। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य ही भारत के सभी नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का है।

## किसानों की समस्याओं का समाधान ही मेरी पहली प्राथमिकता : अंबा



विधायक अंबा प्रसाद के साथ पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा चिकोर और देवरिया पैक्स के विकास के लिए कई अनुशंसा की है। मालूम हो कि चिकोर पैक्स में गोदाम सह कार्यालय एवं कोल्ड स्टोरेज नहीं है। इसे लेकर पैक्स के आवेदन पर अंबा प्रसाद द्वारा गोदाम निर्माण और कोल्ड स्टोरेज की अनुशंसा की गई एवं देवरिया पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र खोलने की अनुशंसा की गई। देवरिया एवं चिकोर पैक्स कृषि बहुल क्षेत्र है। यहां बताना लाजमी होगा कि चिकोर पैक्स द्वारा हमेशा किसान हित के लिए विगत कई वर्षों से सैकड़ों कार्य किए जा चुके हैं। इधर विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा से किसानों में हर्ष का माहौल है। विधायक द्वारा किया गया अनुशंसा से हजारों किसान लाभान्वित होंगे। साथ ही भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। किसानों ने चिकोर व देवरिया पैक्स के विकास के लिए किए गए अनुशंसा पर हर्ष जताते विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है। इधर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि किसानों के समस्याओं का हर हाल में समाधान होगा। हर्ष व्यक्त करने वालो में चिकोर पैक्स अध्यक्ष इंद्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा, देवरिया पैक्स अध्यक्ष राजदेव मुंडा, सिकंदर राम सहित दर्जनों किसान शामिल हैं।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता के साइड इफेक्ट्स

### 29 बच्चे एक ऑटो में सवार, जिम्मेवार कौन?

# क्या हादसे का इंतजार कर रहा है जिला प्रशासन

### बच्चो को ऑटो में ठूंसकर गंतव्य स्थल पर पहुंचाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** झारखंड प्रदेश के विभिन्न प्रखंडों में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराया जा रहा है। इसी के तहत प्रखंड मैदान में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से बच्चे भाग लेने के लिए बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लाया जा रहा है। जहां एक ऐसा नजारा दिखा। जिसने सबको अचंभित एवं चिंतित कर दिया। खेल समाप्त होने के बाद दौड़े दौड़े राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कदवा के बच्चे घर जाने के लिए अपने ऑटो में आएं। देखते ही देखते एकाएक लगभग 29 बच्चे ऑटो में सवार हो गए। ऑटो का चालक व्यवस्थित रूप से किसी वस्तु की तरह बच्चो को ठूसकर बैठाया। उक्त बात की जानकारी लेने के लिए विद्यालय के उपस्थित शिक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पैसा नहीं दिया जाता है, मात्र 500 ही मिलता है। उसमे कितना से गाड़ी करे, इसलिए इसी तरह उन्हें लाए है। पूछे जाने पर की इस तरह से अगर बच्चो के साथ कोई अनहोनी घटना घटती है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा तो शिक्षक ने कहा कि मुझे क्या पता? मैं नहीं जानता, विभाग एवं प्राचार्य समझेंगे। उक्त घटना के बाद विचारणीय है कि क्या सरकार का यह कार्यक्रम बच्चो की प्रतिभा को निखारने की योजना है?, या फिर इस योजना की आड़ में अधिकारियों के द्वारा कोई दबाव? या फिर उन्हें सुरक्षितरूप से उनके अभिभावकों को सुपुर्द करना भी है। ये एक चिंताजनक विषय बनता जा रहा है।



खेलो कार्यक्रम में शामिल होने वाले स्कूली बच्चों की स्थिति

**एक नजर में**

## सब्जी विक्रेता से डेढ़ लाख की मांगी रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद है चोरी, लूट , छिनतई की घटना बढ़ती जा रही है। जमीन को लीज पर लेकर खेती करने वाले किसानों से बुधवार की शाम चार बजे फोन कर डेढ़ लाख रुपैये की रंगदारी मांगी गई रकम नही देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई। इस बारे में भुक्तभोगी कामेश्वर कुमार पिता परविल महतो ग्राम सिला इचाक नावाटांड़ जिला सिमरिया निवासी ने बताया कि उसके नम्बर पर दो अलग अलग नम्बर से रंगदारी के लिए फोन आया जिससे वे काफी डरे सहमे हुए है। युवक ने बताया कि वह अपने चार साथियों के साथ रामदेव खैरिका पंचायत के कवालु में जमीन लीज पर लेकर टमाटर की खेती करते है उसके अन्य साथी चुरचू और इरगा में खेती करते है। हम सब खेतो में किनारे सोते है अब इस तरह की घटना होने से उनके सभी साथी काफी डरे हुए है। इससे पहले 8 अकटुबर को कवालु से एक लाख पांच हजार,12 अकटुबर को चुरचू से बीस हजार, 15 अकटुबर 2022 को इरगा से पांच हजार कुल 1 लाख 30 हजार की लूट हुई थी जिसकी सूचना दारू थाना को उसी समय दी थी पर लूटेरों पर कोई कारवाई नही हुई जिससे उनका हौसला बढ़ गया है और अब वे दोबारा मेहनत की कमाई को लूटने का प्रयास कर रहे है।इस बारे में भुक्तभोगी ने दारू थाना प्रभारी अमित कुमार से मिलकर आपबीती बताई और लिखित में आवेदन देकर जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने सक्रियता दिखाते हुए तुरंत जांच करने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

## उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा



प्रखंड का दौरा करतीं उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के अवसर पर गोला प्रखंड के बरलंगा पंचायत अंतर्गत लुकैयाटांड में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने लुकैयाटांड मैदान में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के दिन स्थल पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने व समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिया। दौरे के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा में भी संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया व सुरक्षा दृष्टिकोण से विभिन्न व्यवस्थाएं करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

इन सबके अलावा दौरे के दौरान उपायुक्त ने हेलीपैड, गार्ड ऑफ ऑनर आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सौरव प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संतोष कुमार सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जविप्र के दुकानदार लौटायेंगे इपोस मशीन, नहीं मिल रहा समयानुसार राशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, डूमर, टाटीझरिया, बेडम, धर्मपुर, डहरभंगा आठो पंचायत अंतर्गत कई गांवों में जविप्र दुकानदार इपोस मशीन और इंटरनेट की बदहाली से परेशान हैं। हाल यह है कि दिनभर लाइन में लगे रहने के बाद पांच सात लाभुकों को भी राशन नही दे पा रहे हैं। लाभुकों को दुकानों से बैगेर राशन के ही मायूस हो अपने घर वापस लौटना पड़ रहा है। लाभुकों ने उक्त मामले को ले प्रखण्ड के 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी से शिकायत की। मामले को संज्ञान में ले श्री सोनी ने लक्षित ज.वि.प्र दुकान का अनुज्ञप्ति सं.- 26/85 का ओचक निरीक्षण किया और दुकानदार विजय प्रकाश मेहता से पूछताछ किया।



परेशानी बताते दुकानदार

**क्या कहते हैं दूकानदार :** इपोस मशीन में 2ऋरहने के कारण प्रखण्ड क्षेत्र के आठो पंचायत के जविप्र दुकानदारों का सरदर्द बन गई हैं क्योंकि हम सभी दुकानदुकानदार कभी खराब नेटवर्क तो कभी सर्वर डाउन रहने के कारण लाभुकों को राशन नही दे पा रहे हैं। बहुत जल्द हम सभी प्रखण्ड के जविप्र दुकानदार आपूर्त विभाग को इपोस मशीन वापस कर देंगे। चुकी जिला के सबंधित खाद्य आपूर्ति विभाग को अब तक कई बार सूचनाएं दी गई है। लेकिन समस्याओ का समाधान कर पा रहे हैं। दुकानदारों को ग्राहकों द्वारा भला बुरा सुनना पड़ रहा है। दिन भर नेटवर्क और सर्वर का हमलोग इंतजार ही करते रहते हैं। उपभोक्ताओं की भीड़ दुकान के बाहर प्रातः-4:00बजे से दिन भर घण्टो लगा रहता है। श्री सोनी ने समस्याओ को सुन देखकर चकित हो गए। और खाद्य आपूर्ति विभाग के लापरवाही से नाराजगी जाहिर किया।

## ट्रक, हाइवा में हुई जोरदार टक्कर, बाल- बाल बचे चालक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** एनएच -100 के नायक प्रधान जी गुलाबजामुन वाला होटल टाटीझरिया के सामने बुधवार की रात 11:30 बजे अपराह्न कोयला लदे ट्रक (जेएच 13 एफ 8399) और हाईवा (जेएच 02 एक्यू 9210) में आमने-सामने से टक्कर हो गई। इसमें सवार दोनों वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार ट्रक आम्रपाली से बंगाल जा रही थी और हाईवा टाटीझरिया के मुरूमातु से मेरू जा रही थी। ट्रक चालक और प्रत्यक्षदर्शी होटलकर्मियों के अनुसार ट्रक दुर्घटनास्थल के पहले पुलिया के पास अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही हाईवा से जा टकराई। ट्रक और हाईवा दोनों वाहनों में सिर्फ चालक ही सवार थे। इनमें ट्रक चालक के अंगुली जख्मी हो गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर राहत कार्य में मुखिया सुरेश यादव, चंद्रदेव यादव, अनिल मेहता, सुमन मेहता, अमृत प्रसाद, पंकज कुमार, टाटीझरिया पुलिस व अन्य जुट गई थी। बता दें कि एनएच-100 के पुल-पुलियों के पास सडक के समतलीकरण नहीं होने के कारण तेज रफ्तार वाहनों का आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

# देश में कांग्रेस पार्टी का ग्राफ काफी बढ़ा: गौतम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम को लेकर दिन बुधवार को पदमा प्रखंड अंतर्गत कुटीपीसी पंचायत में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के नेतृत्व में कुटीपीसी पंचायत के गरवा कुटीपीसी दोनई कला से कार्यकर्ता नावाडीह चौक पहुंचे। भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक प्रखंड में हो जिसको लेकर आवश्यक विचार विमर्श करते हुए सभी कार्यकताओं की जिम्मेवारी सौंपी एवं भारत जोड़ो पदयात्रा का पंचायत अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद मेहता को बनाया गया। वही सचिव लखन कुमार मेहता को बनाया गया। इन लोगों के नेतृत्व में नावाडीह होते हुए चौक तक पदयात्रा कर कार्यक्रम को समापन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में कॉन्ग्रेस पार्टी का ग्राफ काफी बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी देश की जनता से जुड़ रही है साथ ही आज देश की जनता भरी निगाहों से कांग्रेस पार्टी की ओर देख रही है।साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आगामी 26 नवंबर को चौपारण में प्रदेश स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम किया जाना है। जिसमें पदमा प्रखंड से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे।



मौके पर उपस्थित लोग

मौके पर ओटीपीसी पंचायत के भाग-2 के पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर प्रसाद मेहता, ओटीपीसी पंचायत के उप मुखिया लखन कुमार मेहता, सूरजपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास, गौरी शंकर कुमार, बिरजू कुमार चौबे, मोहम्मद मुस्लिम, राधेश्याम, अशोक कुमार, बिरजू कुमार, रामा कुमार, रामदेव मेहता, रामचरित्र प्रसाद, मेहता पंकज कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक



बैठक में उपस्थित संघ के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने बलकुदरा में लोकल सेल खोलने को ले पिछले दिनों बरका-सयाल जीएम को मांग-पत्र सौंपा था। ग्रामीणों के हक-अधिकार मामले को ले संघ ने अभियान छेड़ दिया है। इसके तहत बलकुदरा पंचायत के हर टोला-मुहल्ला में बैठक कर संघ को मजबुत करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कहा जा रहा है कि जिसकी धरती उसका काम नहीं तो होगा चक्का जाम आंदोलन होगा। हर हाल में सीसीएल प्रबंधन को पहल करते हुए बलकुदरा में लोकल सेल खोल रोजगार व मालिकाना हक देना होगा। अभियान में संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुन्डा ग्रामीणों से एकजुट होने की अपील कर रहें हैं। ताकि ग्रामीणों को रोजगार एवं मालिकाना हक मिल सके। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा, विनय कुमार, ललित प्रसाद, रंजीत प्रसाद, पवन कुमार मुंडा, दिलीप प्रसाद, प्रेम प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, दीपक कुमार पाहन, सुनील करमाली, रमेश प्रसाद, अरुण प्रसाद, करण साहू, शुभम मुंडा, सूरज बाडा, अनीश बाडा, जितेंद्र कुमार, विष्णु सोनी, सुनील करमाली, बादल प्रसाद, प्रदीप मुंडा, शंकर कुमार मुंडा, महेश मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, संतोष प्रसाद, मनोज मुंडा, नवल प्रसाद, प्रेम मुंडा, रामचंद्र साहू, अजीत कुमार, संजय प्रसाद, बजरंग यादव, संतोष मुंडा, मुन्ना मुंडा आदि ग्रामीण शामिल थें।

# विज्ञान प्रदर्शनी व शिल्प कला मेला से होता है सर्वांगीण विकास : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** ज्ञानोदय विकास विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एवं आर्ट व शिल्प मेला का आयोजन प्राचार्य रियासत हसन, विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजन किया गया. इसका संचालन शिक्षक कुलदीप कुमार राणा ने किया।मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी के आर ओ मृत्युंजय कुमार ,विधि विभाग के सतीश लाल,अरुण मुखर्जी, मुखिया रंजीत कुमार मेहता, अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव सिकंदर सोनी, संदीप कुमार कुशवाहा, बुद्धि नाथ महतो को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ने मेला को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में विज्ञान एवं आर्ट शिल्प मेला लगाने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना में वृद्धि होती है। बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।मेला में विज्ञान प्रदर्शनी के लिए 10 स्टाल एवं आर्ट शिल्प के लिए 7 स्टाल लगाए गए थे।विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण से बचाव, डे एंड नाइट,पानी बचाने,रोबोट जेसीबी मशीन,हाइ फाइ प्रोजेक्ट आदि विषयों पर बच्चों ने मॉडल प्रदर्शनी किया।बच्चे खुद से सामग्री तैयार कर मेला में बिक्री किया। विज्ञान प्रदर्शनी व शिल्प कला में भाग लेने वाले में मुख्य रूप से सोनम भवानी, पुष्पांजलि भवानी, आर्यन कुमार, सुनीता कुमारी, पीयूष वर्मा सुशांत कुमार, जय हिंद कुमार, उदय कुमार, शुभम कुमार, आलोक कुमार, विधि कुमारी, निक्की कुमारी समेत अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर उप प्राचार्य अरुण कुमार भारती, शिक्षक शिक्षिकाओं में रिचा वर्मा, अनामिका कुमारी, रिंकी कुमारी, संजय दांगी, इंदु कुमारी, रूपा कुमारी समेत अभिभावक गण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## ज्ञानोदय विकास विद्यालय में विज्ञान व शिल्प कला मेला का आयोजन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

स्पीड न्यूज

## क्रिकेटरों ने सांसद का मनाया जन्म दिन



**लोहरदगा।** क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का जिले के युवा क्रिकेटरों ने जन्मदिन मनाया। इस मौके पर धीरज प्रसाद साहू के आवास में पहुंचकर युवा क्रिकेटरों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही राज्यसभा सांसद ने केक काटकर जन्मदिन की अपनी इस खुशी को सभी के साथ साझा किया। राज्यसभा सांसद के जन्म दिन के उत्सव के इस मौके पर सांसद के प्रतिनिधि अशोक यादव, युवा क्रिकेटर अमित कुमार, आशीष कुमार,अमित वर्मा , आकाश खत्री, जयजीत, विकास नायक और प्रेम मौजूद थे।

## भंडरा में बालू लदा पांच हाइवा जब्त



**भंडरा ।** थाना पुलिस ने गुरुवार की अहले सुबह गश्ती के दौरान पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो से रांची जा रहे पांच ओवर बालू लोड हाइवा को जब्त कर खनन विभाग व परिवहन विभाग सूचना दिया है। जिसमें खनन विभाग ने जांचोपरांत 50-80 हजार तक एक-एक हाइवा से जुमार्ना वसूला है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि गुप्ता सूचना मिली थी कि भंडरा-सिसई मुख्य पथ से अहले सुबह-सुबह अवैध बालू हाइवा से रांची ले जाया जाता है। इसपर भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा द्वारा पझरी गांव के समीप सुबह के छह बजे ओवर बालू लोड हाइवा को जब्त कर थाना लाया गया। जिसकी सूचना भंडरा थाना पुलिस द्वारा खनन व परिवहन विभाग को दिया गया था, जिसपर चालान में अंकित बालू की मात्रा 450 सीएफटी से अधिक मात्रा में बालू ले जाया जा रहा था। जिसपर खनन विभाग द्वारा 50-80 हजार तक का एक-एक हाइवा से जुमार्ना की राशि की वसूली की गई। भंडरा थाना पुलिस द्वारा जब्त हाइवा संख्या जेएच जीरो एक डीएस-7721, जेएच जीरो सात एच-9988, जेएच जीरो एक इएल-2543, जेएच जीरो एक डीएल-1794 व जेएच जीरो एक सीसी-8447 शामिल है।

## वीएचपी की शोभा यात्रा 11 दिसंबर को



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला समिति की बैठक जिला संयोजक सचिन कुमार कि अध्यक्षता में की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 11 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे गीता जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य पथ संचलन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। विश्व हिंदू परिषद संरक्षक राजेंद्र खत्री के द्वारा कहा गया कि इस बार के शौर्य पथ संचलन शोभा यात्रा में सभी सनातन व्यापारी गण अपने दुकान को बंद कर पथ संचलन में शामिल होकर शोभा यात्रा में शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत से राम भक्त आकर सम्मिलित हो। धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख सतीश पांडे ने बतलाया कि 5 तारीख से लेकर 8 तारीख तक लोहरदगा जिला के सभी प्रखंड में बाइक द्वारा शोभा यात्रा निकाला जाएगा। बैठक मैं उपस्थित सिन्हा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू, कैरो प्रखंड अध्यक्ष जीतवाहन साहू, कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत अध्यक्ष रोहित वर्मा, लोहरदगा प्रखंड बजरंग दल संयोजक सूरज दसोंदी, बजरंग दल सदस्य अंकित साहू, बिस्वजीत घोष, चिंतक अभियान के लोहरदगा प्रखंड के रमेश चंद्र कुवर, लोहरदगा जिला के सहसंयोजिका खुशबू अग्रवाल एवं समाजसेवी राखी अग्रवाल, मनोज महली आदि लोग मौजूद थे।

## फसल राहत योजना के जमा हुए आवेदन

**कैरो।** झारखंड राज्य फसल राहत योजना का लाभ लेने को लेकर अंचल क्षेत्र के हुदू, खरता, सढ़ाबे के प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा शिविर के माध्यम से एक एकड़ से पांच एकड़ तक खेती करने वाले किसानों का आवेदन जमा किया गया। मौके पर मुखिया श्रवण मुंडा, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, केंद्र संचालक नौशाद अली, मृत्युंजय तिवारी इत्यादि मौजूद थे। शिविर के माध्यम से 25 आवेदन जमा किया गया।

# देश को तोड़ रहीं हैं संप्रदायिक शक्तियां : सुखदेव

## विशुनपुर में कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुरूवार को भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा निकाला गया। दस पदयात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व राजू भगत ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, प्रदेश डेलीगेट शिवकुमार भगत, राजनील तिग्गा, भारत जोडों यात्रा के जिला संयोजक चैतु उरांव शामिल हुए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर है। वहीं साम्प्रदायिक शक्तियों के द्वारा भारत को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस पार्टी जनता को जगाने का काम कर रही है। शिव कुमार भगत ने कहा कि देश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है और जनता त्रस्त हो गई है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। देश को संप्रदायिक उन्माद में धकेला जा रहा है। कांग्रेस पार्टी भारत जोडों यात्रा के माध्यम से लोगों से आपसी सौहार्द्र बनाये रखने व देश विरोधी शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील कर रही है। जिला संयोजक चैतु उरांव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश में आपसी एकता को बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में पदयात्रा कर लोगों को देश के प्रति जागृत कर रही है। इस अवसर पर आलोक कुमार साहु, महावीर उरांव, भदेश्वर उरांव, संजय बाड़ा, चन्द्र लोहरा, बंधन उरांव, जय सिंह ,रफी अली,अमित साहु, सुनिता देवी, लक्ष्मी उरांव,बिरसमनी देवी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुमला में पत्रकारों का बनेगा राशन और आयुष्मान कार्ड

**विशेष हेल्थ कैंप में पत्रकारों की हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की हुई जांच**

## मीडिया कर्मियों का जीवन बहुत कष्टदायक : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला में स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते उपायुक्त व अन्य।

**गुमला।** मीडिया कर्मियों को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने के लिए गुरुवार को जिला जनसंपर्क विभाग के द्वारा जनसंपर्क कार्यालय सभागार विशेष शिविर लगा। जिसमें मीडिया कर्मियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित सरकार द्वारा संचालित बीमा योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कैंप लगा। जिसमें मीडिया कर्मियों का हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव, एलडीएम आबिद हुसैन व प्रेस के साथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि पर्दे के पीछे मीडिया कर्मियों का जीवन बहुत कस्टदायक है। इसलिए उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार विकास के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य की भी चिंता करें। यह शिविर एक माध्यम है यह विश्वास दिलाने का कि पत्रकारों के हर सुख दुख में जिला प्रशासन भी साथ है। सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पत्रकारों को हर संभव सहायता करेंगे। उन्होंने पत्रकारों को बीमा करवाने , राशन, आयुष्मान कार्ड बनाने आदि हेतु सुझाव दिया। उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से सुझाव भी मांगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन अब हर माह में करने की आवश्यकता है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से सरकार द्वारा संचालित बीमा योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर बैंक के प्रतिनिधियों व जेएसपीएल के पदाधिकारी के द्वारा उनके विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। वहीं शिविर का उपायुक्त ने निरीक्षण किया और तत्काल सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिये। कार्यक्रम में एलडीएम आबिद हुसैन, डीपीआरओ संजय कुमार, प्रेस से अमरनाथ कच्छप, दुर्जय पासवान, हरिओम सुधांशु, जितेंद्र सिंह, अश्विनी दास, दीपक राम काजू, निर्मल सिंह, किशोर जायसवाल, उपेश पांडेय, प्रमोद दास, अफताब अंजुम, अनिल सागर सिंह, अंकित चौरसिया, सुशील कुमार, पंकज कुमार सहित कई अधिकारी व मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## रेसलिंग में भाग लेने के लिए गुमला के चार खिलाड़ी यूपी गये

**गुमला।** उत्तर प्रदेश के गोंदा ( अयोध्या) में 24 से 27 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग रेसलिंग कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला से चार चयनित खिलाड़ी झारखंड राज्य टीम के साथ रवाना हुए। मौके पर गुमला स्पोर्ट्स एकेडमी के सैयद जुन्नू रैन ने कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गुमला स्पोर्ट्स एकेडमी के बालिका व बालक वर्ग के चयनित खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में मेडल जीतने के साथ ही झारखंड राज्य की टीम का नाम रौशन करने की अपील करते हुए उन्हें विदा किया। उतर प्रदेश के गोंदा में आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में गुमला से झारखंड टीम में पुरुष वर्ग में आदित्य साहू व चंदू कुमार एवं महिला वर्ग में रीता सुरीन वकलावती ( अलका) कुमारी शामिल है। सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि विगत दिनों राजधानी रांची नामकुम में सम्पन्न हुआ ग्रेपलिंग रेसलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद उपरोक्त बालक बालिकाओं को झारखंड राज्य से जाने वाली टीम में चयनित किया गया है।

# आटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता बनीं अध्यक्ष

**महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए समिति गठित**

**गुमला।** अधिनियम 2013 के अंतर्गत महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष 2013) के तहत निजी व शासकीय कार्यालयों में होने वाले महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गुमला उपायुक्त की ओर से एक स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एक अध्यक्ष और तीन सदस्यों की नियुक्ति की गई है। समिति में शासकीय अधिकारियों के अलावा स्वयं सेवी संस्था की महिलाएं भी शामिल है। इस समिति का कार्यकाल तीन साल तक रहेगा। इस समिति के द्वारा मिलने वाली शिकायत पर जांच कर आदेश पारित करने का अधिकार रहेगा। उपायुक्त की ओर से इस समिति को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न के मामले में महिलाओं को जिस मानसिक तनाव और अपमान से गुजरना पड़ता है। सरकार द्वारा जारी नए सख्त दिशा-निदेर्शों के चलते अब लेगिंग यौन उत्पीड़न के मामलों में महिलाओं को इस यंत्रणा से मुक्ति मिल सकेगी। क्योंकि कार्यस्थल पर अपने खिलाफ हो रहे ऐसे अभद्र व्यवहार को लेकर अधिकतर महिलाएं इसी मानसिक यंत्रणा से बचने के लिए आवाज नहीं उठातीं। कार्यस्थल पर महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता को प्रोत्साहन देने के बावजूद कार्यस्थलों पर अप्रिय स्थिति दिखाई पड़ती है। कार्यस्थल पर महिलाएं मौखिक, मानसिक और शारीरिक शोषण का शिकार बनती हैं। क्योंकि आमतौर पर पीड़ित अधिकतर महिलाएं अपने साथ दुर्व्यवहार की रिपोर्ट तक दर्ज तक नहीं करवाती। महिलाओं पर यौन उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। इस घटना को रोकने के लिए ही शासन द्वारा सख्त नियम कानून बनाने के साथ ही महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है।

**ये हैं समिति में:** इंदु गुप्ता ( आईटीडीए निदेशक) अध्यक्ष , सीता पुष्पा ( जिला समाज कल्याण पदाधिकारी) गुमला पदेन सदस्य, पुष्पा शर्मा ( सामाजिक कार्यकर्ता समाज सेवी संस्था सृजन फाउंडेशन ) सदस्य, रेशमा सिंह ( राज्य समन्वयक अछक स्वयं सेवी संस्था) सदस्य।

## सुखदेव भगत और रामेश्वर उरांव के बीच कानूनी लड़ाई हुई खत्म

**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने मंत्री रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका वापस ले ली है।जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह का कयास लगाया जा रहा है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत से प्रार्थी सुखदेव भगत द्वारा याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। याचिका वापस होने से रामेश्वर उरांव को बड़ी राहत मिली है।

बता दें कि सुखदेव भगत ने अपनी याचिका में कहा था कि लोहरदगा विधानसभा सीट से निर्वाचित होकर विधायक बने रामेश्वर उरांव ने अपने नामांकन में कई तथ्य छिपाए हैं। उन तथ्यों का हवाला देकर याचिकाकर्ता सुखदेव भगत ने अदालत से राज्य सरकार के मंत्री और लोहरदगा विधानसभा से निर्वाचित विधायक रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को चुनौती देते हुए रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को रद्द किए जाने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## भंडरा में एटीएम कार्ड बदलकर साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 50 हजार

**भंडरा ।** भौरों पंचायत के सरना टोली निवासी युवक का एटीएम कार्ड बदल कर साइबर अपराधियों ने 50 हजार रुपये उड़ा दिए। युवक ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। भुक्तभोगी सरनाटोली निवासी ममता उरांव ने बताया कि गुरुवार को भंडरा एसबीआई एटीएम मे कार्ड लेकर रुपये निकालने गये थे। रुपये निकालने के बाद उसका मिलान करते समय एक युवक आया और मेरा एटीएम मांगा। दोनों अपने पास रखे एटीएम कार्ड से मिला तथा मेरा कार्ड आउटडेटेड बताते हुए वापस कर दिए। और वह युवक अपनी बलेनो से चला गया । कुछ समय बाद खाते से 50 हजार रुपये की निकासी का मैसेज आया। इधर मामले की लिखित शिकायत मिलने के बाद भंडरा पुलिस पड़ताल मे जुड़ गई है ।

## लोहरदगा नगर अध्यक्ष के लिए झामुमो केंद्रीय कमेटी को भेजा गया कुरैशी व लोहरा के नाम



**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में नगर अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए मुख्य रूप से दो लोगों का बालमुकुंद लोहरा और आसिफ कुरैशी के नाम उम्मीदवारों के रूप में केंद्रीय कमेटी के पास अंतिम निर्णय हेतु भेजी गयी। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि पार्टी आगामी नगर परिषद के चुनाव में जिले के नगर क्षेत्र के उन सभी वार्ड में अपने पार्टी से संबद्ध प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

# लोहरदगा में राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स 20 जनवरी से

## सफल आयोजन को लेकर समिति गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स मीट को लेकर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक मीट लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम करने का निर्णय लिया गया। मीट के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन करते हुए कार्य दायित्व निर्धारण किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय अशोक यादव, सुखैर भगत, निशिथ जायसवाल, लालमोहन केसरी, संजय बर्मन, मैदान निर्माण समिति में अजय प्रसाद, विनय उरांव, निलेश तमेड़ा, संतोष राम, खिलाड़ियों के आमंत्रण प्रभारी विनय उरांव, प्रभात भगत, पुरस्कार व्यवस्था प्रभारी कैलाश केसरी, ठहरने की व्यवस्था उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा प्रभारी निशिथ जायसवाल, साहू धर्मशाला में लाल मोहन प्रसाद केसरी, प्रदीप विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, कार्यालय प्रभारी नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, हाजी लुकमान अहमद, शकील अख्तर, प्रचार प्रसार प्रभारी सलीम अंसारी, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल कुमार, किशोर कुमार वर्मा, मैदान में विधि व्यवस्था कार्य प्रभारी सोमा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, सरस्वती कच्छप, धनु कांता पन्ना, रिया कुजुर, उदय दत्ता, मनोज पन्ना, जगेश्वर उरांव, तकनीशियन अजय प्रसाद, मनोज गोप, रश्मि खेस, निलेश तमेड़ा, प्रिंस मिंज, संतोष राम, सुनील साहू, विनय उरांव, सुनील उरांव, कयूम खान, नेहा टोप्पो, सुमन तिर्की, जय राम उरांव, दीपक महतो, विनोद महली, किशोर कुमार वर्मा, संध्या सिंह को दिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए रणनीति बनाई गई। उनके आगमन के फलस्वरूप निबंधन से लेकर ठहरने, खाने-पीने की समुचित व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, निशिथ जयसवाल, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल, सलीम अंसारी, प्रभात भगत, हसीन अख्तर, अजय प्रसाद, मनोज कुमार गोप, सोमा उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, धर्मेंद्र उरांव सरस्वती कच्छप, विनय उरांव, उदय दत्ता, जगेश्वर उरांव, मुरारी गोस्वामी, कमल प्रसाद केसरी, लाल मोहन प्रसाद केसरी एवं अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## घाघरा के सेहल में सत्यचंडी महायज्ञ 27 से



घाघरा। प्रखंड के सेहल गांव में 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक होने वाले नव कुंडीय श्री सत्यचंडी महायज्ञ की तैयारी को लेकर यज्ञ स्थल का कार्य हुआ सम्पन्न। इस निमित्त गुरुवार को जानकारी देते हुए महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय ने बताया कि यज्ञ स्थल का कार्य पूरा हो गया है।सेहल पंचायत सहित कई गांव में लगातार समिति के सदस्य द्वारा लोगों को अधिक से अधिक इस युग में शामिल होने की लिए निमंत्रण दी जा रही है महायज्ञ 27 नवंबर से कलश स्थापना के साथ शुरूआत होगी,समापन 6 दिसंबर को होगा। महायज्ञ सफल बनाने में कल्याण बाबा के साथ-साथ, चित्रकूट के मुख्य आचार्य हीरामणि, दितीय आचार्य प्रयागराज से तृतीय आचार्य बनारस से आ रहे हैं वही 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक किशोरी असिता द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन शाम 3:00 बजे से 6:00 बजे तक की जाएगी। वही श्री साय ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।मौके पर कल्याण बाबा, संरक्षक अशोक उराव,अध्यक्ष परमेश्वर साय ,अरबिंद पाठक, बिनु महतो, प्रेमदीप साहू, रामजी प्रजापति, राजेश साहू ,रामलाल महतो, दिलीप साय,अजय महतो, संजय महतो, केवल महतो, रंजन साय, दुर्गा बड़ाइक सहित कई सदस्य शामिल थे।

## जीवन प्रमाण जमा करने की अपील

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज के मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन ने जिले के सभी पेंशनधारियों से निर्धारित समयावधि तीस नंवबर तक अपना जीवन प्रमाण पत्र बैंक में जमा कर देने की अपील की है। गौरतलब है कि पेंशनभोगियों को प्रत्येक वर्ष नंवबर माह में जीवन प्रमाण पत्र दाखिल करने की बाध्यता होती है। पेंशनधारी यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन सबमिट कर उसकी प्रति बैंकों में दे सकते हैं।

## माले का 11 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 15 फरवरी से



**गुमला।** माले जिला समिति की बैठक गुरूवार को सचिव गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर जोन के प्रभारी मोहन गुप्ता शामिल हुए। बैठक में 15 से 20 फरवरी 2023 को आयोजित माले के 11 वें राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिसको लेकर पार्टी का जिले में 18 दिसंबर तक सदस्यता अभियान चलाने, पार्टी को मजबूत करने, प्रचार प्रसार व नुक्कड़ सभा संचालित करने का निर्णय लिया गया। महा अधिवेशन की तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। फोरी व सिलाफारी पंचायतों में बैठक कर विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकताओं को राष्टीय महाधिवेशन की तैयारी में लगाया गया।

## घाघरा ब्लॉक में दो दिवसीय आयुष मेला कल से

घाघरा। घाघरा ब्लॉक परिसर में 26 और 27 नवंबर को दो दिवसीय आयुष मेला लगेगा। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पी प्रसाद ने गुरुवार को बताया कि सरकार के निर्देशानुसार आयुष मेला लगेगा, जिसमें अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर आयुष चिकित्सा का लाभ उठाएं। मेला में स्वास्थ संबंधी जांच की जाएगी साथ ही आयुष से संबंधित कई चीजों की जानकारी लोगों को दी जाएगी और दवा का वितरण भी किया जाएगा। श्री प्रसाद ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

## घाघरा मॉडल डिग्री कॉलेज स्नातक की पढ़ाई शुरू



गुमला। मॉडल डिग्री कॉलेज घाघरा में गुरूवार से स्नातक की कक्षाएं आरंभ हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष अभिप्रेरणा कक्ष का आयोजन किया गया। मौके पर डिग्री कॉलेज के समन्वयक प्रोफेसर अमिताभ भारती ने विद्यार्थियों को पाठ्क्रम से अवगत कराते हुए उन्हें नयी शिक्षा नीति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डिग्री कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए अपने जीवन के उद्देश्यों को पूरा करें। सरकार व विश्वविद्यालय मॉडल डिग्री कॉलेज में हर सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध करा रही है। विद्यार्थी नियमित कक्षाएं कर शिक्षा के उद्देश्य को सार्थक करते हुए अपने परिवार की अकांक्षाओं को पूरा करे। श्री भारती ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के विषय में हर प्रकार की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया अब भी जारी है। वहीं सहायक प्रोफेसर डॉक्टर अरविंद , सुमन आइंद व डॉक्टर अनंत कुमार मिश्रा ने अपने-अपने विषयों की जानकारी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दिव्यांग छात्रा को बीडीओ ने दी ट्राई साइकिल



चैनपुर। आरसी प्राथमिक विद्यालय तिलवारी की पांचवी क्लास में पढ़ने वाली दिव्यांग छात्रा अनुष्का टोप्पो को विद्यालय के शिक्षक संतोष टोप्पो के प्रयास से ट्राई साइकिल मिला। ट्राई साइकिल मिलते ही दिव्यांग अनुष्का के चेहरे में खुशी साफ देखने को मिली।बता दें कि विद्यालय के सहायक शिक्षक संतोष टोप्पो द्वारा विकलांग छात्रा के लिए ट्राई साइकिल की मांग करते हुए बीडीओ को आवेदन दिया गया था। जिस पर तत्काल बीडीओ डॉक्टर सुशील कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए बाल विकास परियोजना के माध्यम से छात्रा को ट्राई साईकिल प्रदान किया। इस संबंध में आरसी प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक संतोष टोप्पो ने बतलाया कि विकलांग छात्रा पांचवी क्लास की छात्रा है। पढ़ाई में काफी तेज है। पिता रोजगार के लिए बाहर चले गए हैं। अनुष्का अपनी मां के साथ ही गांव में रहती है। स्कूल अनुष्का के घर से ज्यादा दूर तो नहीं है पर विकलांग होने के कारण स्कूल आने जाने में काफी कठिनाई होती है। अब ट्राई साइकिल मिलने से बच्ची की शिक्षा जारी रहेगी।

## सरिता ढेलाटोली में तीन दिनों से जमे हैं हाथी

कामडारा। कामडारा प्रखंड के सरिता ढेलाटोली गांव के घने झाड़ियों पर पिछले तीन दिनों से जमे जंगली हाथियों को भगाने के प्रयास में वनकर्मी व ग्रामीण जुटे हुए हैं। लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिलने के कारण आज गुरुवार को वन विभाग की ओर से ग्रामीणों के बीच पुन: पटाखों का वितरण किया गया। जानकारी के मुताबिक गांव सरिता ढ़ेलाटोली में जंगली हाथी रात्रि के वक्त खेतो पर लगी धान की फसलों को भारी मात्रा मे नुकसान पहूंचा रहे हैं। जिसकी सूचना पर रेंजर जॉन रॉबर्ट तिर्की ने क्षेत्र का दौरा किया और शीघ्र हाथियों से क्षेत्र के बाहर कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन गुरुवार को जंगली हाथियों का झूंड झाड़ियों मे डटा रहा।

# 2024 में भी बनेगी महागठबंधन की सरकार : मिथिलेश ठाकुर

## कहा- जहां भी देखें नजर आ रहा है विकास ही विकास

**मंत्री ने किया 13 करोड़ की लागत से 45 योजनाओं का शिलान्यास**
**अत्याधुनिक बस स्टैंड एवं सरस्वती नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं की आधारशिला रखी। मंत्री ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में मुख्य रूप से तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सोनपुरवा में अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैंड, करीब दो करोड़, 71 लाख रुपए की लागत से मझिआंव मोड़ के समीप सरस्वती नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं मझिआंव मोड़ का सुंदरीकरण व हाई फ्लैग मास्ट का अधिष्ठापन शामिल है। ठाकुर ने कहा कि गढ़वा शहर के मझिआंव मोड़ पर स्थित सरस्वती का नदी पुल वर्षो से जर्जर हो गया था। यह अंतरराज्यीय मार्ग है। जिसके कारण आवागमन में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब इसका निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में वर्तमान में 40 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। ताकि यहां दुकान लगाने वाले लोग बेदखल नहीं हो। इसके अलावा 100 अन्य दुकानों का भी निर्माण होगा जिससे अन्य लोगों के रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सोच गढ़वा को विकसित जिलों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार बनते ही विकास को ले चिंतित हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आ रहा है। ऐसी स्थिति बन गई है कि यदि सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाए तो शिलान्यास करने में तीन माह से अधिक समय लग जाएगा। अभी कई योजनाएं पाइपलाइन में हैं। गढ़वा की जनता ने हमें अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसी समय हमने संकल्प लिया था कि गढ़वा को विकसित जिला बनाया जाएगा। गढ़वा के पिछड़ेपन का कलंक मिटाया जाएगा। इसी संकल्प पर हम काम कर रहे हैं। 2019 में जनता ने आक्रोश दिखाया था। भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंका था। 2024 में भी हमारी सरकार बनेगी इसमें कोई संदेह नहीं है। क्योंकि जनता सिर्फ विकास चाहती है और हम विकास कर हैं। मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर के विकास का पैमाना वहां उपलब्ध नागरिय सुविधाओं से आंका जाता है। गढ़वा बस स्टैंड सर्वश्रेष्ठ बस स्टैंड बनेगा। यहां अत्याधुनिक सुविधा संपन्न बस स्टैंड के निर्माण की आवश्यकता थी। जो आज आप सभी के सहयोग से पूरी हो रही है। इसका



निर्माण कार्य 18 माह में पूर्ण कर लिया जाना है, परंतु मेरी चाहत है कि अगले स्वतंत्रता दिवस का झंडोतोलन इस नवनिर्मित बस स्टैंड के प्रांगण से होते हुए मझिआंव मोड़ पर करूं। इसके लिए मंत्री ने संवेदक को कहा कि इसे चुनौती के रूप में लेते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस बस स्टैंड के निर्माण से गढ़वावासी गौरवान्वित होंगे। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमुद कुमार झा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, संतोष केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, घनश्याम प्रसाद, मदनी खान, नीलू खान, आशीष अग्रवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, संजय ठाकुर, रेखा चैबे, रविंद्र गुप्ता, नसीम अख्तर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**यह होगी बस स्टैंड की खासियत**

तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस बस स्टैंड में भव्य मुख्य द्वार सहित 40 दुकाने, रेस्टोरेंट, महिला डोरमेट्री, पुरुष डोरमेट्री, शौचालय की व्यवस्था, पूछताछ केंद्र, प्रतीक्षालय, टिकट घर, दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, एक साथ 20 बसों के ठहराव की व्यवस्था, स्टोर, किचन, ऑफिस जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह बस स्टैंड के गढ़वा का गौरव होगा।

## स्पीड न्यूज

### स्कूलों में हुआ सप्ताहिक टेस्ट



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के नेतृत्व में जिले में चल रहे महत्वाकांक्षी अभियान प्रोजेक्ट रेल के तहत सभी सरकारी स्कूलों में सप्ताहिक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए, गुरुवार को सम्पन्न हुए टेस्ट परीक्षा में अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गयी। गौरतलब हो कि जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और वार्षिक परीक्षा में जिले का बेहतर रिजल्ट को लेकर, डीसी के निर्देश पर जिले के सरकारी स्कूलों के कक्षा षष्ठ से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं के लिए सप्ताहिक टेस्ट परीक्षा लिया जा रहा है, जिला प्रशासन की इस पहल से छात्र छात्राओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### कल से चलेगा विशेष पुनरीक्षण

**कोडरमा।** एसडीओ सह निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने सभी सीओ सह सहायक निर्वाचक पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत कोडरमा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी प्रखण्डों और निकाय क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने समेत वोटरों से सम्बंधित अन्य कार्यों के लिए जिले में अभियान चलाया जाएगा, यह अभियान 26 और 27 नवम्बर तथा 3 और 4 दिसम्बर को चलाया जाएगा। उपरोक्त तिथियों को अपने अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए, सुपरवाइजर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रपत्र 6, 7 और 8 प्राप्त करें।

### जयनगर में मैनेजर समेत दो गिरफ्तार



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद स्टेशन रोड में संचलित इलास्टिक रन कंपनी में रविवार की रात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय के बाहर लगे शटर का ताला तोड़कर लॉकर से नगदी व डीबीआर की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे लेकर जयनगर पुलिस ने गुरुवार को दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर जयनगर थाना कांड संख्या 223/22 में सम्मिलित अभियुक्त 30 वर्षीय रामा शंकर मिश्रा पिता सियाराम मिश्रा, जयप्रकाश नगर थाना धनबाद जिला धनबाद वर्तमान पता परसाबाद थाना जयनगर एवं 24 वर्षीय चंद्रशेखर त्रिपाठी पिता विश्वंभरण त्रिपाठी सियालदंगा थाना कुल्टी जिला पश्चिमी वर्धमान, वर्तमान पता चित्रगुप्त नगर थाना तिलैया निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नावाडीह ने जीता सीएम टूर्नामेंट



**मरकच्चो (कोडरमा)।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022-23 के तहत मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत न. 1 में गुरुवार को फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच के मुख्य अतिथि बीडीओ पप्पू रजक एवं जिप प्रतिनिधि सह भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। फाइनल मैच का उद्घघाटन बीडीओ पप्पू रजक, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया बैजंती देवी एवं देवीपुर पंचायत मुखिया बेदु साव ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया एवं बीडीओ ने फुटबॉल पर कीक मारकर उद्घाटन किया। वहीं फाइनल मैच नावाडीह बनाम लोहोंडियो के बीच खेला गया, जिसमे नावाडीह टीम ने लोहोंडियो को 3 गोल से पराजित कर फाइनल कप अपने कब्जे में किया। वहीं दोनों टीमों को विजेता तथा उपविजेता को कप दिया गया। मैच में रेफरी की भूमिका संजीव विश्वास ने अपना अहम भूमिका निभाया। मौके पर सियाराम यादव, बसंत साव, हरिहर साव, भुनेश्वर राणा, महाबीर प्रसाद वर्मा, पवन यादव, मो. यूसुफ, सुरेश दास, राजकुमार साव, भूजदेव यादव, बासुदेव यादव, कौशल गुप्ता, रामकृष्ण वर्मा, मिथलेश वर्मा, चन्दन राणा, ऐनुल हक्क समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

### मोबिल्ला कंपनी का रिटेलर मीट

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ग्रांड सूर्या होटल हॉल में मोबिल्ला मोबाइल कंपनी का रिटेलर मीट का आयोजन किया गया। इस मीट लगभग 200 रिटेलर शामिल हुए। मीट में कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर राधाकांत बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप से शामिल हुए और उन्होंने कंपनी के व्यापार प्रगति की कई तरह के टिप्स रिटेलरों को दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा कई प्रकार के प्रोडक्ट उपलब्ध कराए गए हैं और यह प्रोडक्ट ऑल ओवर इंडिया में उपलब्ध है और एक भारत एक डीलर के तर्ज पर यह कंपनी काम करती है। कंपनी 2010 से मार्केट में अपने प्रोडक्ट को लेकर चल रही है एवं गुणवत्ता के साथ सारे कार्य को कर रही है। मौके पर स्टेट हेड अविनाश गुप्ता, रीजनल सेल्स मैनेजर सेल्स प्रदीप दास, डिस्ट्रिक्ट सुपर स्टॉकिस्ट मुकेश मोबाइल कोडरमा के प्रोपराइटर मुकेश कुमार, नवादा से स्पेशल गेस्ट के तौर पर सुपर स्टॉकिस्ट नवादा के मनोज गुप्ता आदि जिले के कई रिटेलर शामिल थे।

### बैंक से नौ हजार की अवैध निकासी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा बस्ती कोरियाडीह निवासी दिलीप कुमार वर्मा ने तिलैया थाने में आवेदन देकर अपने बैंक अकाउंट से 9 हजार की अवैध निकासी को लेकर मामला दर्ज कराया है। वहीं आवेदन में वर्मा ने कहा है कि यूको बैंक झुमरीतिलैया शाखा में उनका खाता है, बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे उनके बैंक अकाउंट से 9 हजार 999 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। वहीं इस संबंध में दिलीप कुमार ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## कोडरमा में भजन गजरा के साथ संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सामन्तों काली महिला मंडल का 36 घण्टे का भजनों कार्यक्रम भव्य गजरा के साथ संपन्न हो गया। वहीं काली महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक से बढ़कर एक गजरा अर्पित किया। इस दौरान माता रानी को आज पहनावा गजरों.... की प्रस्तुति कर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा।



वहीं भव्य लाइटिंग से काली मंदिर का गुम्बज एवं आस पास दूधिया रौशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में श्री राम संकीर्तन मंडल, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल, श्री श्याम मित्र मंडल, ओम संकीर्तन मंडल, महिला मंडल तथा बाहर गायकों ने माता दुर्गा, माँ काली, वीर हनुमान, बाबा भोलेशंकर, श्याम बाबा पर आधरित राजस्थानी, भोजपुरी, कालसिकल भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भजन गायक रामगढ से आरती, दीपक सिंह, आराधना सिंह, मुन्ना भदानी, विनोद चैरसिया, राकेश कप्सीमे, गुड्डू मिश्रा, मनोज माथुर, पंकज केशरी, गिरघारी सुमानी, अशोक अग्रवाल मेरठी, राजा चैरसिया, डॉ. बी रानी ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हुई। वहीं उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति का संचार होता है और मां काली शक्ति की देवी है। वहीं उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिस तरह से आधी आबादी महिलाओं ने कार्यक्रम की बीड़ा उठाई है वह अपने आप में सौभाग्य की बात है। वहीं गायकों ने जिस तरह से भक्ति का संचार किया वह भी अपने आप में भक्तों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और सरस्वती का वरदान गायकों में कूट कूट कर भरा हुआ है। वहीं काली महिला मंडल ने सभी भजन मंडलियों गायकों अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर विजय पांडेय, गौतम पांडेय, आसुतोष भदानी, उमेश यादव, मुकेश सिंह, बबलू पांडेय, विशाल कप्सीमे, मिलन चक्रवर्ती, रजनीश झा आदि उपस्थित थे।

## खेल से बच्चों में होता है बौद्धिक व शारीरिक विकास : बिरजू तिवारी

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड अन्तर्गत 10+2 वीके उच्च विद्यालय विद्यालय कान्हाचट्टी के मैदान में गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022- 23 का आयोजन किया गया । जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी मध्य विद्यालयों एवं उच्च विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया ।बालक एवं बालिका वर्ग में जूनियर 6 से 8 कक्षा तक के बच्चे तथा सीनियर वर्ग में 9 से 12 कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में बौद्धिक एवं शारीरिक विकास होता है साथ ही इस तरह के आयोजन से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों को जिला राज्य व देश स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान करता है । मैं नौनिहालों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं । विभिन्न खेलों में 100 , 200 , 400 मीटर की दौड़ ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक रिले रेस एवं फुटबॉल आदि शामिल हैं । मौके पर प्रखंड प्रमुख इंदु देवी,प्रखंड शिक्षा प्रचार प्रसार पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, कान्हाचट्टी कस्तूरबा विद्यालय के प्रबंधक मंजु मैडम व अन्य उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में अनियमितता ग्रामीणों ने रोका निर्माण कार्य

कोडरमा। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से राज्य संपोषित योजना अंतर्गत प्रखंड के इंदरवा पंचायत में कोडरमा-गिरिडीह रोड से नावाडीह भाया गेंदवाडीह तक लगभग एक करोड़ 35 लाख की लागत से 2.7 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए कार्य पर रोक लगा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पथ निर्माण के कार्य में ठेकेदार की ओर से घटिया सामग्री के अलावा पीचिंग के कार्य में काफी कम अलकतरा का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क निर्माण के साथ ही उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार व अभियंता की मिलीभगत के कारण करोड़ों रुपए की इस योजना को जैसे तैसे पूरा किया जा रहा है। जबकि यह सड़क पंचायत के कई गांव को जोड़ते हुए मुख्यालय तक जाने का मुख्य मार्ग है।

## पूर्व विधायक ने डीसी व एसपी को सौंपा ज्ञापन

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अन्तर्गत जुपिटर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज (गैडे फैक्ट्री) होरोडीह में कार्यरत श्रमिकों का मजदूरी बकाया भुगतान को लेकर 07 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे मजदूरों द्वारा जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के समर्थन में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित होकर, मजदूरों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गुरुवार को डीसी व एसपी को एक मांग पत्र सौंपकर श्रमिकों एवं गार्ड आदि कर्मियों का बकाया भुगतान कंपनी से कराने का आग्रह किया। श्री यादव ने कहा है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान किये बिना



इस फैक्ट्री से किसी तरह की सामग्री न ले जाया जाए, फैक्ट्री बंद न हो भविष्य में बेरोजगार युवाओं को यहां रोजगार मिलेगा। इस पर डीसी एसपी ने गंभीरता से बात को संज्ञान में लेते हुए पहल कर बकाया मजदूरी भुगतान करने की बात कही। मौके पर सुरेश यादव, अरमान खान, रविशंकर यादव, अर्चना कुमारी प्रदीप यादव, बलराम राणा, मीना साव, अनील यादव, अजय सिंह, उमाशंकर यादव, विनय सिंह, बाजो यादव, अजित चैधरी, मनीष कुमार, बिन्देश्वरी सिंह, सतीश यादव, अरुण यादव, उमेश सिंह तथा भारी संख्या में मजदूर व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस के नेता जल्द करेंगे जेल यात्रा : सुनील सिंह

**चतरा।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं को लेकर अपने राज्यव्यापी अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा की ओर से जनाक्रोश रैली निकालकर समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया।

जनाक्रोश रैली प्रदर्शन में जिला भर से भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह शामिल हुए। मौके पर सिमरिया विधायक किशुन दास, प्रदेश संगठन मंत्री बिपिन सिंह प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ,पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोक्ताभी मौजूद थे। जनाक्रोश रैली शहर के अंबेडकर चौक के समीप से निकाल मुख्य बाजार भ्रमण करते



समाहरणालय तक गया। धरना प्रदर्शन के दौरान नेता और कार्यकताओं ने हेमन्त सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री का इस्तीफा का माँग किया। इस दौरान सांसद सुनील सिंह ने कहा दस घंटा ईडी के क्या कर रहे थे,कांग्रेस के नेता भारत जोड़ों यात्रा नही कर रहे ये सभी लोग जल्द ही जेल यात्रा करेंगे। झारखंड में बालू गिट्टी और कोयले की लूट मचा हुआ। विधायक किशुन दास ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भष्टार्चार में लिप्त हैं,सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग धंधा चला रही है, और प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है, राज्य में कोई योजना नही है।पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने बोले बेरोजगारी चरम पर है लोग पलायन कर रहे हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं को मुख्यमंत्री ने बंद कर दिया है। संगठन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अराजकता वयाप्त है। भ्रष्टाचार के नये कारनामें से झारखण्ड में विकास ठप है। जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति की आवाज को उठाने के लिए महिलाओं के साथ दुराचार बढ़ती जा रही है इन मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बालमुकुद सहाय ने कहा कि जनता की उत्साह देख कर लग रहा कि झारखंड सरकार घोटाले की पुल टिकी हुई इनके सारे वादे फेल है ,बेरोजगार को झूठ बोल कर स्थापित हुई जल्द धाराशाई हो जाएगी।

## एक नजर में

### इटखोरी में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



इटखोरी। शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के द्वारा गुरुवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित तीर्थंकर शीतलनाथ की जन्मभूमि पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष छितरमल पाटनी, महामंत्री सुरेश झांझरी विशेष रूप से उपस्थित हुए। शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने स्थानीय विधायक तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष के हाथों करीब ढाई सौ कंबल का वितरण करवाया। कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ने कहा कि जैन समाज सदैव मानव सेवा के प्रति तत्पर रहता है। उन्होंने ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का स्वागत किया। विधायक ने शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के दिवंगत क्षेत्र मंत्री सुनील कुमार जैन की याद में मंदिर परिसर में विधायक कोष से डीप बोरिंग करवाने की घोषणा की। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करना एक नेक काम है। उन्होंने दिवंगत सुनील कुमार जैन को याद करते हुए शीतलनाथ कमेटी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पूर्व प्रमुख ऋषिबाला ने तीर्थंकर की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का आग्रह कमेटी से किया। इस मौके पर मां भद्रकाली मंदिर के पुजारी नागेश्वर तिवारी, रसिक शिरोमणि, रतन शर्मा, योगेंद्र सिंह, राजेंद्र राम, निरंजन सिंह, शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मंत्री जानी जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन, कमल जैन, स्वाति जैन आदि उपस्थित थे।

### टंडवा में 31 टन अवैध कोयला जब्त



**टाड़वा(चतरा)।** कोयलांचल क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार कर रहे कोल कारोबारियों के प्रति टंडवा पुलिस ने चलाया डंडा, देवलगड्डा जंगल से लगभग 31 टन अवैध कोयला किया जब। जिससे कोल कारोबारियों में मचा हड़कंप। जानकारी के अनुसार टंडवा पुलिस के लगातार छापेमारी अभियान के दौरान पिछले कई जंगलों से अवैध कोयला की जब्त किया जा रहा था, जिसकी सिलसिला जारी रखते हुवे बुधवार शाम देवलगड्डा जंगल से लगभग 31 टन कोयला जब्त कर अज्ञात कोल माफियाओं के प्रति कांड संख्या 286/22 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वही प्रभार थाना प्रभारी भोला दास ने बताया कि अवैध कोयला कारोबारियों को चिन्हित किया जा रहा है, जिसे बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### कस्तूरबा विद्यालय की 17वीं वर्षगांठ मनी



**कुंदा (चतरा)।** गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुंदा 17 वा वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया। 17 वर्षगांठ उत्सव को लेकर सभी दल के जनप्रतिनिधि मुखिया एवं अभिभावक अतिथि के रूप में शामिल हुए।। वर्षगांठ मनाने के पूर्व कस्तूरबा गांधी के प्रतिमाओं पर पुष्प व कैंडल दिखाकर चरण स्पर्श किया ।साथी वर्षगांठ के दौरान छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया। और छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या के बारे में विस्तृत रूप से अभिभावकों बताया साथ ही इसकी रोकथाम को लेकर नाटक के माध्यम से जागरूक किया।। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य पृथ्वीगंज बोधाडीह पंचायत मुखिया अनीता देवी समाजसेवी जगमोहन महतो नगीना सिंह भोक्ता वार्डन इंदु भारती शिक्षिका नूतन मरियम कच्छप शिक्षक पवन कुमार सुरेंद्र यादव पूर्व मुखिया ज्ञानती देवी समेत सैकड़ों अभिभावक शामिल थे।

### सीएसआर मद से 30 अभ्यर्थी होंगे नियोजित

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली-चन्द्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के विस्थापित-प्रभावित 60 लड़कियों का रोजगार सृजन हेतु निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण देकर नियोजन कराने का निर्णय प्रबंधन की ओर से लिया गया है। जानकारी देते हुए महाप्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि मैट्रिक पास 30 लड़कियों को सीसीएल क्षेत्र में हीं जेनरल ड्यूटि असिस्टेंट (नर्स ) के लिए रांची में प्रशिक्षित किया जाएगा। जहां आवासीय प्रशिक्षण की अवधि 62 दिनों की होगी एवं रहने -खाने का पूरा प्रबंध सीसीएल द्वारा सीएसआर मद से किया जाएगा। इसके साथ हीं इनमें से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 लोग स्थानीय क्षेत्र में हीं नियोजित किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों से उन्होंने आम्रपाली परियोजना कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध आवेदन फॉर्म यथाशीघ्र भरने की अपील किया है।

### विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला आयोजित



**चतरा।** जिले के सिमरिया हजारीबाग रोड स्थित श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का किया गया आयोजन। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त के आगमन पर स्कूल प्रबंधक प्रवीण प्रकाश सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिसके पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का विज्ञान के प्रति रुझान और इस क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने विद्यालयों के बच्चों द्वारा बनाये गये प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगे और बेहतर करने की बात कही।उक्त कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अंचल अधिकारी सिमरिया छुटेश्वर कुमार दास, सिमरिया जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, पत्थलगडा जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी समेत विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### हेमंत सरकार से राज्य को भला नहीं : अन्नपूर्णा

**इटखोरी।** झारखंड में जब तक हेमंत सोरेन की सरकार रहेगी तब तक इस राज्य का भला होने वाला नहीं है। राज्य की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। चारों ओर लूट खसोट का बोलबाला है। लेकिन अब इस सरकार को चैन से रहने नहीं दिया जाएगा। हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ आंदोलन भाजपा ने इसी उद्देश्य से शुरू किया है।

यह बात गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इटखोरी में कहीं। केंद्रीय राज्य मंत्री यहां के ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने आई थी। पूजा अर्चना के पश्चात मीडिया के साथ वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर झारखंड की हेमंत सरकार को परेशान करने का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। दरअसल हेमंत सरकार ने राज्य में लूट खसोट मचा रखी है। ऐसे में जांच एजेंसियों का सक्रिय होना लाजमी है। सूबे की हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दो ढाई वर्ष तक भाजपा ने राज्य सरकार के विरुद्ध कोई भी बड़ा आंदोलन नहीं चलाया। ताकि भाजपा पर राज्य सरकार को परेशान करने का आरोप नहीं लगे। लेकिन राज्य का मुख्य विपक्षी दल होने के नाते भाजपा का यह कर्तव्य है कि सत्ता में बैठी हुई हेमंत सरकार को अनैतिक कार्यों से रोके।

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने निकाली जन आक्रोश रैली

## महागठबंधन सरकार के कामकाज से राज्य की जनता में है गुस्सा व नाराजगी: आदित्य साहू

- राज्य में चारों ओर भ्रष्टाचार लूटमार व दरिंदगी का है आलम: सुदर्शन भगत
- भाजपाईयों ने लातेहार में किया शक्ति प्रदर्शन, महागठबंधन सरकार को उखाड़ फेकने का भरा दंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रदेश कमिटि के आह्वान पर गुरूवार को भाजपा लातेहार जिला कमिटि के द्वारा राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जनआक्रोश रैली निकाली गयी। रैली की शुरूआत मंगल बाजारटांड़ से हुयी जो शहर भ्रमण करते समाहरणालय गेट तक पहुंची। जहां सभी भाजपाई समाहरणालय मुख्य द्वार के समक्ष बैठकर विरोध प्रदर्शन किया व झारखंड सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। जन आक्रोश मार्च की अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष सह मनिका के पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू व लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, प्रदेश नेत्री नीलम देवी व पूर्व विधायक प्रकाश राम कर रहे थे। मार्च को संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल के दौरान पूरे प्रदेश में लूट मची है। भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता पर अफसरशाही हावी है, स्थानीय नीति के नाम पर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है।

### महागठबंधन सरकार के कामकाज से राज्य की जनता में है गुस्सा व नाराजगी: आदित्या साहू



वहीं राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा हेमंत सरकार के खिलाफ आज एकजुट होकर सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन कर रही है जिसमें आम जनता का भरपुर सहयोग मिल रहा है। इससे प्रतित होता है कि झारखंड की जनता महागठबंधन की सरकार से कितने नाराज और गुस्से में है। मैं कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र लोक लाज से चलता है। लेकिन महागठबंधन की सरकार को लोकलाज है ही नहीं, तो राज्य कैसे चलाएंगे। आप लोगों ने चुनाव के समय देखा होगा कि किस प्रकार से बड़े-बड़े वादा किया गया था, किसानों को किस प्रकार से ठगा गया है धोखा दिया गया है, वहीं युवाओं को रोजगार भत्ता देने के नाम पर ठगा गया है। आज हेमंत सरकार के 3 साल पूर्ण हो गए हैं लेकिन धरातल पर एक भी योजना एक भी वादा नहीं उतारा गया है। विकास से सारे काम ठप पड़े हुए हैं। बिजली के अभाव में किसान के खेती बर्बाद हो रहा है, जब पूर्व में बीजेपी की सरकार थी तो बिजली 20 से 22 घंटे मिलती थी, लेकिन आज उसके विपरीत 10-12 घंटे भी बिजली मिल जाये तो गलीमत कहा जायेगा। हेमंत सरकार ने कहा था कि बीए पास युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। लेकिन आज तक किसी को भी रोजगार भत्ता नहीं मिला गठबंधन की सरकार युवाओं को ठगने का काम किया है।

**राज्य में चारों ओर भ्रष्टाचार लूटमार दरिंदगी का है आलम: सुदर्शन भगत**

लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि राज्य की जो हालात है किसी से छुपी नहीं है। यह सरकार चुनाव से पहले लोकलुभावन नारे दिए एवं जो वादा किया था, उसे पूर्ण नहीं किया। यह महागठबंधन की सरकार पूरे 3 साल में पूरी तरह से विफल रही है। आज राज्य में चारों ओर भ्रष्टाचार लूटमार दरिंदगी के दलदल में फंसी हुई है। आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जिला नहीं गांव हो या शहर आए दिन हत्याएं बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही है इसी का परिणाम है कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में विफल है।



जनाक्रोश मार्च में शामिल भाजपाई।



मार्च को संबोधित करते रास सांसद आदित्य प्रसाद साहू।

### सरकार के संरक्षण में हो रही लूट : प्रकाश राम

मौके पर मौजूद लोगो को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि महागठबंधन सरकार के तीन वर्षो के भ्रष्ट व्यवसथा से राज्य की जनता उब गयी है। सरकार के संरक्षण में राज्य में किमती खनिज संपदा को लुटा जा रहा है। अपनी नाकामियों व भ्रष्टाचार को दबाने के लिए सरकार विपक्ष पर अर्नगल आरोप गढ़ रही है। राज्य की जनता सब देख रही है और इसका जवाब भी आगामी चुनाव में देगी।

### जनाक्रोश मार्च में ये भाजपाई रहे शामिल

मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी, नगर अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंशी यादव, पवन गुप्ता, राजधानी यादव, अमित लाल, नरेश पाठक, कल्याणी पांडेय, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, राकेश दुबे, उषा देवी, ज्योति सिन्हा, जिला मंत्री संतोष यादव, ध्रुव पांडे, रेनू देवी, अमित कुमार गुप्ता, चेतलाल रामदास, कुलामन साहू, ब्रज मोहन राम, जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, लव दुबे, संजय गुप्ता, गणेश प्रसाद, अशोक सिंह, सरोज देवी, एस्ट्रेला नागेशिया, प्रियंका कुमारी, रमेश राम, मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, लातेहार प्रमुख परशुराम लोहरा, दिशा के सदस्य रामदेव सिंह, रानी देवी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, मंगल उराव, महताब आलम, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, मोर्चा के महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, अश्वनी सिंह, संदीप उरांव, सूरज शाह, अर्पणा देवी, पिंटू रजक, अमरजीत सिंह, प्रभाकर मिश्रा, शिव नारायण साहू, देवनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, श्याम लाल, गोस्वामी कन्हाई, साहू शंभू प्रसाद, प्रमोद कुमार अजीत कुमार, अमित कुमार, आशुतोष सिंह चेरो लक्ष्मण कुशवाहा, मनीष जायसवाल, लव सिंह, मुंद्रिका सिंह, कृष्णा राम, नितिन कुमार, रिकी वर्मा, बबलू सोनी समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### स्क्रैप लदा 2 ऑटो पकड़ा, जांच जारी

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला चकला प्लांट के समीप से स्क्रैप लदी 2 ऑटो को पकड़ने में सफलता पायी है। हालांकि इस दौरान स्क्रैप लेकर जा रहे लोग पुलिस को दूर से ही आता देख भागने में सफल रहे। जिसके बाद पुलिस पकड़े गए दोनो ऑटो को जब्त कर थाना ले आयी है व जांच पड़ताल तेज कर दिया गया। संदेह जताया जा रहा है कि उक्त स्क्रैप को चकला प्लांट से चोरी के ले जाया जा रहा था। बता दें कि चकला प्लांट में स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग का काम शुरू होने के बाद से ही प्लांट से स्क्रैप की चोरी धड़ल्ले से जारी है। पुलिस के द्वारा कई मर्तबा स्क्रैप व वाहन को पकड़ा गया है लेकिन चोरी थमने का नाम नही ले रही है।

### अपराधियों ने महिला को मारी गोली रिम्स रेफर, जांच में जुटी पुलिस



**छिपादोहर।** बुधवार देर शाम छिपादोहर में अज्ञात अपराधी ने एक ग्रामीण महिला को गोली मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताते चलें कि भुक्तभोगी महिला बसंती देवी, पति अशोक ठाकुर घर के पास टहल रही थी। अचानक अज्ञात अपराधी ने उनके पीछे से गोली मार दी। गोली उनके पीठ में लगी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद महिला को इलाज के लिए डाल्टेनगंज सदर अस्पताल भेजा। इलाज के बाद भुक्तभोगी की गंभीर स्तिथि को देखते हुए उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना की पुष्टि छिपादोहर थाना प्रभारी ने की। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल अज्ञात अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस सभी पहलू से छानबीन एवं जांच करेगी। इस घटना में शामिल अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### नीलम देवी ने दर्जनों असहायों के बीच किया कंबल का वितरण



कंबल वितरण करते नीलम देवी व इंद्रजीत शाह।

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी व सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत शाह बंटी ने गुरुवार को पंचायत के गेरुआगढ़ा व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले दर्जनों गरीब, असहाय व वृद्धों के बीच कम्बल का वितरण किया। इधर पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर वृद्ध व असहाय जन काफी खुश नजर आए। पंसस नीलम देवी व इंद्रजीत शाह बंटी ने कहा कि कहा कि अगले कुछ दिनों से काफी तेजी से ठंड बढ़ रही है। ठंड का प्रकोप प्रति दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में गरीब पंचायतवासियों को ठंड से बचे रहने के लिए कंबल, शॉल व अलाव की काफी जरूरत है। सरकार के साथ साथ समर्थ लोगो को आगे आकर असहायों की सेवा करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने चंदवा के इंदिरा चौक, सुभाष चौक, टोरी स्टेशन, खेल स्टेडियम समेत शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव का प्रबंध करने की मांग प्रशासन से की है। कंबल वितरण के मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

## सीसीएल के क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# अवैध कोयला खनन सख्ती से रोकें

- आयुक्त ने 3 साल से अधिक समय तक एक ही परियोजना में जमे अधिकारियों का स्थानांतरण का दिया निदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले में अवस्थित सीसीएल के कोयला खनन क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को लेकर पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी नेगुरुवार को आयुक्त कार्यालय में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सीसीएल के कोयला खनन क्षेत्र के खनन पट्टा क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को गंभीरता से लिया। उन्होंने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को सख्ती से रोकने एवं इन अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्ति, वाहन एवं वाहन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन किसी

**रूट बदलकर जाने वाले वाहनों का होगा लाइसेंस कैंसिल**



पलामू आयुक्त बैठक करते हुए।

कीमत पर नहीं होने देने एवं इससे बचाव के तरीके अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अवैध रूप से हो रहे खनन एवं परिवहन के लिए मुकम्मल इंतजाम करें, ताकि चोरी के कारोबार को रोका जा सके। उन्होंने इसके लिए खनन पट्टा क्षेत्र में सीसीटीवी का अधिष्ठापन एवं उसके फुटेज का नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। साथ ही खनन पट्टा में वाहनों के प्रवेश एवं उसके निकास द्वार पर भी सीसीटीवी लगाते हुए नजर रखने तथा इसमें तकनीक का सहारा लेते हुए बूम बैरियर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया, ताकि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के कारोबार को सक्रियता से रोका जा सके।? उन्होंने कहा कि खनन पदाधिकारी एवं संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवैध खनन एवं परिवहन के कार्यों को सख्ती से रोकना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने 3 साल से अधिक समय तक एक ही परियोजना में जमे अधिकारियों का स्थानांतरण का भी निदेश दिया। उन्होंने कहा कि खनन पदाधिकारी द्वारा मांगे गए रिपोर्ट को सक्रियता से देना सुनिश्चित करें। उन्होंने लिंकेज वाले कोयला खनन को रोकने एवं बिडिंग वाले को सही से बिक्री का निदेश दिया। आयुक्त ने परिवहन कार्य में लगे वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने के लिए खनन सचिव को अनुशंसा की बात कही। वैसे वाहन जो अपना रूट बदलकर कोयला का परिवहन करते हैं, ऐसे वाहनों एवं उनके मालिकों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कार्रवाई एवं रूट बदलकर जाने वाले वाहनों का लाइसेंस कैंसिल करने की प्रक्रिया करने का निदेश दिया। बैठक में खनन पदाधिकारी आनंद कुमार बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, गढ़वा डीएमओ एवं मगध कोल परियोजना के जीएम केके सिन्हा, सीसीएल के रजहरा एवं तेतरियाखांड़ एरिया के जीएम बासब चौधरी आदि उपस्थित थे।

### अवैध कोयला लदा हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार



जानकारी देते सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध कोयला लदा हाईवा जप्त किया है। इस संबंध में गुरुवार को बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि एक अवैध कोयला लदा हाईवा जेएच 13 एफ 4600 बुकरु से बालूमाथ की ओर आ रहा है। सूचना के उपरांत बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जहां बालूमाथ-चंदवा मार्ग स्तिथ ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उक्त अवैध कोयला लदा हाईवा पकड़ा गया। साथ ही चालक को भी मौके पर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए हाईवा चालक से जब कागजात जांच की मांग की गई। तो उसने बुकरु साइडिंग का वैध पेपर दिखाया। लेकिन रूट में नहीं होने के कारण हाईवा को जप्त कर लिया गया। मौके पर से हाईवा चालक सलमान खान उम्र 32 वर्ष, पिता गियास खान ग्राम केवला, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। जब हाईवा में करीब 21 टन कोयला लदा है। वहीं इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या222/22 धारा 379, 411, 414, 34भादवी 21 एमएमडीआर एक्ट 30( !!) कोल माइंस &13 झारखंड मिनरल रूल्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को लातेहार जेल भेज दिया गया।

### अंकुर कला जत्था की टीम ने गीत संगीत व नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया बस पड़ाव के नजदीक मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था, विधवा, एकल जीवन (महिला) पेंशन योजना के तहत बीडीओ दीपाली भगत के नेतृत्व मे अंकुर कला जत्था के टीम ने गीत संगीत व नुकड़ नाटक कर ग्रामीणों को जागरूक किया। अंकुर कला जत्था टीम चंदवा के टीम संचालक अरविन्द कुमार, सूरज लोहरा, पिंटू उरांव बौना, नरेश लोहरा, पूजा कुमारी, सिवानी कुमारी, रूपा कुमारी, संतोषी कुमारी सहित अन्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से बताया की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन 60 बर्ष के आयु पूर्ण होने पर अपना आधार कार्ड की छाया प्रति, बैंक पासबुक की छाया प्रति सम्बंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया को पेंशन स्वीकृति के लिए आवेदन के साथ संलग्न कर दे। वहीं महिला एकल पेंशन के सम्बंध मे बताया की यदि किसी महिला को 45 वर्ष तक विवाह किसी कारण वश नहीं हो पाया हो या विवाह होने के पश्चात एकांकी जीवन यापन कर रही हो, वैसे परिस्थिति मे महिला एकल पेंशन का भी लाभ लेने का प्रावधान है। विधवा महिला अपने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, बैंक पासबुक तीनो का छायाप्रति के साथ फॉर्म भरकर अपने क्षेत्र की मुखिया को दें।

## जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण, समस्याओं से हुई रू-ब-रू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित चिकित्सकों के साथ बैठक कर अस्पताल से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह जानकारी दी गई की अस्पताल में एक्सरे, बीपी, शुगर, पेशाब जांच की सुविधा उपलब्ध है। जबकि थायराइड और अल्ट्रासाउंड जांच यहां पर नहीं किया जाता है। वहीं सात डॉक्टरों के पद के जगह मात्र तीन डॉक्टर पदस्थापित है। जबकि बारियातू, हेरहंज और बालूमाथ तीनों प्रखंड का भार इसी स्वास्थ्य केंद्र पर है। वैकल्पिक बिजली के लिए अस्पताल में सोलर प्लेट, इनवर्टर और जनरेटर की सुविधा उपलब्ध है। ऑक्सीजन की भी सुविधा अस्पताल में उपलब्ध है। वहीं 108 का एंबुलेंस मिलाकर दो एंबुलेंस अभी वर्तमान समय में उपलब्ध है। जबकि एक छोटा एंबुलेंस खराब है जिसे अविलंब ठीक



कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि बालूमाथ अस्पताल में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति जल्द ही की जाएगी। इसको लेकर कई बार सिविल सर्जन के साथ बैठक हुई है। साथ ही अल्ट्रासाउंड जांच एवं थायराइड जांच हेतु व्यवस्था भी कराई जाएगी। वहीं जिला परिषद के फंड अस्पताल के सामने सामुदायिक शौचालय, पेयजल एवं खाली पड़े जमीन पर पार्क की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष के द्वारा अस्पताल में भर्ती रोगियों से हाल-चाल लिया गया और एक टमटम टोला की गंभीर अवस्था में भर्ती रोगी को रेफर करते हुए रिम्स भेजने में मदद की गई।

### नक्सली हमला में माओवादियों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंदवा।** पतरातू से सोननगर तक तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी टीटीपीआईएल कंपनी के चंदवा स्थित डगडगी पुल ब्रिज संख्या 88 साइट पर नक्सली हमला के मामले चंदवा थाना में कांड संख्या 135/22 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि दर्ज प्राथिमिकी में भाकपा माओवादी संगठन का उल्लेख करते हुए 10-15 नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस के द्वारा अनुसंधान तेज कर दिया गया है। अनुसंधान में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुरूप जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। इधर माओवादी के घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी कन्स्ट्रक्शन साइट पर कामकाज ठप है। गुरुवार को भी साइट पर मातमी सन्नाटा देखने को मिला। घटना के बाद सभी कर्मी कार्यस्थल पर जाने से गुरेज करते देखे जा रहे हैं। इस घटना के बाद महत्वकांक्षी तीसरी लाइन परियोजना के गति धीमा हो गया है। कार्य को सुचारू व तेज कराना कम्पनी व प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## एक नजर में

### जिला खेल स्टेडियम में खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



मंच पर पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के साथ खेलो झारखंड के तहत विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, विनोद उरांव, प्रमुख परशुराम लोहरा, बिससूत्री अध्यक्ष ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बीडीओ मेघनाथ उरांव ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में जोड़कर देखा जाना चाहिए। बच्चे खेल को शैक्षणिक सत्र का हिस्सा बनाकर चलें ताकि खेल में करियर बन सके। किसी के साथ बच्चों का हौसला बढ़ाया। जबकि अध्यक्ष पूनम देवी ने बच्चों का उत्साह बढ़ते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार का खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, हाई जंप, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल हॉकी, डि थ्रो, गोला थ्रो, कुश्ती आदि शामिल है।

### टीएसपीसी नक्सली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गिरफ्तार उग्रवादी को कोर्ट में पेश करने की मांग की

**मनिका।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के प्लाटून कमांडर अकाश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 15 नवंबर दिन मंगलवार को झारखंड पुलिस के द्वारा ग्राम पुनदाग थाना रमकंडा से गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र को 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश करने का मांग किया है। गिरफ्तार नक्सली को कोर्ट में पेश नहीं करने पर लातेहार,पलामू,गढ़वा व चतरा बंद करने की आवाहन किया है। पर्चा में लिखा है कि उपेंद्र घर भदई बथान (मनिका) निवासी को ग्राम पुनदाग थाना रमकंडा से झारखंड पुलिस के द्वारा 15 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। जिसे 6 दिन बीत जाने के बाद भी कोर्ट में नहीं सौंपा गया है। आगे लिखा है कि पुलिस द्वारा शारीरिक शोषण,दुर्व्यवहार कर प्रताड़ित किया जा रहा है। गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र को कानून के नियम अनुसार 24 घंटे के अंदर जेल भेज दिया जाता है। लेकिन पुलिस के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। पर्चा में लिखा गया है कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र को 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश नहीं करने पर लातेहार,पलामू,गढ़वा व चतरा बंद की आवाहन किया जाएगा।

### 17वां तरही मुशायरा का आयोजन



**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित मस्जिदे गौशिया में पहली बार 17वां तरही मुशायरा का आयोजन मुफ्ती शब्बीर कादरी शहर औरंगाबाद के सरपरस्ती व डॉक्टर अमीन रहबर के सदारत में में किया गया। मुशायरे की शुरूआत कुरान शरीफ की तिलावत के साथ शुरू किया गया। मुशायरे में मिशरा तरह था, है जारी फैजान आपका फैजानी आली। इसी मिशरा तरह के अंदर सभी ने अपनी अपनी बातें रखीं। अमीन रब्बर साहब ने कहा जिन्हें गौसुलवारा कहते हैं सारे, विलायत के हैं ओ सुल्ताने आली। हाफिज बरकतुल्लाह साहब ने कहा अरब हो या अजम हर शम्त हर दम, है जारी आपका फैजाने आली। शोहरत औरंगाबादी ने कहा बनी जिनके लिए मखलूके बारी,जो पाए रब से इज्जे हम कलामी। शब्बीर शहर कादरी साहब ने कहा, थी मेरी जुस्तजू में खुद बुलंदी, जिसे अल्लाह ने मुझको अता की। वहीं मुनव्वर सईद साहब ने कहा,ईसी दहलीज का बन कर शवाली शनद,मौकबूलियत की हमनें पा ली। समेत मुशायरे में अन्य अशआर भी पढ़े गए। जिसके बाद फातिहा खानी की गई और महफिले मुशायरा को समापन हुआ। मौके पर मौलाना गुलाम सरवर चतुवेर्दी, मोहम्मद शहजाद आलम, प्रोफेसर खुर्शीद आलम, जरीफुल्लाह अंसारी, फिरोज अंसारी, समेत मस्जिद के तलबा मौजूद थे।

### बिना शिलान्यास एवं योजना का बोर्ड लगाये रोड का काम शुरू, जांच में पहुंची जिला परिषद सदस्य

**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपुर गांव से सरनाडीह गांव सीमाना ( बूढ़ा नदी) तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पथ निर्माण का काम योजना का शिलान्यास किये बगैर सुरू कर दिया गया है, वही इसकी जानकारी प्राप्त होते ही बुधवार को महुआडांड़ जिला परिषद सदस्य सह सासंद प्रतिनिधा इस्तेला नगेसिया गांव चटकपुर स्थित पथ निर्माण योजना स्थल पर जांच करने पहुंची। जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कहा कि बिना शिलान्यास के संवेदक द्वारा इस कार्य को शुरू करना गलत बात है, योजना स्थल पर बोर्ड नही लगा है, कितना का योजना है, कहां से कहां तक है, इसकी जानकारी भी नही है, वही निर्माण कार्य भी घटिया किया जा रहा है, इसे लेकर जिला उपायुक्त को आवेदन दिया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## बरवाअड्डा में गिरिडीह के युवक की हत्या, चाचा ससुर हिरासत में

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ में एक युवक की देर रात हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शख्स को देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर डीएसपी अमर पांडेय समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं जवान पहुंचे एवं उसे एसएन एमएमसीएच भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि युवक विजय ठाकुर गिरिडीह के बेंगाबाद का रहने वाला था। 5 माह पूर्व ही उसने भेलाटांड की एक युवती से प्रेम विवाह किया था। दोनों पास के ही एक प्रसिद्ध मॉल में काम करते थे। हालांकि इस प्रेम विवाह से वधू पक्ष के परिवार वाले खुश नहीं थे। शव सरकारी स्कूल के पास रात 8:00 बजे बरामद हुआ। सिर पर किसी भारी चीज से मारा गया था। पुलिस ने मृत युवक के चाचा ससुर को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। डीएसपी ने कहा कि जल्दी ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## कबड्डी टूर्नामेंट नॉक आउट मैच का आयोजन

**चिरकुंडा।** सहोदया स्कूल्स कांप्लेक्स धनबाद द्वारा आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट के नॉक आउट मैच में लड़कियों के मैच का आयोजन अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में किया गया । स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा व अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा के बीच नॉक आउट मैच खेला गया जिसमें स्वामी विवेकानंद की टीम विजेता बनी । मैच का उद्घाटन स्कूल के सचिव नीलय गाडयान ने किया और प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला । विजेता टीम को स्कूल के सचिव ने ट्रॉफी प्रदान किया । मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे ।

## बैंक मोड़ में दी आर्ट ऑफ लिविंग की हैप्पीनेस कार्यशाला

**धनबाद।** दी आर्ट ऑफ लिविंग की तीन दिवसीय हैप्पीनेस वर्कशॉप आज बैंक मोड़ के सिद्धि विनायक निवास में प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का नेतृत्व मिडिया कोऑर्डिनेटर व झारखंड स्टेट चिल्ड्रेन टीन्स कोऑर्डिनेटर मयंक सिंह कर रहे है। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने ज्ध्यान प्राणायाम, योगआसन, ज्ञान के साथ साथ दी आर्ट ऑफ लिविंग की फ्लैगशिप लयात्मिक स्वांस की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सीखा। पहले दिन का अनुभव में दीप्ति सिंह, जो एक कॉलेज की विद्यार्थी है, उनका मन शांत और साकर्तमक ऊर्जा का अनुभव किया, वही सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाले सुजीत मजुमदार को ध्यान और प्राणायाम का सही तरीका जाना वही अंकित तिवारी को एकाग्रता ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण लगा। कार्यशाला में पिंटू सिंह, सोनी कुमारी, मीना सिंह इत्यादि का योगदान रहा।

## जिप सदस्य ने बांटे 100 कंबल

**बेरमो/उपरघाट।** नावाडीह उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू ने अपने जिला परिषद क्षेत्र के बुजुर्ग महिला एंव पुरुषों के बीच ठंड को देखते हुए 100 पीस कंबल का वितरण किये मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सह आजसू केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो दिनेश कुमार महतो गुनाराम हँसद मंझली देवी बड़की देवी छोटकी देवी सलेश बाबू आदि कई लोग उपस्थित थे।

## निजी मद से पाइप लगा कर शारदा कॉलोनी में उपलब्ध कराया पानी

**बेरमो।** जलापूर्ति पाइप फटने और लीकेज होने से फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 स्थित शारदा कॉलोनी चीफ हाउस पिछले एक महीना से जलापूर्ति बाधित थी। गुरुवार को समाजसेवी ललन मल्लाह ने निजी मद से खराब पड़े पाइप को बदलकर जलापूर्ति शुरू कराया। कहा कि पानी का पाइप सडने और लिकेज रहने कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा था। स्थानीय लोगों ने इस नेक कार्य के लिए समाजसेवी ललन मल्लाह को धन्यवाद दिया।

# तेतुलमारी में धड़ल्ले से जारी है कोयले का काला कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता



**तेतुलमारी।** एक ओर जंहा धनबाद पुलिस कप्तान संजीव कुमार पुलिस लाइन में अपराध नियंत्रण पर समीक्षात्मक बैठक कर सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश के साथ जरूरी हिदायत दी गई कि थाना प्रभारियों को अपराध पर नियंत्रण के साथ आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए कि कोयला चोरी की रोकथाम को लेकर सीआईएसएफ और पुलिस मिलकर काम करेगी। उन्होंने, निरसा के कपासारा में हुए भूधंसान जैसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर विचार पर चर्चा के साथ सुझाव दिए। वहीं दूसरी ओर बाघमारा अनुमंडल में तेतुलमारी थाना क्षेत्र में बुधवार रात को ही ओमनी वैन से अवैध कोयला ढोया जा रहा है सैकड़ों लोग बीएस आउटसोर्सिंग ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में घुसकर कोयला चोरी कर रहे हैं। एक तरफ धनबाद पुलिस कप्तान के द्वारा समीक्षात्मक बैठक में निरसा कापसारा जैसी भू धंसान की घटना को रोकने पर चर्चा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर तेतुलमारी थाना क्षेत्र के बी एस आउटसोर्सिंग में दिनदहाड़े कोयले की लूट मची हुई है जिसे रात के अंधेरे में ओमनी तथा अन्य वाहनों से ढोया जा रहा है और यह सारा खेल चल रहा है आउटसोर्सिंग प्रबंधक एवं स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ की मिलीभगत से। इससे पहले भी बीएस आउटसोर्सिंग में अवैध चल रखने से कई लोग घायल हो चुके हैं भारी सावल मशीन के बीच में घुसकर लोग कोयला निकाल रहे हैं लेकिन स्थानीय पुलिस और आउटसोर्सिंग प्रबंधक सीआईएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधक के आंखों पर पट्टी बंधी हुई है। बताते चलें कि इससे पहले भी 12 सितंबर को तेतुलमारी के एक युवक ने कोयला चोरी का वीडियो वायरल कर लोगों से अपनी जान की गुहार लगाई थी। यह वीडियो वायरल होने के बाद उपरोक्त युवक के ऊपर तेतुलमारी थाना में किसी मामले को लेकर केस दर्ज कर दी गई है फिलहाल व युवक अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर कहीं चला गया है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि इस खबर के बाद क्या धनबाद के वरिया पुलिस पदाधिकारी कोयले के काले कारोबार पर अंकुश लगाएंगे या फिर यूं ही तेतुलमारी थाना प्रभारी कोयले के काले कारोबार को बढ़ावा देते रहेंगे।

## एसीबी की कार्रवाई के बाद लोयाबाद थाना का गेट दिन में रहता है बंद

लोयाबाद। लोयाबाद थाना के मुख्य गेट 24 घण्टे बन्द रखा जा रहा है। एसीबी की कार्रवाई के बाद थाना का गेट दिन में भी बंद है। तीन दिन पहले 21 नवम्बर की शाम एसीबी की टीम ने एसआई दशरथ प्रसाद साहू की 10 हजार रुपये घुस लेते हुए,थाना से ही गिरफ्तार किया था,एसीबी का भय अब भी पुलिस पदाधिकारियों में बना हुआ है।गेट बंद होने की चर्चा हो रही है।थाना प्रभारी विकास यादव ने पहले कहा कि सिर्फ रात 11 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक बन्द रखा जाता है। दिन में कभी बन्द नही रहता है। हालांकि थोड़ी देर बाद दोबारा कहा कि एक पशु परेशान कर रहा था,इसलिए गेट दिन में बंद किया गया था,ज्ञात्त हो कि पाँच महीने के भीतर लोयाबाद के दो दारोगा को एसीबी ने घुस लेते पकड़ा है।एसीबी की इस कार्रवाई के बाद लोयाबाद पुलिस की छवि धूमिल हुई है।

## बिरसा नगर के युवक ने झारखंड कल्चरल फैशन वीक में जीता खिताब

**बेरमो।** रांची में आयोजित झारखंड कल्चरल फैशन वीक 2022 अंतर्गत राज्य स्तर की प्रतियोगिता में फुसरो नगर अंतर्गत सुभाषनगर के बिरसा नगर कॉलोनी निवासी रितेश प्रजापति ने जलवा बिखेरते हुए झारखंड कल्चरल शो का खिताब जीता। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से 80 प्रतिभागियों ने शामिल होकर एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। रितेश ने बताया कि झारखंड कल्चरल फैशन वीक 2022 में खास बात यह रही है कि इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के सरहुलए टूसू और छऊ जैसी बड़ी प्रसिद्ध त्यौहार एवं विभिन्न कला.संस्कृतियों खूबसूरती दशार्या गया। साथ ही हमारे झारखंड का अतीत में कैसा था और भविष्य में कैसा होगा इसका मॉडल भी शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में कई उभरते डिजाइनर्स ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को 3 वर्ग में बांटा गया था। विदित हो कि इससे पूर्व रितेश मिस्टर झारखंड फेम स्टाइल फार्म का खिताब जीत चुके हैं। वे बताते हैं कि उनका लक्ष्य मिस्टर इंडिया बनना है। इसके लिए वे मॉडल के क्षेत्र में बड़े कंपटीशन में बतौर प्रतिभागी के रूप में हिस्सा होंगे। रितेश वर्तमान में काम करने के साथ साथ पढ़ाई भी कर रहे हैं। वह झारखंड में रोल मॉडल बन कर यहां के युवओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरक बनना चाहते हैं। उनके पिता ऑटो चलाते हैं जबकि माता गृहणी है।

## शिवानी झा के केंद्रीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के सिटी सेंटर, 318, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, धनबाद नगर निगम की भावी मेयर प्रत्याशी डॉ शिवानी झा के केंद्रीय चुनावी कार्यालय का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेन्द्र सहाय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एस के दास, डॉ विश्वनाथ चौधरी, जितेंद्र कुमार महासचिव धनबाद बार एसोसिएशन, वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद, डॉ सुनील नायक, डॉ साधना, डॉ रेणु उपाध्याय, डॉ नीतु सहाय, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ धीरज चौधरी, चंदन सिंह, राजू ठाकुर, डब्लू झा,निरज मिश्रा, गीता देवी, डॉ मंजु बाला, श्रीमती उषा चौधरी, धनबाद जिला मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, विद्या झा, अधिवक्ता, भाजमो जिलाध्यक्ष उदय सिंह, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी,शिव शंकर तिवारी अधिवक्ता, अनिल बांसफोड, सुनील शर्मा, सुनील झा, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनु,आमिर खान,उदय तिवारी,विनोद सिंह, अनिल साव, शंकर चौहान,अनुज सिन्हा, गामा साव, प्रमोद झा,संजय हेंब्रम, आसित झुनझुनवाला,विनोद चौहान, डॉ आनंद कुमार, अधिवक्ता मो.ऐनुल हक, डॉ विनय, डॉ प्रतिभा राय, डॉ आशा राय, डॉ मंजु बाला गुप्ता, अजय मिश्रा, राजु सिंह, विकास सिंह, दिवेन्द्र तिवारी,राणा प्रताप चौहान,दीपक झा,गौरव उपाध्याय, गौतम मंडल, मुन्ना सिंह,व अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## पीएम आवास के तीन लाभुकों का गृह प्रवेश

### प्रधानमंत्री आवास पखवाड़ा 30 तक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड प्रशासन की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों खैराचातर निवासी पूर्णिमा देवी पति प्रकाश चन्द दे ए सुधा देवी पति विश्वनाथ दे एवं उदयमारा निवासी दीपाली दे पति विमल दे का गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कराया गया।मौके पर बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारीए खैराचातर मुखिया विजय कुमार जायसवाल ए पंचायत सेवक हरेन्द्र कुमारए स्वयं सेवक विवेक ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। बबीता कुमारी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिले यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों को आवास दिया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए खैराचातर पंचायत सचिव हरेन्द्र कुमार ने बताया कि 15 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रधानमंत्री आवास योजना के गृह प्रवेश का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत सचिव हरेन्द्र कुमार ए खैराचातर के स्वयं सेवक विवेक ठाकुर ए अशोक कालिंदी ए विश्वनाथ दे ए प्रकाश देए विमल दे ए सुधा देवी एपूर्णिमा देवी ए दीपाली देए बालेश्वर मुर्मूए किशोर महतो अन्य लोग मौजूद थे।स

## बगदा में मना सोहराय पर्व

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव में राम तोरे हरि रे राम लखन दोनों भाईए हु टु टुंगरी गइया चरावे गेल रहे रेएलागी गेले मधुरे तरासे की गीत से सोहराय का माहौल की धूम रही। बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ गोहाल पूजा व ;गौरायाद्ध पूजा एवं सोहराय का पर्व ढोल.मांदर तथा नगाड़ों और सोहराय गीतों के साथ मनाया गया। गोहाल पूजा के पूर्व किसानों ने अपने कृषि यंत्र हलए जुवांट ए रकसा ए कुदाल ए गैंता की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है । इसके एक दिन पूर्व गोठ पूजा की गई। वहीं शुक्रवार को बरदखूंटा दर्जनों किसानों ने अपने अपने बैलों को खुंटा में बैलों को बांधकर ढोल.मांदर व नगाड़ों तथा मवेशी की छाल से बैलों को नचाया जाएगा। वहीं दो दिनों से बैलों को जगाने के लिए गांव के युवाओं एवं बुजुर्गो के द्वारा ढोल.मांदर व नगाड़ों को बजाकर सभी के घरों में टीम पहुंचते है। टीम में रामसिंग महतोए खाड़रा घांसी ए गांधी घांसी ए विकास महतो ए खिरोधर घांसी ए लक्ष्मण महतो उर्फ लगनु ए यमुना घांसी ए विन्देशवर महतो समेत कई गांव के लोग शामिल थे।



## इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप में सर्वोदय हाई स्कूल बना विजेता

**बोकारो।** बीएसएल के क्रीड़ा एवं नागरीक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप.22 का फाइनल मैच जीजीपीएसए चास तथा सर्वोदय हाई स्कूल शिवपुरी के बीच खेला गया।टॉस जीतकर जीजीपीएसए चास के खिलाड़ियों ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 136 रन बनाए जबकि सर्वोदय हाई स्कूल शिवपुरी के खिलाड़ियों ने 18०1 ओवर में 3 विकेट गंवाते हुए 137 रन बनाकर मैच को सात विकेट से जीत लिया। मौके पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक ;सामग्री प्रबंधनद्धअमिताभ श्रीवास्तव सहित महाप्रबंधक ;नगर सेवाएंद्ध ए के अविनाशए महाप्रबंधक ;संपर्क एवं प्रशासनद्ध एन ए सैफीए उप महाप्रबंधक ;वित्त एवं लेखाद्ध अनुपम शीए वरीय प्रबंधक ;क्रीड़ा एवं नागरीक सुविधाएंद्ध सुभाष रजकए अम्पायरए स्कोररए दर्शकए विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।मैन ऑफ द मैच का खिताब जीजीपीएस के सूर्यांश सिंह तथा मैन ऑफ द सीरिज का खिताब सर्वोदय हाई स्कूल शिवपुरी के शशि शेखर को मिला।

## वर्ल्ड कराटे फेडरेशन में भारतीय खिलाडियों ने दम दिखाया, प्रणय शर्मा ने रचा इतिहास

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हाल में ही जकार्ता, इंडोनेशिया में 18-20 नवम्बर को सम्पन्न हुई। वर्ल्ड कराटे फेडरेशन सीरीज ए विश्व प्रतियोगिता में कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के धनबाद से जुड़े 22 वर्षीय भारतीय कराटे खिलाड़ी प्रणय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान, इंडोनेसिया,इंग्लंड, ऑस्ट्रेल्या,टर्की और उक्रैन, जैसे देशों के खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक जीत कर अपने देश का नाम रोशन किया। प्रणय शर्मा का स्वर्ण पदक जीतना भारतीय कराटे खेल में इतिहास बन गया क्योंकि आज तक कोई भी भारतीय कराटे खिलाड़ी विश्व स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक तक भी नहीं जीत पाया। देश के विख्यात और वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक भारत शर्मा को अपना आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत मानने वाले उनके सुपुत्र प्रणय शर्मा का स्वर्ण पदक जीतना देश के स्वर्णिम भविष्य की तरफ इशारा कर रहा है। आगामी ऐशीयन गेम्स में देश के लिये पदक जीतना ही प्रणय शर्मा का अगला लक्ष्य है।

### खेल मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत

खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए खेल मंत्रालय को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि खिलाड़ियों में जुनून कायम रहे और इसी तरह देश और दुनिया में भारतवर्ष का नाम रोशन करता रहे उन्हें इनाम की स्वरूप जकार्ता में वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डब्लू के अफ द्वारा 5 लाख रुपयों का प्रोत्साहन राशि भी दिया गया है। केंद्र सरकार को चाहिए कि ऐसे खिलाड़ियों को नौकरी एवं प्रोत्साहन राशि भी देना चाहिए, ताकि दूसरे खिलाड़ी भी इसे प्रोत्साहित हो सके।

# डीसी-एसपी ने धोरोमगढ़ पहाड़ का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** पर्यटन को बढ़ावा देने एवं श्रद्धालुओं की सहूलियत के मद्देनजर लुगू बुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ पहाड़ पर जिला प्रशासन कई योजनाओं को शुरू करने पर काम कर रहा है।इस विषय पर डीसी कुलदीप चौधरीएएसपी चंदन झाए डीडीसी कीर्तीश्री जीएए एसी सादात अनवरएएसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतएएसडीओ बेरमो अनंत कुमारएएसडीपीओ सतीश चंद्र झा समेत जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी आदि ने लुगुबुरू पहाड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो एवं सरना धर्म महासम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्ली सोरेन समेत अन्य उपस्थित थे।मौके पर डीसी . एसपी ने पहाड़ पर क्रियान्वित किए जाने वाली विभिन्न योजनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा . निर्देश दिया।

### पर्यटकों के लिए बढ़ाई जाएगी सुविधाएं

लुगू बुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ पहाड़ पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रॉकवे डेवलपमेंट, वॉक शेड निर्माण, विभिन्न सात घाटों का जीर्णोद्वार, पेयजल आपूर्ति को लेकर वाटर टैंक निर्माण, सोलर लाइट का अधिष्ठापन, डॉक्टर रूम का निर्माणए मंदिर का जीर्णोद्वार, कंट्रोल रूम का निर्माण, गेस्ट रूम का निर्माणए चारदीवारीए व्यू प्वाइंटध्सेल्फी प्वाइंट आदि का निर्माण को लेकर निर्णय लिया गया है।निरीक्षण के बाद डीसी ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने एवं यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिरध्पहाड़ के विभिन्न हिस्सों के विकास के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर तकनीकी टीम को जरूरी निर्देश दिया गया है । मौके पर जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

## नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर राजस्थान में बेचने वाला आरोपी 11 वर्ष बाद गिरफ्तार



**बलियापुर ।** 11 वर्ष पूर्व बलियापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत स्थित पूरनाडीह टोला की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर बेचने की नीयत से राजस्थान ले जाने के मामले में फरार अभियुक्त रमेश जैन (उम्र 36 वर्ष) को बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने राजस्थान के भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया। उसे बलियापुर लाने के बाद धनबाद जेल भेज दिया है टीम में एसआई सोनू कुमार ठाकुर, एएसआई अयोध्या सिंह एवं आरक्षी जितेंद्र तिवारी शामिल थे। बताते चलें कि युवती के माता-पिता की लिखित शिकायत पर बलियापुर थाने में कांड संख्या 30/11 धारा 372, 373/34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बलियापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय लड़की को बरामद कर माता-पिता को सुपुर्द कर दिया था, जबकि आरोपी फरार चल रहा था।

## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम महुदा कॉलेज में संपन्न, बच्चों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



**महुदा ।** महुदा महाविद्यालय प्रबंधन ने रन फॉर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत महुदा कॉलेज मैदान से शुरू हुई और रेलवे मैदान में समाप्त हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुलू महतो और शेखर सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। वहीं कॉलेज छात्रों ने एक साथ दौड़ लगाई। और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सचिव दिपनारायण शर्मा और प्राचार्य श्यामलाल महतो ने विधायक ढुलु महतो को पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस बीच श्री महतो ने कॉलेज प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए बाघमारा विधायक ने कहा कि ये एक अच्छी पहल है। वहीं सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार खेल को महत्व नही दे रही प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं अगर इन प्रतिभाओं को अवसर दिया जाए तो झारखंड प्रदेश का नाम हर खेल में पूरे विश्व मे होगा।

## पेज एक का शेष

### छात्र संसद में ...

छात्रों के संसद में सड़क सुरक्षा अधिनियम को अपनी सभा से पारित किया गया। इस अधिनियम को छात्र सभा द्वारा पारित किये जाने की प्रक्रिया के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया।

**भाग लेनेवाले बच्चे :** रांची से साक्षी प्रिया, खूंटी से पूजा शेखर, सिमडेगा से दिव्या वंसल, लोहरदगा से गीता श्रेया, पूर्वी सिंहभूम से सीमा हेंब्रम, पश्चिमी सिंहभूम से हेमंत कालुंडिया, सरायकेला से विवेक कपूर, हजारीबाग से मुस्कान कुमारी सिन्हा, रामगढ़ से कौशल कुमार, चतरा से आस्था कुमारी आर्या, धनबाद से पीयूष कुमार, कोडरमा से सचिन कुमार, गिरिडीह से रूद्रप्रताप सिंह, दुमका से सुहानी आनंद, देवघर से आकाश कुमार लाल, गोड्डा से स्वाति राज, साहिबगंज से खुशीलाल पंडित, पाकुड़ से काकुली कर्मकार, पलामू से गोविंद कुमार मेहता, गढ़वा से अदिति राज लक्ष्मी, लातेहार से सुधा कुमारी, बोकारो से सोनी कुमारी, गुमला से मरियम खलखो और जामताड़ा से अल्ताफ अंसारी का चयन हुआ था।

### आदिवासी व मूलवासी ...

सीएम ने भी कलाकारों का हौसला बढ़ाया। सीएम ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पवेलियन का परिभ्रमण किया। मेले में भाग लेने वाले झारखंड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने मेले में पलाश, झारक्राफ्ट, खादी, कृषि, पशुपालन विभाग का जैविक कृषि का स्टाल, वन विभाग का स्टाल, ऊर्जा विभाग का जरेडा स्टाल, लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टाल में विशेष रूची दिखायी। मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, उद्योग सचिव वंदना दाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य उपस्थित थे। 27 नवंबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल है। मेले में झारखंड के स्थानीय बुनकरों, ट्राइबल शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शित पारम्परिक आदिवासी जैकेट, शर्ट्स, टॉवल, गमछा, टोपी आदि दर्शकों के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

### गुलाबी ठंड के...

धीरे-धीरे रात ढलती गयी और कविता, हास्य-व्यंग्य की गर्माहट बढ़ती गयी। देर रात 12 बजे के बाद तक शब्दों की महफिल में श्रोता खूब गोते लगाते रहे। ऐसी महफिल झारखंड विधानसभा परिसर में शायद पहली बार जमी थी। सांस्कृतिक संध्या के जवान होते ही प्रेम रस की कवयित्री शिखा दीप्ति ने अपने मोहक शब्दों से श्रोताओं को मुस्कराने को बिवश कर दिया। शिखा दीप्ति की प्रेम रस की खुशबू से रात महकने लगी। इसके बाद हास्य कवि दिनेश बावरा ने श्रोताओं संग हंसी ठिठोली की। दिनेश बावरा की हंसी फुहार में पूरा विस परिसर डूब गया। उन्होंने ज्वलंत मुद्दों को मजेदार अंदाज में कहा कि मेरे सामने मोबाइल मेरे बच्चे को बर्बाद कर रहा है, इसने एक साथ बैठकर बतियाने वाले समाज छीन लिया है, इसने शादी के कार्ड पर हल्दी की सुगंध को छीना है। इसके अलावा कवि शंभू शिखर ने अपने बिहारीपन का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि हम धरतीपुत्र बिहारी हैं। शंभू शिखर ने कहा कि दुनिया का सबसे ईमानदार नेता बिहार के होते हैं। लालू प्रसाद ने जिस जेल का उदघाटन किया, उसी जेल में रहे। उन्होंने यह भी सुनाया- 19 थी तुम, हमने चाहा 20 की तरह, मंडप में तुम पलट गयी नीतीश की तरह। कवि शंभू शिखर के अलावा झारखंडी कवि नीलोत्पल मृणाल ने खूब तालियां बटोरी। इस दौरान स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सभी कवियों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### जामा मस्जिद में ...

साथ ही उन्होंने यहां आने वाले लोगों से मस्जिद की पवित्रता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। पहले मस्जिद प्रबंधन ने लड़कियों के मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध के फैसले को लेकर अजीबोगरीब दलील दी थी। जामा मस्जिद प्रबंधन का कहना था कि महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित नहीं है। केवल अकेली महिलाएं की एंट्री पर बैन है, क्योंकि इस धार्मिक स्थल पर लड़िकयां अनुचित हरकतें करती हैं, वीडियो शूट करती हैं। इन सब को रोकने के लिए प्रतिबंध ने ये कदम उठाया है। मस्जिद प्रबंधन का कहना है कि परिवार या विवाहित जोड़ों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। अब जामा मस्जिद के प्रवेश द्वारों से लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के सूचना पट हटा लिये गये हैं। इमाम सैयद अहमद बुखारी ने की इसकी पुष्टि की है। फैसले को लेकर मुस्लिम संगठनों, सामाजिक संगठनों और महिला संगठनों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आयी थी। दिल्ली महिला आयोग ने भी प्रबंधन के फैसले पर नाराजगी जाहिर की थी। इसे तालिबानी फैसला करार दिया था।

